ISSN 0976-0830

Mānaviki

AN INTERDISCIPLINARY JOURNAL OF HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES

Volume 5 • Number 1 & 2 • Varsh Pratipada & Vijaya Dashami, April & October 2014

Editors

Pradeep Kumar Rao & Om Jee Upadhyay

The Journal of
Maharana Pratap P.G. College
Jungle Dhusan, Gorakhpur (U.P.)

Mānaviki
An Interdisciplinary Journal of Humanities & Social Sciences

Editorial Advisory Board

U.P. Singh, Ex Vice-Chancellor, V.B.S. Purvanchal University, Jaunpur

R.P. Mishra, Ex Vice-Chancellor, Allahabad University, Allahabad

Pratap Singh, Ex Chairman, Higher Education Service Commission (HESC), Uttar Pradesh

Adya Prasad Mishra, Ex Vice-Chancellor, Maharshi Mahesh Yogi Vedic University, Jabalpur

Ram Achal Singh, Ex Vice-Chancellor, R.M.L. Awadh University, Faizabad and Ex Chairman, Higher Education Service Commission (HESC), Uttar Pradesh

K.B. Pandey, Ex Vice-Chancellor, Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kanpur and Ex Chairman, Public Service Commission, Uttar Pradesh

Shivajee Singh, Ex Head, Ancient History, Archaeology and Culture, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

D.N. Tripathi, Ex Chairman, Indian Council of Historical Research (ICHR), New Delhi.

Narendra Kohli, Renowned author and thinker

Makkhan Lal, Director, Delhi Institute of Heritage Research and Management, New Delhi

Mrinal Shankar Raste, Ex Vice-Chancellor, Symbiosis International University, Pune

Ram Sakal Pandey, Ex Pro Vice-Chancellor, Allahabad University, Allahabad.

S.C. Bose, Ex Head, English, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

V.K. Srivastava, Ex Head, Geography, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

N.K.M. Tripathi, Ex Dean, Faculty of Arts and Ex Head, Psychology, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

Sheo Bahal Singh, Ex Head, Sociology, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

Pratibha Khanna, Ex Head, Education, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

A.K. Srivastava, Ex Head, History, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

R.N. Singh, Ex Head, Defence and Strategic Studies, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

P.S. Chaturvedi, Ex Head, Ancient History, Archaeology and Culture, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

S.S. Verma, Ex Head, Geography, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

Sadanand Prasad Gupta, Professor, Hindi, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

Shri Prakash Mani Tripathi, Ex Head, Political Science, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

S. Yadav, Ex Head, Economics, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

P.C. Shukla, Dean, Commerce, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

Rajawant Rao, Professor, Ancient History, Archaeology and Culture, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

V.K. Srivastava, Ex Head, Sociology, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

Satyendra Kumar Singh, Ex Head, Music and Fine Arts, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

Usha Singh, Music and Fine Arts, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

Mrityunjay Kumar, Editor, Amar Ujala, Meerut

Mānaviki

AN INTERDISCIPLINARY JOURNAL OF HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES

Volume 5 • Number 1 & 2 • 'Varsh Pratipada' & 'Vijaya Dashami, April & October 2014

Editors

Pradeep Kumar Rao & Om Jee Upadhyay

The Journal of

Maharana Pratap P.G. College

Jungle Dhusan, Gorakhpur (U.P.)

This Journal is a *Referral* Volume.

ISSN- 0976-0830

Vol. 5 • No. 1 & 2 • 'Varsh Pratipada' & 'Vijaya Dashami, April & October 2014

Mānavikī, an interdisciplinary ***refereed or peer reviewed*** journal of Humanities and Social Sciences is a biannual (Varsh Pratipada and Vijaya Dashami, i.e. April and October months of a year) and bilingual journal of Maharana Pratap P.G. College Jungle Dhusan, Gorakhpur (UP).

Copyright of the published articles, including abstracts, vests in the Editors. The objective is to ensure full Copyright protection and to disseminate the articles, and the journal, to the widest possible readership. Authors may use the article elsewhere after obtaining prior permission from the editors.

Research Papers related to Humanities and Social Sciences are invited for publication in the journal. Research papers, book reviews, Subscription and other enquiries should be sent to – Maharana Pratap P.G. College Jungle Dhusan, Gorakhpur (UP) - 273001, Mob. : 9794299451, 9452971570. You may also e-mail your contributions and correspondence at *manvikijournal@gmail.com, mpmpg5@gmail.com.*

Guidelines for Contributors given on the inner side of the back cover.

The Editors and the Publisher can not be held responsible for errors and any consequences arising from the use of information contained in this journal. The views and opinions expressed do not necessarily reflect those of the editors and the publisher.

Designed & Printed at : Moti Paper Convertors, Betia Raj House, Betiahata, Gorakhpur

Subscription Rates

	Individual		Institutional	
Annual	Rs. 300	US $ 30	Rs. 500	US $ 50
Five Years	Rs. 1250	US $ 80	Rs. 2000	US $ 125
Life (15 Years)	Rs 2500	US $ 150	Rs. 4000	US $ 200

Mānaviki

An Interdisciplinary Journal of Humanities & Social Sciences

Volume 5 Number 1 & 2 'Varsh Pratipada' & 'Vijaya Dashami, April & October 2014

CONTENTS

Articles **Pages**

1. कौटिलीय अर्थशास्त्र में वर्णित भारतीय दण्ड-व्यवस्था
   महेश कुमार शरण 1
2. बैगा जनजाति में जन्म से संबंधित व्यवहार की अवधारणाओं का समाज - एक भौगोलिक अध्ययन
   लोकेश श्रीवास्तव एवं ऋतु रानी 11
3. कांग्रेस समाजवादी दल और जय प्रकाश नारायण
   सुधाकर लाल श्रीवास्तव 26
4. ऊर्जा संकट एवं इसके संरक्षण के क्षेत्र में परिवार की जानकारी एवं जागरूकता का अध्ययन (गोरखपुर नगर क्षेत्र के संदर्भ में)
   नमितेश गुप्ता एवं उमा जोशी 33
5. भारत-कम्बुज सम्बन्ध में देवभाषा संस्कृत का योगदान
   सोनाली पल्लवी 45
6. स्मृतिशास्त्रोक्त राजपद : एक समीक्षा
   डॉली जैन 49
7. भारतीय वाङ्मय में भाषा साहित्य और संस्कृति
   रेनू यादव 57
8. चुनाव सुधार : वर्तमान परिदृश्य
   अविनाश प्रताप सिंह एवं मिथिलेश कुमार त्रिपाठी 63
9. वेद प्रतिपादित पर्यावरणीय घटक : स्वरूप एवं संरक्षण
   दुर्गेश पाण्डेय 'सांकृत्यायन' एवं सुबोध कुमार मिश्र 67

10. उत्तर आधुनिक विमर्श और समकालीन साहित्य
मुन्ना तिवारी 75

11. जिला सहकारी बैंक लिमिटेड सिद्धार्थनगर 'अ' का विकास
नीरज कुमार सिंह 88

12. बाल श्रम- दशा एवं दिशा
समीर कुमार पाण्डेय 96

13. Hindu Trinity in Laos
Ishwar Sharan Vishwakarma 101

14. Nationalism and Tagore's 'Home and The World'
Yashpal Singh & Shikha Singh 107

15. Inclusive Growth and Equality of Opportunity
Rajesh Pal 113

16. Ploughing Ceremony of Thailand : Indian Origin
Preeti Vishwakarma 128

17. The Growth of Corporate Forms in Ancient India
Babita Kumari 134

18. Centre and Bihar State Relations during Rabari Devi's Rule
Mohd. Anzar Alam 161

19. A Study on the Development of Memory Performance
Pragyesh Kumar Mishra 172

20. Theorising Bhojpuri Literature-some Context
(With special reference to Bhikhari Thakur)
Shafique Ahmed & Sandeep Rai 185

21. The Thai Family Pattern
Moti Lal Ram 199

22. A Study on Non-Verbal Intelligence of Children
Abhay Pratap Singh 207

कौटिलीय अर्थशास्त्र में वर्णित भारतीय दण्ड-व्यवस्था

महेश कुमार शरण*

कौटिल्य का स्थान प्राचीन भारत के राज शास्त्रियों में सबसे ऊँचा है और उसे शासन कला तथा कूटनीति का सबसे महान् प्रतिवादक माना जाता है। वह ऐसा व्यक्ति है जो राजा और राजवंश का न होते हुये भी भारतीय इतिहास के सर्वप्रथम सर्वप्रसिद्ध सम्राट का निर्माता और उसके वंश के साम्राज्य का संस्थापक है। कौटिल्य रचित अर्थशास्त्र राजशास्त्र का सबसे महत्वपूर्ण ग्रंथ है जिसका एकमेव विषय राजनीति है। भारत ही नहीं वरन् विश्व के राजनीतिज्ञ कौटिल्य को पारंगत राजनीतिज्ञ तथा मौर्य सम्राट् चन्द्रगुप्त के प्रख्यात मंत्री के रूप में जानते हैं।

कौटिल्य के अर्थशास्त्र से हम यह जानते हैं कि राजा की दण्डनीति ही अप्राप्त वस्तुओं को प्राप्त कराने वाली, प्राप्त हुये धन की रक्षा कराने में तत्पर और संवर्धित वस्तुओं को समुचित कार्यों में लगाने का निर्देश करती है। इसी पर विश्व की सारी लोक यात्रा निर्भर है, अत: लोक को समुचित मार्ग पर चलाने के लिए राजा को सदा ही दण्ड देने के लिए प्रस्तुत रहना चाहिए। प्राचीन राजनीतिक विचारकों का ऐसा मत है कि सभी प्राणियों को सहज ही वश में करने के लिए दण्ड के अतिरिक्त कोई दूसरा उपाय नहीं है। पर कौटिल्य ऐसा मानते हैं कि कठोर दण्ड देने वाले राजा से सभी प्राणी उद्विग्न हो जाते हैं और नरम दण्ड देने से प्रजा तिरस्कार करने लगा जाती है अस्तु, राजा को सोच समझकर समुचित दण्ड देना चाहिए। जिससे प्रजा धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष को समझते हुए अपने देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका प्रस्तुत करे।

कौटिल्य ने अपने अर्थशास्त्र के पहला, तीसरा, चौथा और पाँचवाँ अधिकरण में दण्ड-व्यवस्था, कानून और न्याय के साथ-साथ दण्ड का भी वर्णन किया है। यद्यपि उसने निरंकुश राजतन्त्र की व्यवस्था की बड़ी प्रशंसा की है, लेकिन वह गजा को विधि के ऊपर नहीं मानता है। विधि के शासन का राजा संचालक होता है। वह स्वयं कानून का पालन करता है और प्रजा से कराता है। कौटिल्य ने धर्म राज्य की कल्पना भी की है। राज्य को धर्म के बाद दूसरा स्थान दिया गया है। उसका उद्देश्य यही था कि राजा धर्म के विपरीत न चले और वह स्वेच्छाचारी शासक न बन पाये।

---

*पूर्व आचार्य एवं अध्यक्ष, स्नातकोत्तर प्राचीन भारतीय एवं एशियाई अध्ययन विभाग, गया कालेज, गया
(मगध विश्वविद्यालय, बोधगया)

जैसा कि हम जानते हैं कि न्याय की अवस्थिति दण्ड पर निर्भर है। अतः अर्थशास्त्र के धर्मस्थ अधिकरण (तीसरा) में कौटिल्य ने दण्ड व्यवस्था पर विस्तार से प्रकाश डाला है। कौटिल्य की दण्ड-व्यवस्था को पढ़कर उसकी तत्वग्राही बुद्धि का परिचय हमें मिलता है। कौटिल्य का मानना है कि मनुष्य जिस सामाजिक वातावरण में रहता है उसमें अपराध का होना निश्चित है। अतः समाज को अपराध से बचाना है और व्यक्ति में पाये जाने वाले अपराधी-प्रवृत्ति को समाप्त कर देना है। कौटिल्य का मत है कि काम, क्रोध, लोभ, मान, मद और हर्ष ये छः शत्रु न जाने कब मनुष्य को उत्तेजित करके उसको अधर्म और दुराचरण की ओर ले जाते हैं। यदि ऐसी स्थिति आ गयी तो निश्चय ही समाज में मत्स्य न्याय फैल जाएगी अर्थात् बलवान निर्बल को निगल जायेगा।[1] इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखकर कौटिल्य ने दण्ड की व्यवस्था की है।

दण्ड का उद्देश्य एवं उसका स्वरूप

प्रत्येक व्यक्ति अपने-अपने धर्म (कर्तव्य) का पालन करता रहे और सदाचार में प्रवृत रहे, कौटिल्य की दण्ड-व्यवस्था का यह प्रमुख उद्देश्य है।

कौटिल्य ने धर्म और सदाचार की अवरोधक प्रवृत्तियों के दमन हेतु, दण्ड की व्यवस्था की है। कौटिल्य की यह दण्ड-व्यवस्था बहुत ही वैज्ञानिक है। जिस रूप में मनुष्य का धर्म बना रहे और और समाज में लोक-कल्याण के आदर्श प्रतिष्ठित रहें, वैसे विधान से दण्ड की व्यवस्था की गयी है। कौटिल्य ने कहा है कि राजा दण्ड का अधिकारी होता है। इसलिए उसका दण्ड सुधारात्मक होना चाहिए। राजा दण्ड का प्रतीक है। वह अपराधी को दण्ड और चरित्रवान को पुरस्कार देने का अधिकारी है। वह इन्द्र और यम के समान है। राजा को संहारात्मक या प्रतिशोधात्मक दण्ड नहीं देना चाहिए। दण्ड-व्यवस्था निष्ठुरतापूर्ण न होकर हृदयतापूर्ण होना चाहिए। प्रजा निष्ठुर दण्ड से राजा से असंतुष्ट हो जाती है और यदि दण्ड की उचित व्यवस्था न होगी तो राज्य में अराजकता फैल जायगी और राजा तिरस्कृत हो जायेगा। राजा ऐसा दण्ड दे जो उचित हो और न्याययुक्त हो, इससे राजा के प्रति जनता की श्रद्धा बढ़ेगी तथा वह सम्मान का पात्र होगा। उचित दण्ड का अर्थ यह नहीं कि अपराधी के प्रति राजा अति दयालुता का प्रयोग करे। इससे अपराध वृत्ति बढ़ेगी और अराजकता फैलेगी।

कौटिल्य ने अर्थशास्त्र के प्रथम अधिकरण के तीसरा अध्याय में स्पष्ट रूप से ऐसा लिखा है कि कठोर दण्ड देने वाले राजा के सभी प्राणी उद्विग्न हो उठते हैं। लेकिन, दण्ड में ढिलाई कर देने से भी लोक, राजा की अवहेलना करने लगता है। इसलिए राजा को समुचित दण्ड देना चाहिए। वह आगे कहता है कि भली-भाँति सोच-समझकर प्रयुक्त दण्ड प्रजा को धर्म, अर्थ और काम में प्रवृत्त करता है। काम-क्रोध के वशीभूत होकर अज्ञानतापूर्वक अनुचित रीति से प्रयुक्त किया हुआ दण्ड, वानप्रस्थ और परिव्राजक जैसे निःस्पृह व्यक्तियों को भी कुपित कर देता है, फिर गृहस्थ लोगों

पर ऐसे दण्ड की क्या प्रतिक्रिया होगी, सोचा नहीं जा सकता है।[2]

अत: कौटिल्य सुधारात्मक और समुचित दण्ड के पक्षधर हैं।

दण्ड निर्धारण का सिद्धान्त

दण्ड निर्धारण के सम्बन्ध में कौटिल्य के समानता सिद्धान्त को नहीं मानता है। उसके अनुसार महिलाओं और बालकों को कम दण्ड मिलना चाहिए। उसने वर्ण व्यवस्था के आधार पर भी भेद किया है। उसका कहना है कि ब्राह्मणों को कम दण्ड मिलना चाहिए। इस प्रकार कौटिल्य का कथन है कि दण्ड का निर्धारण अपराधा के अनुकूल, अपराधी के सामर्थ्य, अपराधी के वर्ण, लिंग, अवस्था, अपराध की परिस्थितियों को समुचित ज्ञान करके तथा अपराधी के सुधार को ध्यान में रखकर देना चाहिए।

इसके साथ ही कौटिल्य का मत है कि दण्ड प्रजा की अपेक्षा राजकर्मचारियों को अधिक देना चाहिए। उसका कहना है कि यदि अपराधी राजकर्मचारी को कठोर दण्ड नहीं दिया गया तो राज्य की प्रतिष्ठा घटेगी तथा वह धीरे-धीरे प्रभाव-हीन हो जायगा। प्रजा के मत में राज्य के प्रति श्रद्धा बढ़ती रहे तथा वह राजकर्मचारियों को अपना रक्षक समझती रहे, इससे ही राज्य की प्रतिष्ठा बढ़ती है।

कौटिल्य का विचार है कि अपराध के अनुसार समान रूप से अपराधी को दण्ड मिलना चाहिए। इससे लोक और परलोक दोनों की रक्षा होती है। कौटिल्य के शब्दों में-पुत्र और शत्रु को उनके अपराध के अनुसार समान रूप से राजा द्वारा दिया हुआ दण्ड ही लोक और परलोक की रक्षा करता है।[3]

दण्ड के प्रकार

कौटिल्य ने अपराधियों के लिए तीन प्रकार के दण्डों की व्यवस्था की है-

(क) शारीरिक दण्ड (ख) आर्थिक दण्ड और (ग) कारागार या जेल। इनका उल्लेख निम्नलिखित रूप से किया जा सकता है-

(क) शारीरिक दण्ड- शारीरिक दण्ड के अन्तर्गत कौटिल्य ने सर्वप्रथम चार प्रकार के दण्डों का विधान किया है- (1) छह डंडे मारना (2) सात कोड़े मारना (3) हाथ-पैर बाँधकर उल्टा लटका देना और (4) नाक में नमक का पानी डालना।[4]

कौटिल्य ने अन्य प्रकार के दण्डों का भी विधान किया है। उसके अनुसार पापाचारी पुरुषों के लिए निम्न दण्ड है :-

1. नौ हाथ लम्बी बेंत से बारह बेत लगाना,
2. दोनों टाँगों को बाँधकर करञ्ज की छड़ी से बीस छड़ी मारना,
3. बत्तीस थप्पड़ मारना,
4. बायें हाथ को पीछे बायें पैर से और दाये हाथ को पीछे दायें पैर से बांधना
5. दोनों हाथ आपस में बांधकर लटका देना,
6. हाथ के नाखून में सुई चुभाना,
7. दोनों पैर आपस में बाँधकर लटका देना,
8. लस्सी पिलाकर पेशाब न करने देना,
9. अंगुली की एक पोट जला देना,
10. घी पिलाकर पूरे दिन अग्नि या धूप में बैठाना
11. जाड़ों की रात में भींगी हुई खाट पर सुलाना।[5]

कौटिल्य का सुझाव है कि इस प्रकार के दण्ड-कर्म के लिए रस्सी, डंडे, कौड़े आदि की लम्बाई, दण्डनीय व्यक्ति को खड़ा आदि करने का तरीका और शरीर आदि के अनुकूल दण्ड व्यवस्था आदि के सम्बन्ध में आचार्य खरपट्ट दण्डशास्त्र-विषयक ग्रन्थ का अनुसरण करना चाहिए।

कौटिल्य का कथन है कि कठिन शारीरिक श्रम के कार्यों को एक-एक दिन का अन्तर देकर कराया जाय। जो लोग सूचना देकर चोरी करे, प्रण करें, किसी की वस्तु को छीनें, चोरी हुई वस्तु के टुकड़े-टुकड़े करके उसे काम में लाये, चोरी करते या माल ले जाते पकड़े जायें, खजाना उड़ाकर ले जायें और गौ हत्या आदि महा अपराध करे, उन सबको राजा के आज्ञानुसार एक साथ अलग-अलग या बारी-बारी आजीवन कठिन श्रम का दण्ड दिया जाय।[6]

कौटिल्य पुनः कहता है कि माता-पिता को गाली देने वाले की जीभ कटवा दी जाय। माता-पिता के किसी अंग को कोई जिस अंग से नोचे-खसोटे उनका वहीं अंग कटवा दिया जाय। जो व्यक्ति राजा को गाली दे, गुप्त रहस्य को खोल दे, राजा के अनिष्ट को फैलाये और ब्राह्मण की भोजनशाला से बलपूर्वक अन्न लेकर खाने लगे उसकी जिह्वा कटवा दी जाय। यदि कोई व्यक्ति किसी का लिंग और अण्डकोश काट डाले तो उसका भी लिंग और अण्डकोश कटवा दिया जाय। किसी की जीभ और नाक काट देने वाले व्यक्ति की कनिष्ठका और अंगूठा कटवा दिया जाय।[7]

कौटिल्य ने अर्थशास्त्र के चौथा अधिकरण के ग्यारहवें और तेरहवें अध्याय में विभिन्न अपराधों के लिए प्राणदण्ड का विस्तार पूर्वक वर्णन किया है। उसका मत है कि कोई व्यक्ति यदि

लड़ाई-झगड़े में किसी व्यक्ति को जान से मार डाले तो उसको कष्टपूर्वक प्राण दण्ड (चित्रधात) की सजा दी जाय। झगड़ा होने के बाद चोट खाया व्यक्ति यदि सात दिन बाद मरे तो मारने वाले को शुद्ध प्राणदण्ड (कष्ट रहित वध) दिया जाय।

कौटिल्य लिखता है कि यदि कोई व्यक्ति बलात्कार से किसी स्त्री या पुरुष की हत्या कर डाले, बलात्कार से किसी स्त्री को उड़ा ले जाय, बलात्कार से किसी स्त्री को नाक-कान काट ले, धमकी देकर हत्या, चोरी की घोषणा करने वाला, बलात्कार से नगर तथा गाँवों का धन ले जाने वाला, भीत तोड़कर सेंध लगाने वाला, रास्ते की धर्मशालाओं तथा पनशाला को नष्ट करने वाला और राजा के हाथी, घोड़े तथा रथों को नष्ट करने, मारने या चुराने वाला, इन सभी प्रकार के अपराधियों को शूली पर लटका दिया जाय।

इसके साथ ही, इन लोगों का जो दाह-संस्कार या क्रिया-कर्म करे या उनकी उठाकर गंगा-प्रवाह आदि के लिए ले जाय उसको भी शूली पर चढ़ाया जाय। कौटिल्य का मत है कि राजसिंहासन को हथियाने की इच्छा रखने वाले, अन्तःपुर में व्यर्थ का झमेला खड़ा कर देने वाले : आटवी एवं पुलिंद आदि शत्रु राजाओं को उभाड़ने वाले, किले की सेना तथा बाहर की सेना में विद्रोह फैला देने वाले, पुरुषों के लिए और हाथ में आग लगाकर उनको कत्ल किया जाय।

जो व्यक्ति माता, पिता, पुत्र आदि आचार्य और तपस्वी की हत्या कर डाले उसके सिर की खाल उतरवाकर उसमें आग लगाई जाय और तब उसको कत्ल कराया जाय। जो व्यक्ति किसी दूसरे को अचानक ही मार डाले या पशुओं के झुंड की तथा घोड़ों की चोरी करे उसको प्राण दण्ड दिया जाय। कम-से-कम दस पशुओं का एक झुंड समझाना चाहिए। साथ ही, विष देकर किसी की हत्या करने वाले स्त्री-पुरुष को जल में डुबाकर खत्म कर दिया जाय, बशर्ते कि वह स्त्री गर्भिणी न हो। यदि गर्भिणी हो तो बच्चा होने के एक मास बाद उसका ऐसा ही प्राणांत किया जाय। इतना ही नहीं, अपने पति, गुरू और बच्चे की हत्या करने वाली, आग लगाने वाली, विष देने वाली, सेंध लगाकर चोरी करने वाली, स्त्री को गायों के पैरों के नीचे कुचलवा कर मारा जाय। साथ ही, जो व्यक्ति चरागाह, खेत, खलिहान, घर और लकड़ियों से सुरक्षित जंगल में आग लगा दे उसको आग में ही जला दिया जाय।[8]

कौटिल्य ने अर्थशास्त्र के चौथा अधिकरण के तेरहवां अध्याय में लिखा है कि जो पुरुष अपनी मौसी, बुआ, मामी, गुरुपत्नी, पुत्रबधू, लड़की और बहन के साथ व्यभिचार करे उसका लिंग और अण्डकोश काटकर उसको प्राण दण्ड की सजा दी जाय। यदि मौसी, बुआ आदि स्वयं ऐसा करायें तो उनके दोनों स्तन काटकर और उनका भग-छेदन कर उन्हें भी प्राण दण्ड की सजा दी जाय। दास और परिचारक यदि व्यभिचार करें तो उन्हें भी यही दण्ड दिया जाय।

इसके साथ ही, लोक-लाज से रहने वाली ब्राह्मणी के साथ यदि शूद्र व्यभिचार करे तो उसको तिनको की आग में जला दिया जाय। राजा की स्त्री के साथ जो कोई भी व्यभिचार करे तो उसे तपे भाड़ में भून दिया जाय। इतना ही नहीं, चांडाल यदि किसी आर्या स्त्री के साथ संभोग करे तो उसे प्राण-दण्ड दिया जाय और उस स्त्री के नाक-कान काट दिये जाए।[9]

इस प्रकार कौटिल्य ने अर्थशास्त्र में प्राणदण्ड की व्यवस्था की है।

शारीरिक दण्ड के अपवाद

कौटिल्य ने शारीरिक दण्ड के कुछ अपवादों का उल्लेख दिया है। उसके अनुसार छोटे अपराधी बालक, बृद्ध, बीमार, पागल, उन्मादी, भूखा, प्यासा, थका, अति भोजन किये, अजीर्ण, रोगी और निर्बल आदि व्यक्तियों को कोड़े मारकर शारीरिक दण्ड न दिया जाय।[10]

इसके साथ ही जिसका अपराध प्रमाणित हो चुका हो उसी को दण्ड दिया जाय। लेकिन, गर्भिणी और एक महीने से कम प्रसूता स्त्री को कदापि दण्ड न दिया जाय। उपर्युक्त अपराधों में जो दण्ड पुरुषों के लिए कहे गये हैं उनका आधा दण्ड स्त्रियों को दिए जाय, अथवा उनकी केवल वाग्दण्ड (वाणी से ताड़ना) ही दिया जाय। ब्राह्मण, वेदज्ञ और तपस्वी को इतना मात्र दण्ड दिया जाय कि सिपाही उनकी इधर-उधर दौड़ा फिरा दें।[11]

इस प्रकार कौटिल्य ने शारीरिक दण्ड के अन्तर्गत कोड़े मारना, अंग छेदन अंग भंग, हाथ-पैर बाँधकर उलटा लटकाना और प्राणदण्ड तक की व्यवस्था की है।

आर्थिक दण्ड या जुर्माना

कौटिल्य ने आर्थिक दण्ड को मुख्यतया तीन श्रेणियों में रखकर विवेचन किया है। प्रथम, मध्यम और उत्तम साहस दण्ड की दो सौ से पाँच सौ पण तक और उत्तम साहस दण्ड की पाँच सौ से एक हजार पण तक बतायी गयी है।[12] इसके अतिरिक्त विविध छोटे-बड़े अपराधों के लिए अलग-अलग राशि के अर्थदण्डों का अर्थशास्त्र में विधान यत्र-तत्र हम पाते हैं।

कारागार या जेल

कौटिल्य ने अपराधियों के लिए जेल की व्यवस्था की है। उसका कथन है कि अगर कोई ब्राह्मण राजसिंहासन के विरूद्ध कार्य करे तो उसे आजीवन के लिए काल-कोठरी में बन्द कर देना चाहिए।[13] कौटिल्य ने अर्थशास्त्र के दूसरा अधिकरण के पाँचवें अध्याय में कारागृह के संबंध में स्पष्ट शब्दों में लिखा है कि न्यायाधीश और समाहर्ता आदि से सजा पाये हुए लोगों की कारागृह में रखना चाहिए। कारागृह में स्त्री-पुरुषों के लिए अलग-अलग स्थान होना चाहिए। उसके वहिमार्ग तथा चारों ओर की अच्छी तरह रक्षा होनी चाहिए।[14]

कौटिल्य ने शुभ अवसरों पर कैदियों की जेल से मुक्त करने के पक्ष में अपना विचार प्रकट किया है। उसके शब्दों में- किसी नये देश को जीतने पर, युवराज का राज्याभिषेक होने पर, राजपुत्र के जन्मोत्सव पर कैदियों को छोड़ देना चाहिए।[15]

विधि के अनुरूप दण्ड

कौटिल्य ने अर्थशास्त्र के तीसरा अधिकरण में विभिन्न प्रकार के कानूनों के अन्तर्गत दण्ड का विधान किया है। पर यहाँ पर हम कौटिल्य द्वारा प्रतिपादित विवाह सम्बन्धी कानून एवं दण्ड की ही व्याख्या करने जा रहे हैं जो दण्ड के क्षेत्र में विशेष महत्व रखता है।

कौटिल्य ने विवाह सम्बन्धी विधि के उल्लंघन करने वालों के लिए निम्नलिखित दण्डों की व्यवस्था की है। अगर किसी पुरुष को आठ, दस और बारह वर्ष तक प्रतीक्षा करने के बाद पुत्र प्राप्ति न हो तो वह पुनर्विवाह कर सकता है। यदि वह इस नियम का उल्लंघन करे तो उसे चौबीस पण तक सरकार को जुर्माना देना होगा। इसके साथ ही, यदि कोई पुरुष ऋतुकाल को छिपाकर अपनी स्त्री से संसर्ग नहीं करता तो उसको सरकार की ओर से छियानवे पण दण्ड दिया जाय।[16]

बारह वर्ष की लड़की और सोलह वर्ष का लड़का विधि अनुसार वयस्क माने जाते हैं। इस उम्र के बाद यदि वे राज-नियम का उल्लंघन करे तो लड़की को बारह पण और लड़के को चौबीस पण का दण्ड दिया जाय।[17]

पराई स्त्री के साथ संभोग करने के चिह्न स्पष्ट दिखाई देने पर भी यदि कोई पुरुष अस्वीकार करता या किसी प्रेमिका के साथ संभोग करके साफ इन्कार कर दे तो उसको बारह पण का दण्ड दिया जाय।[18]

कौटिल्य ने पति-पत्नी के अत्याचार पर भी विस्तृत रूप से दण्डों का विधान किया है। उसका कथन है कि मना किए जाने पर भी यदि कोई स्त्री मद्यपान और विहार करे तो उस पर तीन पण, पति के मना करने पर यदि दिन में सिनेमा देखे तो छः पण और यदि किसी पुरुष के साथ सिनेमा देखे तो बारह पण जुर्माना दिया जाय। यदि यही अपराध वह रात में करे तो उसको दुगुना दण्ड दिया जाय।

यदि कोई स्त्री सोते हुए या उन्मत्त हुए अपने पति को छोड़कर घर से बाहर चली जाय अथवा पति की इच्छा के विरूद्ध घर का दरवाजा बन्द कर दे तो उसको बारह पण दण्ड देना चाहिए। यदि कोई स्त्री अपने पति को रात में घर से बाहर कर दे तो उस स्त्री पर चौबीस पण का दण्ड दिया जाय।

परपुरुष या परस्त्री परस्पर मैथुन के लिए यदि इशारेबाजी करें या एकान्त में अश्लील

बातचीत करें तो स्त्री पर चौबीस पण और पुरुष पर अड़तालीस पण का जुर्माना किया जाय।

यदि वे परस्पर केश तथा कमर पकड़े एक दूसरे को चुमें, दाँत काटे या नाखून गड़ावे तो इस अपराध में स्त्री को पूर्व साहस दण्ड और पुरुष को उससे दुगुना दण्ड दिया जाय।

यदि किसी संकेत स्थान में यदि वे परस्पर बातचीत करें तो आर्थिक दण्ड की जगह उन पर कोड़े लगाये जायं। इस प्रकार की दोषी स्त्री के किसी एक ही अंग पर गाँव के चण्डाल द्वारा पाँच कोड़े लगवाए जाए। अगर पण दण्ड अदा कर दिया जाता है तो प्रहार दण्ड कम कर दिया जाय।

वर्जित करने पर यदि कोई स्त्री तथा पुरुष छोटी-छोटी उपहार की वस्तुयें देकर परस्पर उपहार करें तो छोटे उपहार पर स्त्री को बारह पण और बड़े उपहार पर चौबीस पण दण्ड दिया जाय। यदि उपहार में वह सोने की कीमती चीजें दे तो उसे चौबीस पण का दण्ड दिया जाय। इन अपराधों को यदि पुरुष करे तो उस पर स्त्री से दुगुना दण्ड दिया जाय। यदि वे स्त्री-पुरुष बिना मुलाकात किए ही उपहार की चीजें लेते देते रहें तो पूर्वोक्त दण्ड से आधा दण्ड दिया जाय।

कौटिल्य ने स्त्रियों का घर से बाहर जाने पर दण्ड का विधान किया है। उसके अनुमार पति घर से भागी हुई स्त्री पर छः पण का दण्ड दिया जाय, लेकिन यदि वह किसी भय के कारण भागे तो अदण्ड्य समझी जाय। पति के रोकने पर भी यदि कोई स्त्री घर से भाग निकले तो उस पर बारह पण दण्ड दिया जाय। यदि वह पड़ोसी के ही घर में चली जाय तो उसे छः पण का दण्ड दिया जाय।

पति की आज्ञा के बिना पड़ोसी को अपने घर में शरण देने, भिखारी को भीख देने और व्यापारी को किसी तरह का माल देने वाली स्त्री को बारह पण दण्ड दिया जाय। यदि कोई स्त्री निषिद्ध व्यक्तियों के साथ यही व्यवहार करे तो उसे प्रथम साहम दण्ड दिया जाय। यदि वह निर्दिष्ट सीमा के घरों से बाहर जाये तो उसे चौबीस पण दण्ड दिया जाय।

विपत्ति रहित किसी पर-पत्नी को अपने घर में शरण देने वाले पर सौ पण का दण्ड दिया जाय। यदि कोई स्त्री गृहस्वामी के रोकने पर या छिपकर उसके घर में घुस जाय तो उस स्थिति में गृहस्वामी निरपराध समझा जाय। मृत्यु, बीमारी, विपत्ति और प्रसव काल में स्त्री अपने सम्बन्धियों के यहाँ जा सकती है। इन अवसरों पर यदि कोई पुरुष अपनी स्त्री को अपने सम्बन्धियों के यहाँ जाने से रोके तो वह बारह पण दण्ड का अपराधी है।

रास्ते में किसी पर-पुरुष के साथ स्त्री के चलने के सम्बन्ध में कौटिल्य का विचार है कि पति घर से भाग कर दूसरे गाँव में जाने वाली स्त्री को बारह पण का दण्ड दिया जाय। यदि वह मैथुन के लिए किसी पुरुष का सहवास करे तो उस पर चौबीस पण दण्ड दिया जाय। यदि उच्च वर्ण का व्यक्ति इस अपराध को करे तो उसे प्रथम साहस दण्ड दिया जाय और निम्न वर्ण के व्यक्ति

को मध्यम साहस दण्ड। भाई यदि इस अपराध को करे तो दण्डनीय नहीं होता। यदि निषेध किए जाने के बाद वह इस अपराध को करे तो उसे आधा दण्ड दिया जाय।

मना करने पर भी यदि कोई पुरुष किसी स्त्री को साथ ले जाय या स्त्री ही स्वयं किसी पुरुष के साथ चली जाय, तो उन्हें आधा दण्ड दिया जाय। इसके साथ ही, यदि कोई स्त्री मार्ग, जंगल या किसी गुप्त स्थान में अथवा किसी संदिग्ध या वर्जित पुरुष के साथ मैथुन के लिए घर से भाग निकले तो उसे गिरफ्तार कर अपराध के अनुसार दण्ड दिया जाय।[19]

कौटिल्य का कथन है कि अपने पति की सम्पत्ति के हकदार पुरुषों को छोड़कर यदि कोई स्त्री किसी दूसरे पुरुष के साथ विवाह करे तो विवाह करने वाला पुरुष उस स्त्री को देने वाला, उस विवाह में शामिल होने वाले, ये सभी लोग, स्त्री को बहकाने या अनुचित ढंग से उसको अपने काबू में करने के जुर्मदार समझे जाय और उनको यथोचित दण्ड दिया जाय।[20]

कन्या के किसी गुप्त दोष को छिपाकर उसका विवाह करने वाले व्यक्ति पर छियानवे पण दण्ड दिया जाय और उसे जो शुल्क तथा स्त्रीधन दिया है वह वापस लिया जाय। इसी प्रकार जो वर के दोषों को छिपाकर विवाह करता है, उस पर दुगुना अर्थात् एक सौ बानवे पण दिया जाय और उसको दिया हुआ शुल्क तथा स्त्री धन भी जप्त कर लिया जाय।[21]

संदर्भ

1. कौटिल्य – कौटिलीय अर्थशास्त्रम्, अनुवादक वाचस्पति गैरोला, चौखम्बा, विद्या भवन, वाराणसी, द्वितीय संस्करण 1977, पहला अधिकरण, तीसरा अध्याय, पृ. 16
2. वही, पहला अधिकरण, तीसरा अध्याय, पृ. 16
3. दण्डो हि केवली लोकं परं चेमं च रक्षति।
   राजा पुत्रे च शत्रो च यथा दीष संम धृतः
   वही, तीसरा अधिकरण, पहला अध्याय, पृ. 318
4. व्यावहारिक कर्मचतुष्डम्-षड् दण्डाः सप्त कशाः द्वावुषरि निवन्धी, उदक-तालिका च।
   वही, चौथा अधिकरण, आठवां अध्याय, पृ. 460
5. वही, पृ. 461
6. वही, चौथा अधिकरण, आठवाँ अध्याय, पृ. 461 और 462
7. वही, चौथा अधिकरण, ग्यारहवाँ अध्याय, पृ. 476 और 477
8. वही, चौथा अधिकरण, ग्यारहवाँ अध्याय पृ. 474-476
9. वही, चौथा अधिकरण, तेरहवाँ अध्याय, पृ. 488-489
10. मन्दापराधं बालं वद्धं व्याधितं मत्तमुन्मतं क्षुत्पिपासाहवक्लान्त
    मत्याशितमाम काशिंत दुवंल वा न कर्म कारयेत्।
    वही, चौथा अधिकरण, आठवाँ अध्याय, पृ. 460

11. वही, पृ. 460
12. वही, तीसरा अधिकरण, सतरहवाँ अध्याय पृष्ठ संख्या, 402
13. वही, चौथा अधिकरण, ग्यारहवाँ अध्याय, पृ. 475
14. धर्मस्थीयं महामात्रीयं विभक्त स्त्रीपुरुषस्थानमयसारतः सुगुप्तकक्ष्यं अन्धनागार कारयेत्।
15. अपूर्वदेशाधिगमे युवराजभिषेचने।
पुत्रजन्मनि वा मोक्षो बन्धनस्य विधीयते।।
वही, दूसरा अधिकरण, छतीसवाँ अध्याय, पृ. 308
16. वही तीसरा अधिकरण, दूसरा अध्याय, पृ. 324 और 325
17. द्वादशवर्षा स्त्री प्राप्तव्यवहारा भवति, षोडशवषः पुमान्।
अत ऊर्ध्वमशंश्रूषायां द्वाद्वशपणः स्त्रियां दण्डः पुंसो द्विगुणः।
18. इष्टलिंगे मैथुनाषहारे सवर्णापसर्पोपगमे वा मिथ्यावादी द्वातशपणः दध्यात्।
वही, तीसरा अधिकरण, तीसरा अध्याय पृ. 328
19. वही, तीसरा अधिकरण, तीसरा और चौथा अध्याय, पृ. 328–334
20. एतानुत्कम्य दायावान वेदने जातकर्मणि।
वारस्त्रीदात्वेतारः सम्प्रप्ताः संड्ग्रहात्ययम्।।
वही, पृ. 336
21. वही, पृ. 393 और 394

बैगा जनजाति में जन्म से संबंधित व्यवहार की अवधारणाओं का समाज - एक भौगोलिक अध्ययन

लोकेश श्रीवास्तव* एवं ऋतु रानी**

प्रस्तावना

भारत में मातृत्व काल को स्त्री के लिए महत्त्वपूर्ण अवधि माना जाता है। सम्पूर्ण भारत में इस काल को अधिकांशतः उपेक्षा से देखा जाता है। भारतीय महिला औसत रूप से अपने मातृत्व काल में 6 से 7 बार गर्भधारण करती है। इनमें जन्म लेने वाले 5 से 6 शिशुओं में से केवल 4 से 5 ही जीवित रह पाते हैं (यूनीसेफ)। इस प्रकार भारतीय महिला के जीवन का एक बहुत बड़ा और महत्त्वपूर्ण समय गर्भावस्था तथा धात्री अवस्था में ही व्यतीत हो जाता है। हमारे देश की यह व्यथा है कि वह महिला अधिक भाग्यशाली मानी जाती है जो अधिक से अधिक संख्या में शिशुओं को जन्म देती है। बार-बार गर्भाधारण व प्रसव की अवस्था से गुजरने के कारण वह अस्वस्थ होती है, साथ ही पहले की अपेक्षा दूसरे, तीसरे प्रसव में जन्म लेने वाले शिशु का स्वास्थ्य भी कमजोर होता जाता है।

भारतीय विभिन्न समाजों में गर्भावस्था के दौरान व प्रसव के बाद की स्थिति में विशेष संरक्षण की रीतियाँ अपनायी जाती हैं, जिससे गर्भवती व शिशु के स्वास्थ्य को विशेष लाभ हो सके। अलग-अलग समाजों में अलग-अलग संरक्षण की रीतियाँ अपनायी जाती हैं। ग्रामीण अंचलों में परम्परागत रूप से गर्भावस्था में संरक्षण किया जाता है तथा दाई व वृद्ध महिला के द्वारा प्रसव कराया जाता है। गर्भवती महिला को भोजन इत्यादि में विशेष खाद्यों को दिया जाता है या कुछ खाद्यों को निषेध कर दिया जाता है, जिसमे गर्भवती व उसके गर्भस्थ शिशु को किसी प्रकार की हानि न पहुँचे।

अध्ययन का उद्देश्य

प्रस्तुत अध्ययन में डिण्डौरी जिले की बैगा स्त्रियों की प्रजनन अवस्था और उसके उपरान्त अपनायी जाने वाली व्यवहार प्रणाली से संबंधित विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है। अध्ययन के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं -

*भूगोल विभाग, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.)

**शासकीय महाकोशल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.)

- बैगा स्त्री के प्रजनन काल में और प्रसवोपरान्त अपनायी जाने वाली व्यवहार प्रणाली का अध्ययन करना।
- प्रजनन काल के दौरान खाद्य व कार्यों से संबंधित जानकारी प्राप्त करना।
- आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था को इस दौरान अपनाये जाने का अध्ययन करना।
- नवजात शिशु मे संबंधित संरक्षण प्रणाली का अध्ययन करना।
- गर्भवती स्त्री व नवजात शिशु से संबंधित परम्परागत चिकित्सा संरक्षण प्रणाली का अध्ययन करना।

विधि तंत्र

(1) अध्ययन क्षेत्र

प्रस्तुत अध्ययन में मध्यप्रदेश के नवनिर्मित जिले डिण्डौरी की बैगा स्त्रियों की प्रजनन अवस्था और प्रसवोपरान्त अपनायी जाने वाली व्यवहार प्रणाली का अध्ययन किया गया है। बैगा जनजाति मध्यप्रदेश के डिण्डौरी जिले की प्रमुख जनजाति है। डिण्डौरी जिले में इनकी कुल जनसंख्या सन् 1992-93 में 21239 थी। यह जनजाति नर्मदा घाटी के क्षेत्र और सतपुड़ा के घने साल के वनों में निवास करती है। डिण्डौरी जिला 1998 में मण्डला जिले से अलग हुआ है। इसका विस्तार 22°17' से 23°22' उत्तरी अक्षांश और 80°35' से 80°58' पूर्वी देशान्तर तक है। डिण्डौरी जिले के अन्तर्गत 6128 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्र निहित है। यह मध्यप्रदेश का जनजातीय बहुलता वाला प्रमुख क्षेत्र



है। प्रशासनिक दृष्टिकोण से इस जिले को दो प्रमुख तहसीलों में बाँटा गया है- डिण्डौरी तहसील और शहपुरा तहसील। इस जिले में मुख्य जनजातियाँ गोंड और बैगा हैं। बैगा जनजाति की बहुलता वाला यह जिला **"बैगा का मूल क्षेत्र"** कहलाता है। (मानचित्र परिशिष्ट क्रमांक-1)

(2) आँकड़ों का प्रदर्शन

प्रजनन अवस्था और प्रसवोपरान्त अपनायी जाने वाली व्यवहार प्रणाली संबंधी जानकारी को एकत्रित करने के लिए प्रश्नावली, साक्षात्कार और अवलोकन जैसी सांख्यिकीय विधियों को अपनाया गया है। निदर्शन के रूप में डिण्डौरी जिले के चार विकासखण्डों (डिण्डौरी, अमरपुर, शहपुरा और मेहंदवानी प्रत्येक) से 50 परिवारों और तीन विकासखण्डों (बजाग, समनापुर और करंजिया प्रत्येक) से 100 परिवारों का अध्ययन कर आँकड़ों को एकत्रित कर सारणीबद्ध विश्लेषण किया गया है।

परिणाम एवं तार्किक व्याख्या

बैगा जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में महिलाएँ अधिकतर अज्ञानता व अन्धविश्वासों के कारण पिछड़ी हुई मानसिकता को अपनाये हुए हैं। डिण्डौरी जिले की बैगा महिलाओं में गर्भावस्था एवं प्रसव के बाद की अवस्था के संरक्षण का अध्ययन किया गया, जिससे निम्न तथ्य सामने आये हैं-

1. गर्भावस्था की अवधारणा

बैगा जनजाति में गर्भधारण की अवस्था तब मानी जाती है जब महिला की माहवारी रुक जाती है। माहवारी के रुकने के बाद एक या दो माह तक यही स्थिति रहने पर बैगा महिला को गर्भवती माना जाता है। गर्भावस्था की अवधारणा में बैगा जनजाति अधिकांश रूप से ईश्वरीय कृपा और प्राकृतिक घटना के रूप में मनाती है। इस तथ्य का विश्लेषण निम्न सारणी में किया गया है-

सारणी क्रमांक -1

गर्भावस्था की अवधारणा

क्रमांक	अवधारणा	उत्तरदाता संख्या	प्रतिशत
1.	प्राकृतिक घटना	226	45.2
2.	व्यक्तिगत घटना	77	15.4
3.	अनिच्छा	74	14.8
4.	ईश्वरीय कृपा	123	24.6
	योग	500	100

आरेख क्रमांक-1



विश्लेषण -

उपरोक्त सारणी में बैगा जनजाति में फैली गर्भावस्था की अवधारणा से संबंधित तथ्यों को प्रदर्शित किया गया है। गर्भावस्था की अवधारणा में संकलित तथ्यों के आधार पर यह ज्ञात है कि प्राकृतिक घटना के रूप में मानने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 45.2 (226) प्रतिशत है। व्यक्तिगत इच्छा के रूप में मानने वाले बैगा उत्तरदाताओं की संख्या 15.4 (77) प्रतिशत तथा अनिच्छा के रूप में मानने वाले बैगा उत्तरदाताओं की संख्या 24.6 (123) प्रतिशत है।

स्पष्ट है कि बैगा जनजाति में गर्भधारण को अधिकांश उत्तरदाता प्राकृतिक घटना के रूप में तथा ईश्वरी कृपा के रूप में मानते हैं। यह इनके अंधविश्वास व अज्ञानता के कारण बनी हुई अवधारणा है।

2. शारीरिक एवं मानसिक क्रिया कलापों में परिवर्तन

बैगा जनजाति में गर्भधारण के बाद स्त्री के शारीरिक क्रिया कलापों में कोई विशेष परिवर्तन नहीं आता है। जानकारी के अनुसार शारीरिक कार्यों में केवल अधिकांशत: स्त्री को भार उठाने से संबंधित कार्य नहीं करने दिये जाते हैं। बैगा स्त्री गर्भावस्था के अंतिम चरण तक घर के व बाहरी कार्यों को करती रहती है।

सामाजिक क्रिया कलापों में बैगा स्त्री सम्मिलित हो सकती है। बैगा गर्भवती स्त्री को बैगा समाज में प्रचलित निषेधों का पालन करना पड़ता है। बैगा गर्भवती स्त्री घोड़े की रास को नहीं लांघ

सकती अन्यथा गर्भपात का खतरा रहता है। ग्रहण को देखने से गर्भस्थ शिशु पर बुरा प्रभाव पड़ता है।

3. गर्भावस्था के दौरान भोजन संबंधी निषेध

बैगा गर्भवती स्त्री को भोजन के संबंध में भी निषेधों का पालन करना पड़ता है। बैगा स्त्री को गर्भावस्था के दौरान मद्यपान निषेध माना जाता है। मान्यता है कि गर्भावस्था में मद्यपान से गर्भस्थ शिशु को हानि पहुँचती है। गर्भपात होने की संभावनाओं के कारण भी गर्भवती स्त्री को मद्यपान निषेध होता है। मद्य के अलावा गर्म भोज्य पदार्थ को खाने से मना किया जाता है। गर्म भोजन में शहद, महुआ के फल, उरद दाल, मांस, मछली आदि बैगा गर्भवती स्त्री नहीं खा सकती है।

4. गर्भावस्था के दौरान देखभाल

गर्भावस्था के दौरान कोई विशेष देखभाल की रीति बैगा जनजाति में नहीं है। आधुनिक चिकित्सा पद्धति के इन क्षेत्रों में फैलने के कारण गर्भावस्था के द्वारा बैगा स्त्रियों को रक्त बढ़ाने के लिए लौह की गोलियाँ व फोलिक एसिड की गोलियाँ दी जाती हैं तथा गर्भावस्था के विभिन्न माहों में टिटनेस के टीके लगाये जाते हैं। ये सारी सेवाएँ प्रशिक्षित जन स्वास्थ्य रक्षकों और स्वास्थ्य केन्द्रों के द्वारा दी जाती हैं। बैगा गर्भवती महिला को स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर पंजीकरण कराना पड़ता है इससे उन्हें सभी सेवाएँ मुफ्त प्राप्त होती हैं तथा स्वास्थ्य से संबंधित जानकारियाँ भी प्रदान की जाती हैं। उसके वजन का रिकॉर्ड भी हर माह में किया जाता है। बैगा स्त्रियों में किये गये अध्ययन में उनके गर्भवती होने पर स्वास्थ्य केन्द्रों में जाने के प्रति जागरूकता पर तथ्यों को संकलित किया गया जो निम्न सारणी में है-

सारणी क्रमांक - 2

गर्भावस्था में डॉक्टरी जाँच/दवाओं के सेवन

क्रमांक	डॉक्टरी जाँच	उत्तरदाता संख्या	प्रतिशत
1.	हाँ	168	33.6
2.	नहीं	133	26.6
3.	कभी-कभी	77	15.4
4.	निरुत्तर	122	24.4
	योग	500	100

आरेख क्रमांक –2



विश्लेषण –

प्रस्तुत सारणी में गर्भावस्था में डॉक्टरी जाँच/दवाओं के सेवन से संबंधित बैगा महिलाओं से तथ्यों का संकलन दर्शाया गया है। उत्तरदाताओं में से 168 उत्तरदाताओं ने डॉक्टरी जाँच/दवा का सेवन करना बताया है जिनका प्रतिशत 33.6 है। सेवन न करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 133 तथा कुल प्रतिशत 26.6 है। कभी-कभी दवाओं और डॉक्टरी जाँच करने वाले बैगा उत्तरदाताओं की संख्या 77 तथा प्रतिशत 15.4 है। 122 उत्तरदाताओं ने किसी भी प्रकार की प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है।

सारणी क्रमांक – 3

गर्भावस्था में झाड़फूंक/जड़ी बूटी सेवन

क्रमांक	**झाड़फूँक/जड़ी बूटी सेवन**	**उत्तरदाता संख्या**	**प्रतिशत**
1.	हाँ	105	21.0
2.	नहीं	167	33.4
3.	कभी-कभी	147	29.4
4.	निरुत्तर	81	16.2
	योग	500	100

आरेख क्रमांक - 4



विश्लेषण -

स्वास्थ्य रक्षक, गर्भवती महिला की जाँच करने के लिए प्रत्येक ग्राम में सरकार द्वारा नियुक्त किये गये हैं। ये गर्भवती को स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधित परामर्श देते हैं तथा दवाओं को भी वितरित करते हैं, जैसे- लौह तत्त्व की गोलियाँ, कैल्सियम की गोलियाँ आदि। इस आधार पर संकलित उपर्युक्त तथ्यों से ज्ञात होता है कि 205 (41.0 प्रतिशत) उत्तरदाताओं का कहना है कि बैगा स्वास्थ्य रक्षक गर्भवती की जाँच करने के लिए आते हैं। 132 (26.4 प्रतिशत) उत्तरदाताओं का कहना है कि बैगा स्वास्थ्य रक्षक नहीं आते हैं। 95 उत्तरदाता कहते हैं कि स्वास्थ्य रक्षक कभी-कभी आते हैं और स्त्री की जाँच करते हैं जिनका कुल प्रतिशत 19.0 है। 13.6 प्रतिशत (68) उत्तरदाताओं ने किसी भी प्रकार की प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है।

उपर्युक्त तीनों सारणी व विश्लेषण से स्पष्ट है कि बैगा महिलाएँ किसी प्रकार की तकलीफ होने पर ही डॉक्टरी जाँच या झाड़फूंक/औषधि सेवन करती हैं। इनके क्षेत्रों में जन स्वास्थ्य रक्षक आकर दवाओं का वितरण व जाँच कभी-कभी करते हैं।

5. प्रसव की तैयारी

प्रसव के दौरान बैगा जिनकी आर्थिक स्थिति थोड़ी अच्छी होती है, अलग झोपड़ी का निर्माण करते हैं, जिसमें प्रसव कराया जाना है। इसमें गोबर से लिपाई की जाती है। प्रसव वेदना होने पर इसी झोपड़ी में बैगा गर्भवती महिला आ जाती है तथा सारी व्यवस्थाएँ कर दी जाती हैं। गरीब बैगा के घर में एक कमरा होने के कारण वह प्रसव के लिए उसी कमरे को गोबर से लीपकर साफ कर लेते हैं तथा वहीं प्रसव होता है। प्रसव के लिये स्थान से संबंधित जानकारी बैगा उत्तरदाताओं से ली गई, जिसे निम्न सारणी में दर्शाया गया है -

सारणी क्रमांक - 5

प्रसव का स्थान

क्रमांक	**प्रसव का स्थान**	**उत्तरदाता संख्या**	**प्रतिशत**
1.	घर	413	82.6
2.	बाहर	38	7.6
3.	अस्पताल	39	7.8
4.	घर/अस्पताल	10	2.0
	योग	500	100

आरेख क्रमांक - 5



विश्लेषण

प्रसव के स्थान से संबंधित तथ्यों के संकलन से ज्ञात होता है कि बैगा जनजाति में अधिकांश प्रसव घर पर ही होते हैं। उत्तरदाताओं में घर पर होने वाले प्रसव में 413 उत्तरदाता संख्या है तथा इसका प्रतिशत 82.6 है। घर के बाहर प्रसव होने की स्थिति 38 उत्तरदाताओं ने बतलायी है, ग्राम में उपलब्ध स्वास्थ्य केन्द्र अस्पतालों में प्रसव करने की स्थिति 39 उत्तरदाताओं ने बतायी है। जिनके प्रसव घर और अस्पताल दोनों स्थानों पर हुए हैं उनकी उत्तरदाता संख्या 10 तथा प्रतिशत 2.00 है।

स्पष्ट है कि घर पर ही अधिक प्रसव कराये जाते हैं। अस्पताल में जाने की स्थिति केवल प्रसव में परेशानी उत्पन्न होने की स्थिति में ही बैगा जनजाति में आती है।

6. प्रसव कराने के लिए उपलब्ध व्यक्ति

प्रसव को आसानी से कराने के लिए अधिकतर जनजातियों में वरिष्ठ महिलाएँ गर्भवती की सहायता करती हैं। इसके लिए परम्परागत दाई को भी बुलाया जाता है, जो प्रसव कराने की जानकार होती है तथा प्रसव में आने वाली परेशानियों में गर्भवती की सहायता करती हैं। सुरक्षित प्रसव कराने के लिए इन परम्परागत दाईयों को प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वह अपने क्षेत्र में होने वाले प्रसव के समय साफ-सफाई और संक्रमण के प्रति सजग रहे और प्रसूति एवं शिशु की संक्रमणों से सुरक्षा हो सके। प्रसव में परेशानी उत्पन्न होने की स्थिति में प्रसव के लिए गर्भवती को चिकित्सालय भी ले जाया जाता है जहाँ डॉक्टर के द्वारा सुरक्षित प्रसव कराया जाता है।

सारणी क्रमांक - 6

बैगा जनजाति में प्रसव के लिए उपलब्ध व्यक्ति

क्रमांक	प्रसव कराने वाला व्यक्ति	उत्तरदाता संख्या	प्रतिशत
1.	परम्परागत दाई	170	34.0
2.	वृद्ध/स्थानीय महिला	195	39.0
3.	डॉक्टर	29	5.8
4.	प्रशिक्षित दाई	82	16.4
5.	वृद्ध महिला/दाई	24	4.8
	योग	500	100

आरेख क्रमांक - 6



विश्लेषण -

उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि बैगा जनजाति में अधिकतर प्रसव परम्परागत दाई (उत्तरदाता प्रतिशत 34.0) और वृद्ध सयानिन महिला (उत्तरदाता प्रतिशत 39.0) के द्वारा करवाये जाते हैं। परेशानी होने पर ही डॉक्टर की महायता ली जाती है। प्रशिक्षित दाई के द्वारा भी प्रसव करवाने वाले उत्तरदाता की संख्या 82 (16.4 प्रतिशत) है। भविष्य में इसके बढ़ने की उम्मीद है क्योंकि सरकार बैगा जनजाति में परम्परागत रूप से दाई का कार्य करने वाली महिलाओं को ही प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित रूप में उस ग्राम के लिए नियुक्त करती है।

7. प्रसव की स्थिति

प्रसव की स्थिति में भी विभिन्न जनजातियों में अलग-अलग मान्यता है। प्रसव के लिए बैठकर प्रसव कराने को तथा पैरों को मोड़कर उखड़ू बैठकर प्रसव कराने की स्थिति अधिकांश जनजातियों में है। ऐसा माना जाता है कि इस स्थिति में प्रसव वेदना कम होती है तथा प्रसव भी शीघ्र व सरलता से होता है। बैगा जनजाति से ली गयी जानकारी में 376 (65.2 प्रतिशत) उत्तरदाताओं की संख्या बैठकर प्रसव कराने को अधिक उपयुक्त मानती है तथा 96 (19.2 प्रतिशत) उखड़ू बैठकर प्रसव कराने को उपयुक्त मानते हैं। ये दोनों ही स्थिति मिली-जुली है। अत: यह स्पष्ट है कि प्रसव की स्थिति में बैगा गर्भवती में उपरोक्त स्थिति अधिक अपनायी जाती है।

8. प्रसवोपरांत नाभि रज्जु (नाल) को अलग करना

जनजातियों में अपनी-अपनी परम्पराओं के अनुसार शिशु की नाभि रज्जु को अलग करने या काटने के लिए अलग-अलग वस्तु का उपयोग किया जाता है। मूरा जनजाति में तीर की नोक और ब्लेड से नाभि रज्जु को अलग करते हैं। भिरवा जनजाति में लड़का जन्म लेने पर उसकी नाभि रज्जु को तीर की नोंक से और लड़की जन्म लेने पर उसकी नाभि रज्जु को चाकू से अलग किया जाता है। बैगा में पहले की मान्यता व उपलब्ध साधनों में हंसिया प्रमुख था इसलिए पहले के प्रसव में नाभि रज्जु को अलग करने के लिए हंसिया प्रयोग में लाया जाता था।

सारणी क्रमांक- 7

नाभि रज्जु काटने के प्रयुक्त साधन

क्रमांक	प्रयुक्त साधन	उत्तरदाता संख्या	प्रतिशत
1.	ब्लेड	391	78.2
2.	हंसिया	34	6.8
3.	चाकू	75	15.0
	योग	500	100

आरेख क्रमांक - 7



विश्लेषण -

उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि नाभि रज्जु काटने के लिए प्रयुक्त साधनों में बैगा जनजाति में अधिकांश तौर पर ब्लेड का प्रयोग किया जाता है। ब्लेड का प्रयोग करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 391 (78.2 प्रतिशत) है। परम्परागत रूप से हंसिया का प्रयोग करने वाले उत्तरदाता 34 (6. 8 प्रतिशत) हैं तथा चाकू का प्रयोग करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 75 (15.00 प्रतिशत) है।

स्पष्ट है कि ब्लेड की उपलब्धता व काटने में सरलता होने के कारण अब अधिकांश प्रसवोपरांत नाभि रज्जु को अलग करने के लिए ब्लेड का ही उपयोग किया जाता है। हंसिया का उपयोग कम हो गया है। चाकू का प्रयोग ब्लेड न होने की स्थिति में ही किया जाता है।

9. प्रसवोपरांत कनेहरी

प्रसवोपरांत कनेहरी को अधिकांश जनजातियों में जला दिया जाता है क्योंकि ऐसी मान्यता है कि कनेहरी का उपयोग तंत्र-मंत्र में किया जाता है। कनेहरी को बैगा जनजाति में प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रसवोपरांत प्रसव के स्थान पर गड्ढा खोदकर जला दिया जाता है तथा गड्ढे को बन्द कर दिया जाता है। कुछ लोग कनेहरी को गड्ढे में गाड़कर उसके ऊपर आग जला देते हैं।

10. प्रसवोपरांत शिशु की देखभाल

बैगा जनजाति में प्रसव के बाद शिशु को गर्म पानी से नहलाया जाता है तथा उसे सरसों का तेल लगाकर सूपे में सुलाया जाता है। जिस घर में लड़कियाँ ही लड़कियाँ जन्म लेती हैं, उस घर में जन्म के बाद शिशु को जिस सूपे में सुलाया जाता है उसमें सभी प्रकार के धान मिलाकर रख देते हैं। ऐसी मान्यता है कि इससे प्रसूता के गर्भ का नारा बदल जाता है और संभवत: अगली संतान

पुत्र के रूप में होती है। इसे 'बरीदना मिलान' कहते हैं।

सारणी क्रमांक- 8

प्रसवोपरांत शिशु की देखभाल

क्रमांक	पदार्थ	उत्तरदाता संख्या	प्रतिशत
1.	हल्दी	85	17.0
2.	हल्दी तेल	286	57.2
3.	खप्पर लेप	93	18.6
4.	औषधि	14	2.8
5.	कोयला/राख	22	4.4
	योग	500	100

आरेख क्रमांक - 8



विश्लेषण -

नाभि रज्जु को काटने के बाद बैगा जनजाति में नाभि वाले स्थान पर अधिकतर (57.2 प्रतिशत) उत्तरदाता हल्दी, सरसों का तेल लगाते हैं। कुछ (18.6 प्रतिशत) बैगा जनजाति खप्पर को घिस कर और कोयले या कंडे की राख (4.4 प्रतिशत) को भी चुटकी भर लेकर नाभि रज्जु के स्थान पर लगाया जाता है। प्रशिक्षित दाई या चिकित्सकों में प्रसव करवाने पर नाभि रज्जु काटने के उपरांत औषधि लगाई जाती है।

स्पष्ट है कि अधिकांश बैगा अभी भी अज्ञानता के कारण पुरानी परम्पराओं से बंधे हैं जो शिशु में संक्रमण का कारण बनता है तथा अकाल मृत्यु भी हो सकती है।

11. प्रसूता की देखभाल

बैगा जनजाति में प्रसवोपरांत प्रसूता को गर्म पानी और औषधि, पौधों की छाल पानी में उबालकर नहलाया जाता है। वर्तमान में साबुन और गर्म पानी का उपयोग भी स्नान के लिए किया जाता है। खाने के लिए कमजोर प्रसूता को जड़ी-बूटी के कंद, कंदा, नारियल, गुड़ आदि दिया जाता है। भोज्य पदार्थों में एक दिन बाद मड़िया की रोटी, खिचड़ी, कोदो का भात, हल्दी, नमक, घी, उरद की दाल खाने के लिए दी जाती है। मुर्गा, मछली भी मांसाहार के रूप में खाने के लिए दिया जाता है।

प्रसूता को छठवें दिन बाद शुद्ध करके प्रसूति गृह की गोबर से लिपाई की जाती है तथा प्रसूता को नदी में स्नान करवाते हैं एवं अपने कपड़ों को वह स्वयं धोती है। इसके बाद वह घर व बाहर के सभी कार्य करने लगती है, परन्तु उसे रसोई घर का कोई कार्य नहीं करने दिया जाता है। ऐसी मान्यता है कि तीन महीने तक प्रसूता अशुद्ध रहती है। तीन महीने बाद फिर शुद्धिकरण करके प्रमूता को रसोई घर में कार्य करने को दिया जाता है।

12. शिशु के लिए माँ का पहला दूध

शिशु को माँ का पहला दूध जो पीले रंग का गाढ़ा होता है, दिये जाने की मान्यताएँ विभिन्न जनजातियों में अलग-अलग हैं। किसी जनजाति में शिशु को पहला दूध दिया जाता है, जैसे- भील जनजाति में प्रसव के 3 दिन बाद दिया जाता है। बैगा जनजाति में जानकारी के अनुसार पिछड़े वन क्षेत्रों में एक या दो दिन बाद पहला दूध शिशु को दिया जाता है। नगरों से लगे व अच्छी स्वास्थ्य जानकारी वाली महिलाएँ पहले दिन से ही प्रसूता के स्नान के बाद शिशु को माँ का पहला दूध दे देती हैं। उनके अनुसार यह शिशु में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है।

निष्कर्ष

शिशुओं के जन्म को बैगा जनजाति में एक प्राकृतिक घटना के रूप में (45.2 प्रतिशत) और ईश्वरीय कृपा (24.6 प्रतिशत) दृष्टि माना जाता है। इनमें गर्भवती स्त्री को शारीरिक कार्यों में केवल अधिकांशतः भार उठाने वाले कार्य नहीं करने दिये जाते हैं, इससे अलावा बैगा गर्भवती को सारे कार्य करने की अनुमति होती है, वह घर और बाहर के कार्य गर्भावस्था के अंत तक करती है। सामाजिक कार्यों में भी वह सम्मिलित होती है, परन्तु उसे सामाजिक मान्यताओं को व निषेधों को मानना होता है। गर्भावस्था में भोजन सामान्य ही दिया जाता है। मद्यपान और गर्म तासीर के भोजन नहीं दिये जाते

हैं। गर्भावस्था में विशेष देखभाल नहीं होती है। आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध होने से लौह तत्त्व की गोलियाँ व टिटनेस के टीके लगाये जाते हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य केन्द्रों में इनका रिकॉर्ड रखा जाता है। लेकिन अधिकांश गर्भवती डॉक्टरी जाँच/दवाओं (26.6 प्रतिशत) का सेवन नहीं करती हैं। अंधविश्वास के कारण इनका विश्वास परम्परागत जड़ी-बूटी व वैद्य में होता है।

स्वास्थ्य जन रक्षक ग्रामों में गर्भवती स्त्री की जाँच (41 प्रतिशत) करने आते हैं तथा जानकारियाँ प्रदान करते हैं। अधिकांश प्रसव (82.6 प्रतिशत) घर में ही होते हैं। स्थिति बिगड़ने पर ही बैगा अस्पतालों में प्रसव करवाने जाते हैं। ग्रामों में बैगा दाईयों को प्रशिक्षण दिये जाने से इनके द्वारा ही अधिक प्रसव (34 प्रतिशत) और (16.4 प्रतिशत) होते हैं तथा वृद्ध व सयानिन महिलाएं भी प्रसव कराया (39 प्रतिशत) करती हैं। प्रसव अधिकतर बैठकर या उखड़ू बैठकर कराया जाना जच्चा के लिए सुविधाजनक माना जाता है। नाभि रज्जु को भी ब्लेड से काटा जाता है, और नाभि पर हल्दी-तेल (57.2 प्रतिशत) खप्पर का लेप व कोयले की राख लगाते हैं। कनेहरी को परम्परानुसार प्रसव वाले स्थान पर ही गाड़कर उस पर उपलों को सुलगा देते हैं। प्रसूता को गर्म पानी व औषधि पौधों की छाल के गर्म पानी से नहलाया जाता है। उसे खाने के लिए जड़ी-बूटी, केबूक कंद, नारियल, गुड़ आदि दिया जाता है। मडिया, उरद की दाल, कोदो का भात और मुर्गी, मछली मांसाहार के रूप में दिया जाता है। प्रसूति से 6 दिन तक स्त्री कार्य नहीं करती है। 6 दिन बाद शुद्धिकरण प्रक्रिया होती है तब वह रसोई घर का कार्य छोड़ सारे घर का कार्य करती है। रसोई का कार्य तीन माह के उपरान्त शुद्धिकरण क्रिया के बाद करती है। शिशु को माँ का पहला पोषक दूध दिये जाने के प्रति भी इनमें अलग-अलग मान्यता है, कोई एक दिन बाद, कोई दो दिन बाद, जो क्षेत्र नगरों व स्वास्थ्य केन्द्रों से लगे हैं उनमें पहले ही दिन शिशु को माँ का दूध दिया जाता है।

संदर्भ ग्रन्थ

* अबदूसलम, एम. कफेरसटेन, एफ. (1996), 'फुड विलिवस् ऐण्ड टोवोस', वर्ल्ड हेल्थ, 49वाँ वर्ष, मार्च और अप्रैल।
* अब्बास, ए. (2000), 'सोशल-कल्चरल डिटरमिनेशन्स ऑफ मेटरनल ऐण्ड चाईल्ड हेल्थकेयर प्रैक्टिस अमंग द भारिया ऑफ पातालकोट वेली', पी-एच. डी. डिजरटेशन, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर (अप्रकाशित)।
* एयाप्पन, ए. ऐण्ड महादेवन, के. (1998), 'पापुलेशन ऐण्ड सोशल चेन्ज इन इंडियन विलेजेज', मित्तल पब्लिकेशन्स दिल्ली।
* बारीथी, एस. (1991), 'ट्राइबल कल्चर इकोनॉमी ऐण्ड हेल्थ', रावत पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली।
* बागची, टी. (1994), न्यूट्रिशनल प्रोफाईल इन 'प्रोफाईल ऑफ सम इंडियन ट्राइब', एन एनथ्रोपोन्यूट्रिशनल माइक्रो स्टडी, (सम्पादक), बाय बागची टी ऐण्ड पब्लिस्ड बाय शंकर भट्टाचार्या, पूनही पुस्तक, कलकत्ता।
* बासु, एस. के. (1994), 'ट्राइबल हेल्थ इन इंडिया (एड)', मयंक पब्लिशर्स, नई दिल्ली।

* बैनर्जी, डी. (1982), 'पावरटी, क्लास ऐण्ड हेल्थ कल्चर इन इंडिया', वाल्यूम-1, प्राची प्रकाशन, नई दिल्ली।
* चौबे, कैलाश (2000), 'एनवायरमेंट ऐण्ड हेल्थ स्टेटस ऑफ प्रीमिटिव बैगा ट्राइब ऑफ बैगाचक, मध्यप्रदेश', ट्राइबल हेल्थ बुलेटिन, वाल्युम-6, आर.एम.आर.सी., जबलपुर।
* चौरसिया विजय (2004), 'प्रकृति पुत्र बैगा', मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल।
* एल्विन, वेरियर (1939), 'द बैगा', ऑक्सफोर्ड यूनिर्वसिटी, लंदन।
* गोपाल, के. रानी (1996), 'ट्राइबल ऐण्ड देअर हेल्थ स्टेटस', ए.पी.एच. पब्लिशिंग कारपोरेशन, नई दिल्ली।
* गुमास्ता, कृष्णा (1957), 'मण्डला के बैगा', मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल।
* हसन, के. ए. (1979), 'मेडिकल सोशियोलॉजी ऑफ रूरल एरियाज', सचिन पब्लिकेशन, अजमेर।
* कटारे, एस. एस. (1989), 'ट्राइबल फूड सिस्टम ऐण्ड न्यूट्रिएट इनटेक इन मण्डला डिस्ट्रिक्ट', ट्राइबल इकोनॉमी ऐण्ड मेलेन्यूटिशन इन इंडिया, एड. वाय. तिवारी, पी.जी. ऐण्ड शर्मा ए.एन., नार्दन बुक सेन्टर, नई दिल्ली।
* कुम्बले, एन.डी. (1984), 'रूरल हेल्थ', आशीष पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली।
* लोहानी, के.के. (1984), 'द बैगा ऑफ बैगाचक : अ ब्रीफ', ट्राइबल रिसर्च बुलेटिन, भोपाल, 1984।
* निरगुणे, बसन्त (1986), 'बैगा प्रकृति के सीधे साधे', मध्यप्रदेश संदेश पत्रिका।
* राजलक्ष्मी, पी. (1991), 'ट्राइबल फूड हेबिट्स', ज्ञान पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली।
* श्रीवास्तव डॉ. लोकेश (2005), 'द बैगाज ऑफ नर्मदा वैली' श्री पब्लिकेशन, नई दिल्ली।
* श्रीवास्तव डॉ. लोकेश, ऋतु रानी (2006), 'औषधीय पौधे', श्री पब्लिकेशन, नई दिल्ली।
* तिवारी, एस.के. (1997), 'द बैगा ऑफ सेन्ट्रल इंडिया', अनमोल पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली।
* 'बैगा जनसंख्या जनगणना-1991', जिला-डिण्डौरी(म.प्र.), 'बैगा विकास परियोजना', जिला-डिण्डौरी (म.प्र.)।
* 'डिण्डौरी जिला जनगणना-2001'
* यूनीसेफ रिपोर्ट, 1991-92

कांग्रेस समाजवादी दल और जय प्रकाश नारायण

सुधाकर लाल श्रीवास्तव*

भारतीय समाजवाद के प्रतिष्ठाता श्री जय प्रकाश नारायण अपने विद्यार्थी जीवन से ही राष्ट्रीय कार्यक्रमों में सक्रिय थे, उनमें देश प्रेम, स्वतंत्रता, समानता और क्रान्ति की भावना कूट-कूट कर भरी थी। अध्ययन के लिए अमेरिकी प्रवास में वह मार्क्सवादी हो गये, और जीवन के अन्तिम दिनों में मार्क्सवाद का रास्ता छोड़कर सर्वोदयी गाँधीवादी हो गये थे। मार्क्सवाद से समाजवाद और समाजवाद से सर्वोदयी गाँधीवादी तक की लम्बी विचारयात्रा में कई महत्त्वपूर्ण मोड़ आये और जय प्रकाश नारायण ने अपने विचार परिवर्तन का आधार भी स्पष्ट किया। कांग्रेस के अन्तर्गत विकसित हो रहे समाजवादी दल के संगठन में उनका निर्णायक योगदान था किन्तु वास्तविक रूप से भारत में विकसित हो रहे समाजवादी भावना के वे जनक रहे हैं, समाजवाद को भारतीय सन्दर्भ में देखने और उसे व्यावहारिक रूप से उतारने का जो स्तुत्य प्रयास श्री नारायण ने किया उसकी महत्ता को नकारा नहीं जा सकता। राजनीतिक जीवन में प्रवेश काल से ही जय प्रकाश नारायण के मन में सामन्तशाही और पूँजीशाही की समाप्ति का संघर्ष चल रहा था, वे एक नये समाज की कल्पना करते रहे, जिसमें गरीब, शोषित मजदूर और पीड़ित वर्ग का उत्थान हो। उनका कहना था कि सामाजिक न्याय, निर्धन और निराश वर्ग को उठाकर ही किया जा सकता है।

मार्क्सवाद के अध्ययन ने जय प्रकाश नारायण को स्वातंत्र्य के वृहत् क्षेत्र में प्रविष्ट कराया था। इसी समय उन्होंने अनुभव किया कि केवल राजनीतिक स्वतंत्रता ही पर्याप्त नहीं है। अतः सब प्रकार के शोषण, भूख और निर्धनता से मुक्ति के लिए समाजवादी समाज की रचना की स्थापना का प्रयास किया क्योंकि एक श्रमिक, मैकेनिक, खेतिहर, रेस्टोरेन्ट पैकर, विक्रेता आदि के रूप में जय प्रकाश नारायण ने अमेरिका में मेहनतकश के यथार्थ जीवन में उतरकर सामाजिक विषमता का प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त कर लिया था। अमेरिकी प्रवासकाल में जय प्रकाश नारायण समाजवादी दल के सदस्य थे और लॉ फालेट जैसे प्रगतिशील विचारकों से प्रभावित थे तथापि स्वदेश लौटने पर साम्यवादी लहर की उफान उन्हें कहीं और भटका नहीं सकी। जय प्रकाश नारायण की दृष्टि राष्ट्रीय आन्दोलन और राष्ट्र की समाजवादी माँग पर केन्द्रित रही और समाजवादी विचारों तथा गाँधीवादी नीतियों के प्रति

*प्रवक्ता, इतिहास विभाग, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

निष्ठा तथा त्याग के कारण लोकप्रिय हो गये। अमेरिका से साम्यवादी विचारधारा से अभिभूत होकर भारत आने पर भारतीय साम्यवादियों से बड़ी उम्मीद किये थे, इस दृष्टि से जय प्रकाश नारायण को गाँधी के नेतृत्व में क्रान्ति का अभाव दिखता था।[1]

जय प्रकाश के मानसतल पर वैज्ञानिक समाजवाद की भावना आन्दोलित हो रही थी, जिसमें तत्कालीन अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य का भी व्यापक प्रभाव पड़ा। फलतः जय प्रकाश की दृष्टि में वैज्ञानिक समाजवाद ही आगे बढ़ने का एक मात्र मार्ग दिखा।[2] जय प्रकाश को एक तरफ कांग्रेस के कार्यक्रमों में समाजवादी तत्त्व का अभाव दृष्टिगोचर हो रहा था तो दूसरी ओर विश्वव्यापी आर्थिक मंदी, व्यापक बेरोजगारी तथा कारखानों की अनवरत तालाबन्दी भी चिन्ता का कारण था। नैराश्य एवं घनीभूत असन्तोष में गर्भित जय प्रकाश नारायण का समाजवादी विचार कांग्रेस के अन्दर भी पूर्व से चल रहा था और वामपन्थी विचारधारा का बीजरूप कांग्रेस के अन्तर्गत नेहरू और सुभाष के द्वारा अंकुरित किया जा चुका था। कांग्रेस के अन्तर्गत ये वामपन्थी, किसानों और मजदूरों के सीधी कार्यवाही के पोषक थे।[3]

सन् 1928 में कम्युनिष्ट इण्टरनेशनल की छठीं कांग्रेस में सभी राष्ट्रवादी और लोकतांत्रिक समाजवादियों को 'सोशल फासिस्ट' कहा गया उस समय कम्युनिष्ट होते हुए जय प्रकाश ने इसे मानने से इनकार कर दिया। उन्होंने महसूस किया कि कॉमिनटर्न पूरी दुनिया में मजदूर और समाजवादी आन्दोलनों में दरारें पैदा कर रहा था और इस कारण सभी गुलाम देशों में यह राष्ट्रीय आन्दोलनों से कटता जा रहा था। इस परिप्रेक्ष्य में उन्हें इस विचार से साम्य रखने वालों को एक समाजवादी मंच की आवश्यकता महसूस हुई।

उस समय समाजवादी विचारधारा में विश्वास रखने वाले अनेक चिन्तनशील लोग राष्ट्रीय आन्दोलन में भाग ले रहे थे। 1931 में ही बिहार में एक समाजवादी पार्टी के गठन में रामवृक्ष बेनीपुरी, गंगा शरण सिंह, फूलन प्रसाद वर्मा, श्याम नन्दन सिंह, अब्दुल बारी एवं अब्दुल हयात आदि लोगों की महत्त्वपूर्ण भूमिका थी। इसी क्रम में जय प्रकाश नारायण बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय गये, जहाँ कुछ छात्रों ने एक समाजवादी गुट का गठन कर लिया था, जिसमें विश्वेश्वर प्रसाद कोइराला, देवकान्त बरुआ, महावीर प्रसाद सिन्हा तथा देवेन्द्र प्रताप सिंह शामिल थे। इस अवधि तक देश के कई भागों में समाजवादी संगठन आकार लेने लगा था।[4] 1933 में बनारस में कमलापति त्रिपाठी, त्रपद भट्टाचार्या और सम्पूर्णानन्द ने समाजवादी दल के लिए प्रयास किया था। इसी समय केरल और दिल्ली में भी इस तरह के दल का रूप देखने को मिलने लगा था।[5]

जय प्रकाश के मानसतल पर स्वभावतः एक छाप रेखांकित हो चुकी थी कि आजाद देश की राष्ट्रीयता पूँजीवादी प्रसार भले ही बन जाय परन्तु गुलाम देश की गष्ट्रीयता एक क्रान्तिकारी शक्ति होती है इस क्रान्तिकारी शक्ति से दूर रहकर समाजवाद एक कदम भी आगे नहीं बढ़ाया जा

सकता। हमारी कांग्रेसी शक्ति इसी क्रान्तिकारी शक्ति का संगठित रूप है अत: इस क्रान्तिकारी संस्था से सम्पर्क रखकर ही समाजवाद जनता के निकट पहुँच सकता है।[6] जय प्रकाश जेल में ही समाजवादी विचारकों के साथ नियमित क्लास भी लगाया करते थे, अन्तत: विचार-विमर्श के उपरान्त कुछ प्रमुख प्रश्न उभरकर सामने आये; जैसे- गाँधी के नेतृत्व के प्रति असन्तोष, सविनय अवज्ञा की असफलता, वर्ग विश्लेषण की पद्धति लागू करने की इच्छा, कृषक मजदूर से जुड़ जाने की आकांक्षा।[7]

जय प्रकाश के राजनीतिक जीवन का अभिध्येय सामाजिक न्याय की आधारशिला पर समाज की संरचना रहा है। वे सामाजिक न्याय के दोनों पक्षों स्वतंत्रता और समानता का अध्ययन किये। इस समय जय प्रकाश नारायण नासिक सेण्ट्रल जेल में बन्द थे। जय प्रकाश नारायण ने अपने अन्य साथियों एम.आर. मसानी, अच्युत पटवर्धन, अशोक मेहता, एम.जी. गोरे, एम.एन. जोशी तथा एम.एल. दांतेवाला के साथ जेल में ही मंथन शुरू कर दिया। जेल से मुक्त होने के बाद आचार्य नरेन्द्र देव, डॉ. राम मनोहर लोहिया, डॉ. सम्पूर्णानन्द, मेहर अली, पुरुषोत्तम, नाना साहब गोरे, गंगा शरण सिंह, नभकृष्ण चौधरी, फरीदुल अंसारी, दामोदर स्वरूप सिंह, कमला देवी चट्टोपाध्याय, के.के. मेनन, सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी, मुंशी अहमद्दीन तथा शिवनाथ बनर्जी के साथ व्यापक मानवीय सत्य को तलाश कर भारतीय मध्यम वर्ग में पहली बार क्रान्तिकारी चेतना का उदय किया। यह चेतना सविनय अवज्ञा से आगे बढ़कर व्यापकता और गहराई में कार्य करने लगी, यहीं से भारतीय समाजवादी आन्दोलन का प्रारम्भ हुआ। यद्यपि नेहरू ने इस प्रयास का स्वागत किया परन्तु सरस्यता से इनकार किया था।[8] अनेक विचार-विमर्श के बाद जय प्रकाश नारायण और नरेन्द्र देव आदि ने इसे कांग्रेस की शाखा के रूप में संगठित करने का निश्चय किया और कांग्रेस समाजवादी दल के नाम से इसे स्थापित किया।

कांग्रेस समाजवादियों का पहला सम्मेलन पटना के अन्जुमन इस्लामिया हॉल में आचार्य नरेन्द्र देव की अध्यक्षता में 17 मई 1934 को सम्पन्न हुआ। इम अधिवेशन के प्रतिनिधियों ने कांग्रेस समाजवादी पार्टी के लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस के कार्यक्रम तथा संविधान का मसविदा तैयार करने हेतु एक समिति का गठन किया और जय प्रकाश नारायण को इसका महासचिव बनाया गया। जय प्रकाश नारायण पूरे उत्साह के साथ एक प्रान्त से दूसरे प्रान्त का दौरा करते हुए कांग्रेस समाजवादी दल के संगठन के लिए स्तुत्य प्रयास किया।[9] उन्होंने समाज को यह समझाने का प्रयास किया कि मात्र स्वराज से जनता की समस्याओं का अन्त नहीं होगा जब तक कि आर्थिक संगठनों में मूलभूत परिवर्तन नहीं लाया जाता।[10]

कांग्रेस समाजवादी दल वामपन्थी बुर्जुआ वर्ग की पार्टी थी, उसके संस्थापकों में जय प्रकाश नारायण, नरेन्द्र देव तथा अशोक मेहता प्रमुख थे। यद्यपि इस अवधि तक देश के कई भागों में समाजवादी संगठन आकार लेने लगा था, परन्तु इसको देशव्यापी संगठन बनाने का प्रयास जय प्रकाश

नारायण ने ही किया था। जय प्रकाश नारायण का उद्देश्य उत्पादक समूह को समस्त अधिकार का हस्तान्तरण करना तथा देश के आर्थिक सामाजिक जीवन का विकास था। वे चाहते थे कि प्रमुख उद्योगों जैसे लौह, वस्त्र, जूट, रेल, खान, बैंक आदि का समाजीकरण हो तथा उत्पादन विनिमय एवं वितरण हेतु सहकारी समितियों का संगठन हो और उनको प्रोत्साहन मिले। विदेशी व्यापार पर राज्य का एकाधिकार हो, राजाओं और जमींदारों का अन्त, किसानों की भूमि का पुनर्विभाजन, वयस्क मताधिकार का व्यावसायिक आधार पर प्रयोग, राष्ट्रीय आय की आवश्यकता के अनुसार वितरण राज्य द्वारा सहयोगमूलक और सहकारी खेती के लिए प्रोत्साहन आदि उनका उद्देश्य था। जय प्रकाश नारायण ने कांग्रेस समाजवादी पार्टी की स्थापना के समय ही उद्देश्यों को स्पष्ट कर दिया था कि वे कांग्रेस के समक्ष एक कार्यक्रम प्रस्तुत करने जा रहे हैं यदि कांग्रेस ने इसे स्वीकार नहीं भी किया तो भी हम कांग्रेस से बाहर नहीं जायेंगे।[11] अत: स्पष्ट है कि जय प्रकाश नारायण कांग्रेस से अलग कोई संगठन बनाने का विचार नहीं रखते थे। जय प्रकाश नारायण ने लाहौर पार्टी के अधिवेशन में पहली बार कांग्रेस का तिरंगा और कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी का लाल झण्डा एक साथ फहराया। जय प्रकाश नारायण ने बताया कि दोनों झण्डों में कोई फर्क नहीं है, दोनों का लक्ष्य एक ही है, एक के नीचे हम आजादी की लड़ाई लड़ रहे हैं और दूसरे के नीचे 'समाजवादी समाज' की स्थापना के लिए प्रयासरत हैं।

जय प्रकाश नारायण कांग्रेस समाजवादी पार्टी के सर्वदा प्रमुख स्तम्भ बनेर रहे। जय प्रकाश ने 'कांग्रेस सोशलिस्ट' साप्ताहिक पत्रिका का प्रकाशन और संचालन किया।[12] इसके अतिरिक्त जे.पी. ने अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति शास्त्र के स्तर की लगभग 500 पुस्तकों की तालिका बनायी। इन पुस्तकों में मुख्यत: मार्क्सवाद मजदूर संगठन क्रान्तिदर्शन, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र की महत्त्वपूर्ण पुस्तकों का अध्ययन करने का आग्रह किया। इस सन्दर्भ में सुभाषचन्द्र बोस को पत्र लिखे जिसमें उन्होंने सोशलिस्ट बुक क्लब की चर्चा की और सुभाषचन्द्र बोस से इसके संस्थापक और सलाहकार समिति के सदस्य बनाने का प्रयास भी किये।

जय प्रकाश नारायण के प्रयास से कांग्रेस समाजवादी दल के द्वितीय सम्मेलन के समय तक लगभग सभी प्रान्तों में कांग्रेस समाजवादी दल का संगठन स्थापित हो चुका था। सन् 1935 में जय प्रकाश नारायण ने समाजवादी पक्ष का घोषणा-पत्र प्रकाशित किया 'समाजवाद क्यों?' यह समस्त विषमता तथा सामाजिक अन्याय का ऐतिहासिक विरोध पत्र था। इसमें चार महत्त्वपूर्ण निबन्ध थे; जैसे- समाजवाद का आधार, कांग्रेस समाजवादी पार्टी क्या है, विकल्प, उपाय तरीके।[13] कांग्रेस समाजवादी पार्टी के तीसरे अधिवेशन फैजपुर 1936 में जय प्रकाश नागयण ने ही नेतृत्व किया और वे ही इसके नीति रीति के प्रमुख संचालक रहे।

महात्मा गाँधी भी जय प्रकाश नारायण के सामाजिक, आर्थिक कार्यक्रमों की महत्ता को

स्वीकारने लगे थे। फलतः 1939 में त्रिपुरा कांग्रेस के आते-आते समाजवादी भी गाँधी के नेतृत्व में स्वतंत्रता आन्दोलन को स्वीकार करने के लिए तत्पर हो चले थे। गाँधीवादियों ने भी जय प्रकाश द्वारा प्रस्तुत समाजवादियों के राष्ट्रीय माँग पत्र का समर्थन किया।[14] समाजवादियों के राष्ट्रीय माँग पत्र के द्वारा यह प्रस्ताव रखा गया कि बिना किसी पूर्व चेतावनी कांग्रेस को ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध जोरदार असहयोग आन्दोलन चलाना चाहिए।[15] उन्होंने बताया कि कांग्रेस के अन्दर इस दृष्टि से कार्य करना कि उसे एक सच्चा साम्राज्यविरोधी मोर्चा बनाया जा सके तथा किसान संगठनों, मजदूर संघों का संगठन और उनकी आर्थिक-राजनीतिक लड़ाइयों को तीव्र करने और उसमें हिस्सा लेने और जनता के युवक संघ, महिला संघ, स्वयंसेवक संघ आदि को जागरूक करना था। सभी साम्राज्यवादी मुद्दों का सक्रिय विरोध और राष्ट्रीय संग्राम को मजबूत बनाने के लिए उपयोग करना, अंग्रेजी सरकार के साथ किसी भी मंजिल पर विधान सम्बन्धी समस्या पर समझौता करने में शामिल होने से इनकार करना। अनुशासन का पालन करते हुए रचनात्मक कार्यक्रम को पूरा करने में भाग लेना था।

द्वितीय विश्वयुद्ध को जय प्रकाश ने साम्राज्यवादी युद्ध बताया और सी.एस.पी. की तरफ से इनका विरोध करने को कहा, इसी क्रम में 1940 में जमशेदपुर में एक अवैध भाषण के आरोप में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इस घटना पर महात्मा गाँधी काफी दुःखी हुए और उन्होंने कहा "जय प्रकाश नारायण साधारण कार्यकर्ता नहीं हैं, वे समाजवाद के विशेषज्ञ हैं और पाश्चात्य समाजवाद पर जो कुछ जय प्रकाश नहीं जानते उसे भारत में कोई नहीं जानता।"[17]

जेल में भी जय प्रकाश अपने विचारों को लिपिबद्ध करने का कार्य करते रहे तथा जेल से बाहर भी भेजते थे, जिसे सर्चलाइट, नेशनल हेराल्ड तथा बाम्बे क्रानिकल जैसे दैनिक पत्रों में छापा जाता था, ऐसे लेख 'ए कांग्रेस सोशलिस्ट' के नाम से प्रकाशित होते थे। जेल में जय प्रकाश ने 'एन आउटलाइन पिक्चर ऑफ स्वराज' लिखा तथा गाँधी जी और कांग्रेस के रामगढ़ सत्र के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए भेजा, जो जय प्रकाश के विचारानुसार 'जनतांत्रिक समाजवाद' की तस्वीर प्रस्तुत करता है।[17] जय प्रकाश नारायण के इस प्रस्ताव पर रामगढ़ कांग्रेस के सामने युद्ध की समस्या ही सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण विचारणीय मुद्दा था। रामगढ़ कांग्रेस के समक्ष प्रस्तुत जे.पी. के प्रस्ताव की गाँधी ने सराहना करते हुए 'हरिजन' में प्रकाशित किया।[18]

कांग्रेस समाजवादियों का असंतोष और निराशा तब और अधिक स्पष्ट हुआ जब जुलाई 1941 में जय प्रकाश के कुछ पत्र पकड़े गये जो अपनी पत्नी के माध्यम से जेल के बाहर भेज रहे थे, ये कागजात पुरुषोत्तम ट्रीकमदास को पहुँचाना था जिसमें पार्टी के पुनर्संगठन और मजबूतीकरण के लिए आतंकवादी संगठनों जैसे रिवोल्युशनरी सोशलिस्ट पार्टी, हिन्दुस्तान रिपब्लिकन सोशलिस्ट एसोसिएशन आदि को अपने में शामिल करने की बात कही गयी थी यद्यपि गाँधी जी ने सभी गोपनीय तथा हिंसात्मक कृत्यों की निन्दा की किन्तु आशा से परे उन्होंने जे.पी. का बचाव भी

किया।[19]

भारत छोड़ो आन्दोलन के क्रम में जय प्रकाश ने अपने समाजवादी साथियों के साथ उग्र रूप से प्रशासन को पंगु बनाने का कार्यक्रम चलाया। इस अवधि में नेपाल में गुप्त रूप से गुरिल्ला युद्ध का कार्यक्रम चलाया और नेपाल में ही मुख्यालय बनाया किन्तु दुर्भाग्यवश वे गिरफ्तार कर लिये गये और लाहौर के लिए भेज दिये गये वहाँ से जनवरी 1945 में आगरा जेल भेजा गया जहाँ 1946 तक रखा गया। 11 अप्रैल 1946 को जेल से मुक्त होने पर जय प्रकाश लोकप्रियता की दृष्टि से जवाहर लाल नेहरू के सामने दूसरे नम्बर पर थे। युवा छात्रों में तो वे नेहरू से भी आगे थे, इस समय जय प्रकाश का भव्य स्वागत हुआ परन्तु यह स्वागत उन्हें आह्लादित नहीं कर सका क्योंकि कांग्रेस की नीतियों के प्रति जो भय और सन्देह फैलता जा रहा था उससे जय प्रकाश चिन्तित थे तथा कांग्रेस के द्वारा जो संवैधानिक और संसदीय नीतियाँ अपनायी जा रही थीं उससे उनके मन में क्षोभ था। जय प्रकाश ने इस परिस्थिति में कैबिनेट मिशन द्वारा प्रस्तावित संविधान सभा में भाग लेने से भी इनकार कर दिया तथा कांग्रेस समाजवादी दल के सदस्यों को इनके लिए चुनाव लड़ने से रोक दिया क्योंकि जय प्रकाश के सामने अहम प्रश्न था कि देश में जो राष्ट्रीयता की जागृति आयी थी उसका उपयोग किस तरह किया जाय। जय प्रकाश नारायण और कांग्रेस के बीच दूरियाँ बढ़ती गयीं क्योंकि कांग्रेस और लीग अपने को एक राजनीतिक दल का रूप देने लगे थे। जय प्रकाश को कांग्रेस से अपने दल को मुक्त करने के सिवाय और कोई मार्ग नहीं दिख रहा था। कांग्रेस समाजवादी दल ने अपने प्रतिनिधियों को संविधान सभा से वापस बुला लिया। इसी क्रम में मार्च 1948 में सी.एस.पी. के नासिक सम्मेलन को समाजवादी क्रान्ति का एक विज्ञान स्वीकार करते हुए रचनात्मक कार्यों में विश्वास, नैतिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता एवं राजनीति के शुद्ध मार्ग के अनुसरण की महत्ता पर बल दिया।[20]

जय प्रकाश नारायण कांग्रेस भारतीय समाजवादी आन्दोलन दल के लिए नींव की ईंट थे, वे भारत में सामाजिक संरचना की दृष्टि से क्रान्तिकारी कार्यक्रमों से विमुख नहीं होना चाहते थे। उनका अभिप्राय सत्ता का अधिग्रहण नहीं बल्कि जन आन्दोलन द्वारा समाजवादी भारत का निर्माण करना तथा मानवीय मूल्यों की प्रतिस्थापना करना था। इन्हीं लक्ष्यों से अभिभूत आगे चलकर श्री नारायण ने सोखोदेवरा गाँव में 'सर्वोदय आश्रम' की स्थापना भी की थी जिसमें स्वतंत्रता, समानता और बन्धुत्व को बढ़ावा मिला। इसके बाद भूमिदान, ग्रामदान, सम्पत्तिदान, और फिर जीवनदान के माध्यम से आर्थिक-सामाजिक रूप से राष्ट्र को सुदृढ़ करने का प्रयास किया।

सन्दर्भ ग्रन्थ

1. चितरंजन, सी.एन. - एसोसिंग जे.पी. : 'मेनस्ट्रीम', अक्टूबर 20, 1979, पृ. 71
2. नारायण, जय प्रकाश - ह्वाई सोशलिज्म : बनारस ऑल इण्डिया कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी, 1936

3. दी इण्डियन ऐनुअल रजिस्टर भाग 11, पृ. 36
4. सम्पूर्णानन्द – मेमोरिज ऐण्ड रिफ्लेक्शन : एशिया पब्लिशिंग हाउस, 1962, पृ. 72
5. देव, आचार्य नरेन्द्र – सोशलिज्म ऐण्ड नेशनल रिवॉल्युशन : पद्मा पब्लिकेशन, वाम्बे, 1946, पृ. 25
6. रामवृक्ष बेनीपुरी – जय प्रकाश नारायण, पृ. 91
7. शास्त्री, प्रकाश – भारत में समाजवादी आन्दोलन, पृ. 32
8. सम्पूर्णानन्द – मेमोरीज ऐण्ड रिफ्लेक्शन, पृ. 72
9. शास्त्री, प्रकाश – पूर्वोक्त
10. इण्डियन ऐनुअल रजिस्टर भाग 1, 1934, पृ. 340
11. होम डिपार्टमेण्ट पॉलिटिकल फाइल नं. 36/3/1934, पृ. 16
12. शंकर, गिरिजा – सोशलिस्ट एक्सपेरिमेण्ट इन इण्डिया ऐण्ड जय प्रकाश नारायण 1929–48 दी क्वार्टरली रिव्यू ऑफ हिस्टॉरिकल स्टडीज भाग–17, नं. 2, 1977–78, पृ. 83–84
13. नारायण, जय प्रकाश – ह्वाई सोशलिज्म : बनारस ऑल इण्डिया कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी, 1936
14. शंकर, गिरिजा – पूर्वोक्त, पृ. 85
15. बोस, सुभाष चन्द्र – "ब्रिटिश साम्राज्यवादिता के विरुद्ध जोरदार असहयोग चलाने के पूर्व छः माह पूर्व चेतावनी दिया जाना चाहिए", देखें– हिस्ट्री ऑफ इण्डियन मूवमेण्ट
16. हरिजन, भाग–3, नं.–5, मार्च 16, 1940, पूना, पृ. 48
17. जय प्रकाश नारायण – सोशियोलिज्म, सर्वोदय ऐण्ड डेमोक्रेसी, पृ. 161
18. हरिजन, 20 अप्रैल 1940
19. शंकर, गिरिजा – पूर्वोक्त, पृ. 87
20. सोशलिस्ट पार्टी ऑफ इण्डिया, रिपोर्ट ऑफ दी सिक्स्थ ऐनुअल कान्फ्रेन्स 1948, पृ. 48–103

ऊर्जा संकट एवं इसके संरक्षण के क्षेत्र में परिवार की जानकारी एवं जागरूकता का अध्ययन (गोरखपुर नगर क्षेत्र के संदर्भ में)

नमितेश गुप्ता* एवं उमा जोशी**

किसी भी देश में व्यक्तियों के उच्च जीवन स्तर तथा आर्थिक विकास में ऊर्जा संसाधनों का मुख्य योगदान है। ऊर्जा उत्पादन एवं उपभोग दोनों ही किसी राष्ट्र की प्रगति के सूचक हैं। वर्तमान समय में ऊर्जा की बढ़ती मांग की अपूर्ण आपूर्ति विश्व पटल पर एक महत्त्वपूर्ण समस्या बनकर उभर रही है। सिविल सर्विसेज क्रॉनिकल (अगस्त 2009) में ऊर्जा संकट पर प्रकाशित एक लेख के अनुसार- "सन् 1960 के पश्चात् से कोयला, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, आण्विक खनिज जैसे समापनीय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग एवं मांग बहुत बढ़ गई है। आगामी 20-25 वर्षों में विश्व की ऊर्जा खपत और मांग में उत्तरोत्तर अभिवृद्धि से शक्ति संसाधनों के दोहन में भी दिनानुदिन अभिवृद्धि हो रही है। फलतः ऊर्जा के प्रधान स्रोतों यथा- कोयला, खनिज तेल, प्राकृतिक गैस तथा आण्विक खनिजों का भंडार घटता जा रहा है।"

मानव विकास के मूल आधार ऊर्जा की बढ़ती मांग को मात्र अनवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों जैसे- बायोमॉस एवं अपशिष्ट, खनिज तेल, कोयला, प्राकृतिक गैस एवं परमाणु ऊर्जा पर निर्भर रह कर वैकल्पिक ऊर्जा के बिना पूर्ण नहीं किया जा सकता है। यद्यपि आज वैज्ञानिकों ने ऊर्जा बचत करने वाली अनेक तकनीकियों एवं गैर परम्परागत ऊर्जा से संचालित अनेक व्यावसायिक तथा घरेलू तकनीकी एवं उपकरण विकसित कर लिये हैं जो परम्परागत ऊर्जा स्रोतों की बचत करने के साथ-साथ पर्यावरण मित्र भी हैं परन्तु व्यावहारिक स्तर पर सामान्य जन द्वारा इसके स्वैच्छिक प्रयोग एवं जागरूकता के प्रति उदासीनता व्याप्त है। सामान्य नागरिक ऊर्जा संरक्षण एवं नवीकरणीय ऊर्जा के प्रति क्यों उदासीन हैं? इसका क्या कारण है? ऊर्जा संकट एवं इसकी रोकथाम के प्रति सामान्यजन कितने जागरूक हैं? इन्ही तथ्यों को ध्यान में रखकर 'ऊर्जा संकट एवं इसके संरक्षण के क्षेत्र में परिवार की जानकारी एवं जागरूकता का अध्ययन' (गोरखपुर नगर क्षेत्र के संदर्भ में) विषय का चयन किया गया। जिसके लिये तीन उद्देश्य निर्धारित किये गये- ऊर्जा संकट के क्षेत्र में परिवार की जानकारी एवं जागरूकता का अध्ययन, ऊर्जा संसाधन स्रोतों को प्राथमिकता देने में परिवारों की अभिरुचि का अध्ययन एवं ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में परिवार की जानकारी एवं जागरूकता का

*प्रवक्ता-गृहविज्ञान सी.आर.डी.एम.पी.जी. कॉलेज, गोरखपुर

**रीडर-गृहविज्ञान वी.एम.एल.जी.पी.जी. कॉलेज, गाजियाबाद (उ.प्र.)

अध्ययन।

शोधकार्य की पूर्णता हेतु आकस्मिक प्रतिचयन विधि द्वारा जिला गोरखपुर के हुमायूँपुर, आर्यनगर, बशारतपुर एवं बेतियाहाता क्षेत्रों से 100 परिवारों का चयन किया गया जिसके आधार पर समग्र रूप मे यह परिणाम प्राप्त हुआ कि - परिवारों को ऊर्जा संकट है ये तो ज्ञात है परन्तु ऊर्जा उत्पादन दर, आपूर्ति व्यवस्था, पेट्रोल व कोयले के भंडार, विद्युत दर का स्पष्ट ज्ञान नहीं है। वे मात्र इतना जानते हैं कि ये कम है तथा वे अपूर्ण आपूर्ति का कारण प्रशासन तन्त्र की कमी, चोर बाजारी एवं कम उत्पादन को मानते हैं। अधिकांश परिवार ऊर्जा स्रोत के रूप में अनवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को ही जानते है जबकि अनवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के विषय में इनका ज्ञान सीमित है। सभी परिवार पेट्रोल, विद्युत, एल.पी.जी., लकड़ी, मिट्टी का तेल एवं डीजल जैसे अनवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के प्रयोग को प्राथमिकता देते हैं। वे बायोगैस प्लॉन्ट के महत्त्व को तो स्वीकार करते हैं परन्तु मानव मल आधारित बायोगैस प्लान्ट को घृणा के कारण स्वीकार नहीं कर पाते हैं। वे महंगा होने के कारण एल.पी.जी., विद्युत एवं पेट्रोल की बचत तो करते हैं किन्तु ऊर्जा की बचत करने वाले एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों द्वारा संचालित वाहन एवं उपकरणों को कम कुशल होने के कारण कम महत्त्व देते हैं। अधिकांश परिवार ऊर्जा स्रोतों के संरक्षण को प्रोत्साहित करते हैं तथा वे चाहते हैं कि ऊर्जा संरक्षण हेतु नवीन स्रोतों की खोज जागरूकता फैलाने के लिये प्रोत्साहन हेतु प्रशासन इस ओर विशेष ध्यान दे।

इस प्रकार स्पष्ट है कि मध्यम वर्गीय परिवारों में ऊर्जा संकट के प्रति विशेष जागरूकता नहीं है तथा वे परम्परागत ऊर्जा स्रोतों पर ही विशेष रूप से निर्भर हैं। ऊर्जा संकट की स्थिति का ज्ञान तो है परन्तु वास्तविक स्थिति एवं कारणों से अनभिज्ञ हैं। वे ऊर्जा संरक्षण हेतु स्वयोगदान को बहुत महत्त्व नहीं देते हैं एवं ऊर्जा संरक्षण हेतु प्रशासनिक प्रयासों को आवश्यक मानते हैं।

स्पष्ट है कि मात्र अनवीनीकृत ऊर्जा स्रोतों पर निर्भर रहकर दीर्घकाल तक काम नहीं चलाया जा सकता है। यू.एस. एनर्जी इन्फॉरमेशन ऐडमिनिस्ट्रेशन (मार्च 18, 2013) में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार- "सन् 2011 में भारत संयुक्त राष्ट्र, चीन एवं रूस के पश्चात् ऊर्जा खपत के स्तर में चौथे स्थान पर है। आर्थिक विकास में वृद्धि के साथ-साथ सन् 2000 से इसमें लगभग 7 प्रतिशत की दर से वृद्धि हो रही है। सन् 1990 से 2011 में भारत की प्राथमिक ऊर्जा खपत दर में दोगुनी से भी अधिक वृद्धि हुई है।" इस रिपोर्ट से स्पष्ट है कि आज ऊर्जा की मांग में अत्यधिक वृद्धि हो रही है।

इन्डिपेन्डेन्ट स्टेटिस्टिक्स ऐण्ड एनालिसिस (ई.आई.ए.) की सन् 2012 रिपोर्ट के अनुसार "जनसंख्या का औसतन लगभग 25 प्रतिशत भाग विद्युत ऊर्जा संकट का सामना कर रहा है तथा इसकी आपूर्ति हेतु कोयले के द्वारा विद्युत आपूर्ति की जाती है।" ऊर्जा की बढ़ती मांग के साथ-साथ

अनवीनीकृत ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता बढ़ी है। आज देश का प्रत्येक नागरिक ईंधन के बढ़ते मूल्य से त्रस्त है। ई.आई.ए. (2011) भारत में ऊर्जा खपत की रिपोर्ट के अनुसार- भारत में कुल ऊर्जा खपत का 95 प्रतिशत भाग बायोमॉस एवं अपशिष्ट, खनिज तेल, कोयला एवं प्राकृतिक गैस जैसे अनवीनीकृत ऊर्जा स्रोतों पर निर्भर है जबकि मात्र 5 प्रतिशत भाग आण्विक ऊर्जा एवं नवीनीकृत ऊर्जा स्रोतों से पूर्ण किया जाता है।



ऊर्जा की सर्वाधिक मांग उद्योगों में होती है, उसके बाद परिवहन का क्रम आता है, परन्तु पिछले कुछ वर्षों में ऊर्जा की कुल खपत में उद्योगों एवं परिवहन के क्षेत्रों का अंश कम हुआ है और घरेलू, व्यावसायिक, लोकसेवा क्षेत्र तथा अन्य क्षेत्रों में ऊर्जा की खपत बढ़ी है। पारिख एस. किरीट के द्वारा लगाये गये एक अनुमान के अनुसार- "भारत की 2031-32 की संभावित ऊर्जा मांग को अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में स्पष्ट होगा कि 2007-08 में चीन की ऊर्जा खपत 1100-1200 म्टो (तेल के समान लाख टन) थी जबकि अमेरिका की ऊर्जा खपत 2400-2500 म्टो थी, इसकी तुलना में जबकि भारत की व्यापारिक ऊर्जा की खपत 421 म्टो थी। अगर भारत की 2031-32 में सम्भावित खपत 1.47 अरब मानी जाये, तब भारत की प्रतिव्यक्ति ऊर्जा खपत चीन की 2008 की खपत से थोड़ी अधिाक होगी। 2031-32 में ऊर्जा उपभोग का अनुमान पारिख एस. किरीट की इस तालिका से और भी स्पष्ट हो सकता है-

प्रारम्भिक ऊर्जा खपत संतुलन

(9 प्रतिशत सघड़ वृद्धि पर आधारित अनुमान)

ऊर्जा का प्रकार	यूनिट	2007-08 मूल यूनिट	वास्तविक म्टो	2031-32 परिदृश्य (क)म्टो	सम्भावनाएं पारिदृश्य (ख)म्टो
कोयला	मिट	501.52	215.48	914	260
लिग्नाइट	मिट	34.65	9.71	-	-
तेल	मिट	139.73	139.73	555	397
प्राकृतिक गैस	बी.सी.एम.	32.27	29.07	-235	191
एल0एन0जी0	मिट	8.24	10.21	-	-
परमाणु ऊर्जा	मिकिवा	16777	4.38	98	98
पन बिजली	मिकिवा	128702	11.07	35	35
नवीकरणीय ऊर्जा	मिकिवा	11410	0.98	2	87
प्रारम्भिक व्यापारिक ऊर्जा	म्टो	-	420.62	1839	1668
गैर-व्यापारिक ऊर्जा	म्टो	-	149.50	185	185
कुल प्रारम्भिक ऊर्जा आपूर्ति	म्टो	-	570.12	2024	1853

परिदृश्य (क)- सम्पूर्ण पनबिजली एवं परमाणु संभावित क्षमता का विकास, प्राकृतिक गैस का अधिकतम उपयोग तथा ऊर्जा कुशलता एवं मांग पक्ष प्रबन्ध द्वारा खपत में कटौती।

परिदृश्य (ख)- नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत के विकास पर जोर, हर तरह के परिवहन के लिये ऊर्जा कुशल इंजनों का विकास तथा साथ ही परिदृश्य (क) के सभी उपाय हैं।

मानव विकास के मूल आधार ऊर्जा की बढ़ती मांग को मात्र अनवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों जैसे- बायोमॉस एवं अपशिष्ट, खनिज तेल, कोयला, प्राकृतिक गैस एवं परमाणु ऊर्जा पर निर्भर रह कर वैकल्पिक ऊर्जा के बिना पूर्ण नहीं किया जा सकता है। आज यह आवश्यक हो गया है कि वैकल्पिक ऊर्जा के साधनों का वैज्ञानिक रूप से प्रयोग किया जाये, जिससे प्रकृति पर कम बोझ डालकर अधिकतम ऊर्जा की प्राप्ति की जा सके। इसके लिये गैरपरम्परागत ऊर्जा स्रोतों जैसे- सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जैव ऊर्जा, जल ऊर्जा एवं बायो गैस इत्यादि ऊर्जा के विकास एवं प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है जिससे अधिकतम ऊर्जा की बचत हो।

बड़े औद्योगिक, सार्वजनिक एवं राष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा संरक्षण के महत्त्व को समझने से ऊर्जा संकट की समस्या को पूर्णत: हल नहीं किया जा सकता बल्कि इसके लिये देश के प्रत्येक नागरिक को इस स्थिति को समझना एवं सार्थक प्रयास करना आवश्यक है। यद्यपि आज वैज्ञानिकों ने ऊर्जा बचत करने वाली अनेक तकनीकियों एवं गैर परम्परागत ऊर्जा से संचालित अनेक व्यावसायिक तथा घरेलू तकनीक एवं उपकरण विकसित कर लिये हैं जो परम्परागत ऊर्जा स्रोतों की बचत करने के साथ-साथ पर्यावरण मित्र भी हैं परन्तु व्यावहारिक स्तर पर सामान्यजन द्वारा इसके स्वैच्छिक प्रयोग एवं जागरूकता के प्रति उदासीनता व्याप्त है। इसके कारण नवीकरणीय ऊर्जा विकास का जो लक्ष्य रखा गया है पूर्णत: पूर्ण नहीं हो पा रहा है। सामान्य नागरिक ऊर्जा संरक्षण एवं नवीकरणीय ऊर्जा के प्रति क्यों उदासीन हैं? इसका क्या कारण है? ऊर्जा संकट एवं इसकी रोकथाम के प्रति सामान्यजन कितने जागरूक हैं? इन्ही तथ्यों को ध्यान में रखकर **ऊर्जा संकट एवं इसके संरक्षण के क्षेत्र में परिवार की जानकारी एवं जागरूकता का अध्ययन (गोरखपुर नगर क्षेत्र के संदर्भ में)** विषय का चयन किया गया।

अध्ययन के उद्देश्य

- ऊर्जा संकट के क्षेत्र में परिवार की जानकारी एवं जागरूकता का अध्ययन।
- ऊर्जा संसाधन स्रोतों को प्राथमिकता देने में परिवारों की अभिरुचि का अध्ययन।
- ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में परिवार की जानकारी एवं जागरूकता का अध्ययन।

अनुसंधान प्रविधि

शोध कार्य की अध्ययन प्रक्रिया को इस प्रकार से योजनाबद्ध किया गया-

भौगोलिक क्षेत्र- इस शोध कार्य को सम्पादित करने हेतु गोरखपुर के हुमायूँपुर, आर्यनगर, बशारतपुर एवं बेतियाहाता क्षेत्रों का चयन किया गया।

प्रतिचयन विधि- आँकड़ों के संग्रह हेतु प्रतिदर्श का चयन 'आकस्मिक प्रतिचयन विधि' द्वारा किया गया।

न्यादर्श एवं इकाइयों का चयन- न्यादर्श के चयन हेतु मध्यम आयवर्गीय 100 परिवारों से 30-60 वर्ष की गृहणियों का चयन किया गया।

तथ्य संकलन हेतु उपकरण- तथ्य संकलन हेतु प्रश्नावली विधि एवं स्वरचित प्रश्नावली का प्रयोग किया गया, जिसमें 25 प्रश्नों का संकलन है।

अध्ययन हेतु सांख्यिकी एवं विश्लेषण- अध्ययन के पश्चात् प्राप्त आँकड़ों का विश्लेषण एवं प्रस्तुतिकरण हेतु मध्यमान, प्रतिशत, एवं सारणी विधि का प्रयोग किया गया।

परिणाम एवं विश्लेषण –

ऊर्जा संकट एवं इसके संरक्षण के क्षेत्र में परिवार की जानकारी एवं जागरूकता का अध्ययन (गोरखपुर नगर क्षेत्र के संदर्भ में) के द्वारा प्राप्त आँकड़ों का वर्गीकरण, परिणाम एवं विश्लेषण इस प्रकार है –

तालिका संख्या –1

ऊर्जा संकट के संदर्भ में परिवार की जानकारी एवं जागरुकता का अधययन

क्रम सं.	उत्तरदाताओं का वितरण	उत्तर विवरण	प्रतिशत (100%) (N = 100)
1	देश के आर्थिक ऊर्जा संकट का ज्ञान	ज्ञान नही है	33.00
		ज्ञान है	67.00
2	देश के ऊर्जा आपूर्ति व्यवस्था का ज्ञान	हाँ	34.00
		नहीं	46.00
		थोड़ा–बहुत	20.00
3	वर्तमान विद्युत उत्पादन एवं उपभोग दर का ज्ञान	हाँ	33.00
		नहीं	67.00
4	कोयला भंडार की उपलब्धता का ज्ञान	ज्ञान है	69.00
		ज्ञान नहीं	31.00
5	पेट्रोलियम के वर्तमान भण्डार का ज्ञान	ज्ञान है	69.00
		ज्ञान नहीं है	31.00
6	विद्युत की अपूर्ण आपूर्ति का कारण	कम उत्पादन	20.00
		चोरी	49.00
		प्रशासन तन्त्र की कमी	31.00
7	ईंधन की कीमतों में वृद्धि का कारण	प्रशासन तन्त्र की कमी	40.00
		उत्पादन में कमी	15.00
		सीमित भंडार	45.00

8	ईंधन की अपूर्ण आपूर्ति का कारण	प्रशासन तन्त्र की कमी	32.00
		उत्पादन में कमी	15.00
		चोर बाजारी	53.00

तालिका संख्या-1 के अनुसार - ऊर्जा संकट के संदर्भ में परिवार की जानकारी एवं जागरूकता का अध्ययन के संदर्भ में 33 प्रतिशत परिवारों को देश के आर्थिक ऊर्जा संकट का ज्ञान नहीं है, जबकि 67 प्रतिशत इस स्थिति को जानते हैं और उनका मत है कि इस समस्या के निदान के लिये ऊर्जा का संरक्षण करना चाहिये। 34 प्रतिशत परिवारों को देश की ऊर्जा आपूर्ति व्यवस्था का ज्ञान है, उन्हें ये ज्ञात है कि देश को काफी मात्रा में ऊर्जा संसाधनों का आयात करना पड़ता है जबकि 20 प्रतिशत को थोड़ा-बहुत एवं 46 प्रतिशत को कोई ज्ञान नहीं है। 33 प्रतिशत परिवारों को वर्तमान विद्युत उत्पादन एवं उपभोग दर का ज्ञान है, उन्हें ये ज्ञात है कि मांग से उत्पादन कम है। जबकि 67 प्रतिशत को इसका ज्ञान नहीं है। 69 प्रतिशत परिवार ये तो जानते हैं कि कोयले एवं पेट्रोलियम का भण्डार कम है, परन्तु कितना कम है ये ज्ञात नहीं है, जबकि 31 प्रतिशत को इस विषय में ज्ञान नहीं है। 20 प्रतिशत परिवार विद्युत की अपूर्ण आपूर्ति का कारण कम उत्पादन को मानते हैं जबकि 49 प्रतिशत चोरी एवं 31 प्रतिशत प्रशासन तन्त्र की कमी को अपूर्ण आपूर्ति का कारण मानते हैं। 40 प्रतिशत परिवार ईंधन की कीमतों में वृद्धि का कारण प्रशासन तन्त्र की कमी को मानते हैं तथा 15 प्रतिशत परिवार उत्पादन में कमी एवं 45 प्रतिशत सीमित भंडार को इसका कारण मानते हैं। 32 प्रतिशत परिवार ईंधन की अपूर्ण आपूर्ति का कारण प्रशासन तन्त्र की कमी को मानते हैं, 15 प्रतिशत कम उत्पादन एवं 53 प्रतिशत चोर बाजारी को इसका कारण जानते हैं।

तालिका संख्या- 2

ऊर्जा स्रोतों को प्राथमिकता देने में परिवारों की अभिरुचि का अध्ययन

क्रम सं.	**उत्तरदाताओं का वितरण**	**उत्तर विवरण**	**प्रतिशत (100%) (N = 100)**
1	ऊर्जा स्रोतों से परिचय	सौर ऊर्जा स्रोत का ज्ञान	10.00
		मात्र विद्युत ऊर्जा स्रोत का ज्ञान	12.00
		नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत का ज्ञान	72.00
		अनवीकरणीय ऊर्जा स्रोत का ज्ञान	06.00
2	अनवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के प्रयोग को प्राथमिकता	पेट्रोल, विद्युत एवं एल.पी.जी.	78.00
		लकड़ी, मिट्टी का तेल एवं डीजल	22.00

3	नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतोंका ज्ञान	सौर ऊर्जा एवं बायो गैस ज्ञान	43.00
		अन्य स्रोतों का भी ज्ञान	20.00
		ज्ञान नहीं	37.00
4	ऊर्जा के आधार पर घरेलू	विद्युत एवं एल.पी.जी.	98.00
	उपकरणों को प्राथमिकता	सौर ऊर्जा एवं बायो गैस	02.00
5	ऊर्जा स्रोत के आधार पर	पेट्रोल एवं डीजल	91.00
	वाहनों को प्राथमिकता	विद्युत एवं सी.एन.जी.	08.00
6	घरेलू ईंधन स्रोत को	विद्युत एवं एल.पी.जी.	80.00
	प्राथमिकता	लकड़ी, मिट्टी का तेल	20.00
7	बायो गैस प्लान्ट के प्रयोग	हाँ	83.00
	को महत्त्व देना	नहीं	17.00
8	मानव मल आधारित बायो गैस	हाँ	33.00
	प्लान्ट के प्रयोग को महत्त्व देना	नहीं	67.00

तालिका संख्या 2 के अनुसार - 'ऊर्जा स्रोतों को प्राथमिकता देने में परिवारों की अभिरुचि का अध्ययन' के संदर्भ में ऊर्जा स्रोतों से परिचय के विषय में 10 प्रतिशत को सौर ऊर्जा स्रोत का ज्ञान, 12 प्रतिशत को मात्र विद्युत ऊर्जा स्रोत का ज्ञान, 72 प्रतिशत को नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत का ज्ञान एवं 6 प्रतिशत अनवीकरणीय ऊर्जा स्रोत का ज्ञान है। 78 प्रतिशत परिवार पेट्रोल, विद्युत एवं एल.पी.जी. तथा 22 प्रतिशत लकड़ी, मिट्टी का तेल एवं डीजल जैसे अनवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के प्रयोग को प्राथमिकता देते हैं। 43 प्रतिशत परिवारों को सौर ऊर्जा एवं बायो गैस, 20 प्रतिशत को अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का भी ज्ञान है तथा 37 प्रतिशत परिवारों को नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का ज्ञान नहीं है। ऊर्जा स्रोत के आधार पर 98 प्रतिशत परिवार विद्युत एवं एल.पी.जी. द्वारा संचालित घरेलू उपकरणों को प्राथमिकता देते हैं और मात्र 2 प्रतिशत ही सौर ऊर्जा एवं बायो गैस के महत्त्व को स्वीकार करते है। 80 प्रतिशत परिवार विद्युत एवं एल.पी.जी. को घरेलू ईंधन स्रोत के रूप में प्राथमिकता देते हैं और 20 प्रतिशत लकड़ी एवं मिट्टी तेल को प्राथमिकता देते हैं। 83 प्रतिशत परिवार बायो गैस प्लान्ट के प्रयोग को महत्त्व देते हैं तथा इनका मत है कि इसके प्रचार-प्रसार से घरेलू ईंधन की समस्या को काफी सीमा तक कम किया जा सकता है, जबकि 17 प्रतिशत इसे महत्त्व नहीं देते हैं। 33 प्रतिशत परिवार मानव मल आधारित बायो गैस प्लान्ट के प्रयोग को महत्त्व देते हैं तथा मल निस्तारण की उचित तकनीकी मानते हैं परन्तु 67 प्रतिशत घृणा के कारण इसे पसन्द

नहीं करते हैं।

तालिका संख्या - 3

ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में परिवार की जानकारी एवं जागरूकता का अध्ययन

क्रम सं.	उत्तरदाताओं का वितरण	उत्तर विवरण	प्रतिशत (100%) (N = 100)
1	पेट्रोल की बचत करना	हाँ	73.00
		नहीं	27.00
2	रसोई गैस की बचत करना	हाँ	85.00
		नहीं	15.00
3	सौर ऊर्जा उपकरणों काप्रयोग करना	हाँ	13.00
		नहीं	87.00
4	सौर ऊर्जा उपकरणों के कम	अज्ञानता	40.00
	प्रयोग का कारण	जागरुकता की कमी	60.00
5	ऊर्जा की बचत करने वाले उपकरणों	हाँ	48.00
6	एवं वाहनों का प्रयोग सार्वजनिक विद्युत उपकरणों को	नहीं हाँ	52.00 50.00
	बन्द करना	नहीं	30.00
		कभी-कभी	20.00
7	नवीकरणीय ऊर्जा वाले उपकरण	हाँ	37.00
	एवं वाहनों का प्रयोग	नहीं	63.00
8	ऊर्जा की बचत को प्रेरित करना	हाँ	73.00
		नहीं	27.00
9	ऊर्जा संरक्षण हेतु प्रशासनिक प्रयासों की आवश्यकता	ऊर्जा के नवीन स्रोतों की खोज व ऊर्जा स्रंरक्षण हेतु जागरुक करना	53.00
		कोई अपेक्षा नहीं	47.00

तालिका संख्या 3 के अनुसार - 'ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में परिवार की जानकारी एवं जागरूकता का अध्ययन' के संदर्भ में 73 प्रतिशत परिवार पेट्रोल एवं 85 प्रतिशत रसोई गैस की बचत करते हैं क्योंकि ये काफी महंगे हो गये हैं जबकि 27 प्रतिशत परिवार पेट्रोल एवं 15 प्रतिशत रसोई गैस की बचत नहीं करते हैं। 13 प्रतिशत परिवार किसी सौर ऊर्जा उपकरणों का प्रयोग करते हैं जबकि 87 प्रतिशत सौर ऊर्जा उपकरणों का प्रयोग नहीं करते हैं क्योंकि वे इसे महंगा एवं असुविध ाजनक मानते हैं। सौर ऊर्जा उपकरणों के कम प्रयोग का कारण 40 प्रतिशत परिवार अज्ञानता एवं 60 प्रतिशत जागरूकता की कमी को मानते हैं। इनका मत है कि इस दिशा में प्रचार-प्रसार एवं तकनीकी सुधार के द्वारा सौर ऊर्जा उपकरणों के प्रयोग को बढ़ाया जा सकता है। 48 प्रतिशत परिवार विद्युत ऊर्जा की बचत करने वाले उपकरणों एवं वाहनों का प्रयोग करते हैं जबकि 52 प्रतिशत ऐसा नहीं करते क्योंकि उनके उपकरण एवं वाहन पुराने हैं। 50 प्रतिशत परिवार सार्वजनिक विद्युत उपकरणों को बन्द करते हैं, 20 प्रतिशत कभी-कभी एवं 30 प्रतिशत नहीं करते हैं। क्योंकि वे इसे अपना काम नहीं मानते हैं एवं इस ओर विशेष ध्यान नहीं देते हैं। 37 प्रतिशत परिवार नवीकरणीय ऊर्जा वाले उपकरण एवं वाहनों का प्रयोग करते हैं जबकि 63 प्रतिशत इनका प्रयोग नहीं करते क्योंकि ये असुविधाजनक एवं तकनीकी रूप से कम कुशल हैं। 73 प्रतिशत परिवार ऊर्जा की बचत को प्रेरित करते हैं एवं 27 प्रतिशत ऐसा नहीं करते हैं। 53 प्रतिशत परिवार ऊर्जा संरक्षण हेतु प्रशासनिक प्रयासों को आवश्यक मानते हैं। उनके अनुसार इसके लिये ऊर्जा के नवीन स्रोतों की खोज व ऊर्जा संरक्षण हेतु जागरूक करना चाहिये जबकि 47 प्रतिशत को बढ़ती महंगाई से त्रस्त होने के कारण कोई अपेक्षा नहीं हैं।

निष्कर्ष एवं सुझाव

वर्तमान समय में ऊर्जा संकट एक बड़ी समस्या बन चुकी है। आज विश्व में जितने भी परम्परागत ऊर्जा के साधन शेष हैं उनसे मात्र कुछ दशकों तक ही काम चलाया जा सकता है। अतः यह आवश्यक हो गया है कि ऊर्जा संरक्षण एवं अपरम्परागत ऊर्जा स्रोतों के प्रयोग को प्राथमिकता दी जाये इसी दिशा में ऊर्जा संकट एवं इसके संरक्षण के क्षेत्र में परिवार की जानकारी एवं जागरूकता के अध्ययन के पश्चात् प्राप्त निष्कर्ष इस प्रकार हैं -

- ऊर्जा संकट के संदर्भ में परिवार की जानकारी एवं जागरूकता के अध्ययन के पश्चात् यह निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि - परिवारों को ऊर्जा संकट है ये तो ज्ञात है परन्तु ऊर्जा उत्पादन दर, आपूर्ति व्यवस्था, पेट्रोल कोयले के भंडार, विद्युत दर का स्पष्ट ज्ञान नहीं है। वे मात्र इतना जानते हैं कि ये कम है तथा अपूर्ण आपूर्ति का कारण प्रशासन तन्त्र की कमी, चोर बाजारी एवं कम उत्पादन को मानते हैं।

- ऊर्जा स्रोतों को प्राथमिकता देने में परिवारों की अभिरुचि के अध्ययन के पश्चात् यह निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि - अधिकांश परिवार ऊर्जा स्रोत के रूप में अनवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को ही जानते हैं जबकि अनवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के विषय में इनका ज्ञान सीमित है। सभी परिवार पेट्रोल, विद्युत, एल0 पी0 जी0, लकड़ी, मिट्टी का तेल एवं डीजल जैसे अनवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के प्रयोग को प्राथमिकता देते हैं। वे बायोगैस प्लान्ट के महत्त्व को तो स्वीकार करते हैं परन्तु मानव मल आधारित बायोगैस प्लान्ट घृणा के कारण स्वीकार नहीं कर पाते हैं।

- ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में परिवार की जानकारी एवं जागरूकता के अध्ययन के पश्चात् यह निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि - अधिकांश परिवार महंगा होने के कारण एल.पी.जी., विद्युत एवं पेट्रोल की बचत तो करते हैं किन्तु ऊर्जा की बचत करने वाले एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों द्वारा संचालित वाहन एवं उपकरणों को कम कुशल होने के कारण कम महत्त्व देते हैं। अधिकांश परिवार ऊर्जा स्रोतों के संरक्षण को प्रोत्साहित करते हैं तथा वे चाहते हैं कि ऊर्जा संरक्षण हेतु नवीन स्रोतों की खोज जागरूकता फैलाने के लिये प्रोत्साहन हेतु प्रशासन इस ओर विशेष ध्यान दे।

इस प्रकार स्पष्ट है कि मध्यमवर्गीय परिवारों में ऊर्जा संकट के प्रति विशेष जागरूकता नहीं है तथा वे परम्परागत ऊर्जा स्रोतों पर ही विशेष रूप से निर्भर हैं। उन्हें ऊर्जा संकट की स्थिति का ज्ञान तो है परन्तु वास्तविक स्थिति एवं कारणों से अनभिज्ञ हैं। वे ऊर्जा संरक्षण हेतु स्वयोगदान को बहुत महत्त्व नहीं देते हैं एवं ऊर्जा संरक्षण हेतु प्रशासनिक प्रयासों को आवश्यक मानते हैं।

सुझाव -

ऊर्जा संकट से बचाव हेतु कुछ महत्त्वपूर्ण सुझाव इस प्रकार हैं-

- भारत की समग्र ऊर्जा नीति ऐसी दूरदृष्टि से अभिप्रेरित हो जो हर क्षेत्र की ऊर्जा की मांग को पूर्ण कर सके। इसमें देश के हर गरीब घर की मांग भी शामिल हो और ये मांगें कम से कम मूल्य पर सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधाजनक ढंग से पूरी की जा सकें।

- भारत में सौर ऊर्जा प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। हमारा सौभाग्य है कि 300-320 दिन हमें धूप मिलती है जो पूरे वर्ष में 5000 खरब किलोवॉट घंटा (kwh) ऊर्जा के बराबर है। अतः इस अक्षय स्रोत के अधिकतम प्रयोग हेतु रणनीति तैयार की जाये।

- नवनिर्मित होने वाले कार्यालय, बहुमंजिली इमारतें, होटल, हॉस्टल एवं विविध आश्रम जैसे भवनों में सौर ऊर्जा उपकरण एवं बायो गैस प्लान्ट को लगाया जाना अनिवार्य किया जाये जिससे काफी मात्रा में ऊर्जा की बचत हो सकती है।

- देश में ऊर्जा की आपूर्ति लगातार बनाये रखने के कुछ अन्य उपाय इस प्रकार हैं- घरेलू संसाधन आधार का विस्तार करना, विदेशों से ऊर्जा स्रोत खरीदना, गैस आयात के लिये पाइप लाइन बिछाना, एल.एन.जी. टर्मिनलों का निर्माण करना तथा ऊर्जा का आयात बढ़ाने के लिये विदेशी मुद्रा भण्डार बढ़ाना भी महत्त्वपूर्ण उपाय है।
- देश में ऊर्जा संरक्षण हेतु नवीन स्रोतों को खोजने एव संरक्षण हेतु जागरूकता फैलाने के लिये कार्यक्रम चलायें एवं सामान्यजन को इस स्थिति के विषय में अवगत कराके उन्हें बचत के लिये प्रेरित किया जाये क्योंकि पृथ्वी का प्रत्येक व्यक्ति किसी परिवार का ही सदस्य है और बिना सामान्यजन के सहयोग के ऊर्जा संरक्षण के लक्ष्य को पूर्ण करना कठिन है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची -

- अवस्थी, सुरेश (दिसम्बर 2008), *'योजना'* संस्करण वर्ष 53 अंक-9, पृ. 45-46, योजना पब्लिकेशन।
- ओझा, एन.एन. (अगस्त 2009), *'सिविल सर्विसेज क्रॉनिकल'* नवीन संस्करण, पृ. 112-114 क्रानिकल पब्लिकेशन।
- दिव्यकीर्ति, विकास (फरवरी 2007), *'कुरुक्षेत्र'* संस्करण वर्ष 53 अंक-4, पृ. 3-17 कुरुक्षेत्र पब्लिकेशन।
- पारिख, एस. किरीट (अप्रैल 2009), *'योजना'* संस्करण वर्ष 53 अंक-4, पृ. 7-16, योजना पब्लिकेशन।
- यू.एस. एनर्जी इन्फॉरमेशन ऐडमिनिस्ट्रेशन (मार्च 18, 2013), ई.आई.ए., *इन्डिपेन्डेन्ट स्टेटिस्टिक्स ऐण्ड एनालाइसिस,* इन्टरनेट संस्करण।
- सिंह, जगजीत (जनवरी 2007), *'योजना'* संस्करण वर्ष 50 अंक-10, पृ. 40-41, योजना पब्लिकेशन।
- शर्मा, रमेश दत्त (2007), *'कादम्बिनी'* संस्करण वर्ष 47 अंक-4, पृ.-12-19, कादम्बिनी पब्लिकेशन।

भारत-कम्बुज सम्बन्ध में देवभाषा संस्कृत का योगदान

सोनाली पल्लवी*

कम्बुज देश आधुनिक कम्बोडिया का प्राचीन नाम है। भारत और कम्बुज देश का सांस्कृतिक सम्बन्ध सदियों पुराना है। दक्षिण पूर्व एशिया भारतीय सांस्कृतिक इतिहास की दृष्टि से एक अत्यन्त महत्वपूर्ण क्षेत्र है।

भारतीय भाषा, लिपि, साहित्य और कला का प्रभाव इस क्षेत्र पर ईसा की प्रथम शताब्दी से ही प्रारम्भ हो गया। दक्षिण-पूर्व एशिया से जितने संस्कृत अभिलेख प्राप्त हुए हैं-उनमें सबसे अधिक संख्या में कम्बोडिया से ही उपलब्ध है। संस्कृत और ख्मेर अभिलेखों की उपलब्ध संख्या लगभग 1500 है। शैव, वैष्णव और बौद्ध कला कृतियाँ आज भी कम्बुज देश में सर्वत्र बिखरी पड़ी हैं। अंगकोर थॉम का अंगकोर वाट विश्व में सबसे बड़ा विष्णु का मन्दिर है।[1]

अभिलेख किसी भी देश के इतिहास एवं संस्कृति को अनुशीलन के साधनों में एक महत्वपूर्ण साधन है। इनकी महत्ता एवं उपयोगिता उस समया और बढ़ जाती है जब इतिहास निर्माण में हमें मात्र पुरातात्विक साधनों पर निर्भर होना पड़ता है। यद्यपि पुरातात्विक साधनों में लेख एवं मुद्राएं दोनों आती हैं पर आकार प्रकार में लघु तथा सीमित सूचनाओं के कोष होने के नाते मुद्राएं हमें जहाँ संक्षिप्त एवं सीमित जानकारी देती हैं, अभिलेख अपेक्षाकृत अधिक विस्तृत एवं प्रामाणिक सूचनाएं प्रदान करते हैं। इस प्रकार अभिलेख इतिहास की मूल्यवान सामग्रियों में सर्वोपरि है। जहाँ तक कम्बुज का सम्बन्ध है, यहाँ के उत्कीर्ण लेख न मात्र इस देश के प्राचीन इतिहास एवं संस्कृति के अध्ययन में उपादेय है बल्कि प्राचीन कम्बुज के साहित्यिक अवशेष के रूप में भी इनका अविस्मरणीय महत्व है।[2] इनके माध्यम से तत्युगीन साहित्यिक अभिरूचि, ज्ञान एवं उन्नति का सहज में अनुमान लगाया जा सकता है। यहाँ से प्राचीन काल के जो लेख अद्यतन उपलब्ध हुये हैं, उनकी संख्या लगभग 1500 हैं। इनमें कुछ बहुत बड़े हैं और आकार में खण्ड काव्य जैसे प्रतीत होते हैं। उदाहरणार्थ राजेन्द्रवर्मन द्वितीय (944-968) के प्रेरूख लेख में 298 श्लोक में तथा मेबन लेख में 218 श्लोक हैं। सेनापति संग्राम के प्रहतोक अभिलेख में 161 श्लोक मिलते हैं तथा उदयादिव्यवर्मन

*c/o प्रो. राजन गुप्त, अध्यक्ष, स्नातकोत्तर प्राचीन भारतीय एवं एशियायी अध्ययन विभाग, गया कालेज, गया (मगध विश्वविद्यालय, बोधगया), बिहार

के प्रसत खन अभिलेख में 122 श्लोक हैं। सूर्यवर्मन पंचम के बन-थन अभिलेख की रचना तीन सर्गों में की गई है और उसमें कुल 169 श्लोक हैं। जयवर्मन सप्रम तथा यशोवर्मन के लेख भी अत्यधिक बहुत ही बड़े हैं।[3]

जैसा कि हम जानते हैं कि संस्कृत भाषा भारत की देव भाषा के रूप में प्रतिष्ठित थी और संस्कृत भाषा का आगमन कम्बुजदेश में औपनिवेशीकरण के सिलसिले में ही हुआ था। इसका स्थानीय ख्मेर भाषा पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ा सिवाय इसके कि इसने कतिपय संस्कृत शब्दों को ग्रहण कर लिया था। लेकिन इसके बावजूद भी संस्कृत भाषा लगभग 800 वर्षों तक पूर्णतया प्रभावी रही, यद्यपि कम्बोडिया से इस अवधि की कोई पाण्डुलिपि न तो संस्कृत भाषा में न ही स्थानीय भाषा में मिली है। इस कालावधि के साहित्यिक अवशेष मात्र कम्बुज के अभिलेख हैं। इनमें अधिकांश नवीं तथा दसवीं शताब्दी ई. से सम्बद्ध हैं।[4]

कम्बुज के संस्कृत लेखों को प्रकाशित करने, पाठ प्रस्तुत करने, अनुवाद करने तथा व्यवस्थित करने में जिन विद्वानों ने महत्वपूर्ण भूमिकाएं अदा की उनमें सर्वश्री जूलेस हरमाण्ड, एच. कर्न, एम. आयमोनियर, एम.ए. बर्थ, एम.ए. बर्गेन, एम. फिनॉट, जॉर्ज सोदेस, प्रो. आर.सी. मजूमदार तथा प्रो. एम. के शरण के नाम लिये जा सकते हैं। जूलेस हरमाण्ड ने सर्वप्रथम इन अभिलेखों की फोटो प्रति तैयार करवाई जिसके आधार पर एच. कर्न ने इसकी वाचना प्रस्तुत की। एम. आयमोनियर ने इन्हें व्यवस्थित कर इनका अनुवाद प्रस्तुत किया जो क्रमशः सन् 1900, 1901 तथा 1904 ई. में तीन खण्डों में प्रकाशित हुये। एम. बर्थ तथा एम. बर्गेन ने संस्कृत अभिलेखों का दो भागों में सम्पादन किया। अभिलेखों के प्रकाशन के क्षेत्र में अगला सहयोग एम. फिनॉट तथा जॉर्ज सोदेस का था। प्राचीन भारतीय इतिहास के मर्मज्ञ विद्वान डॉ. आर.सी. मजूमदार ने 1953 ई. में 'इन्सक्रिप्सन्स ऑव कम्बुज' शीर्षक ग्रन्थ के अन्तर्गत कम्बुज के लेखों का प्रकाशन किया। डॉ. एम.के. शरण ने कम्बुज के संस्कृत अभिलेखों के आधार पर एक शोध ग्रन्थ तैयार किया जो 'स्टडीज इन संस्कृत इन्सक्रिप्सन्स ऑव ऐनसियन्ट कम्बोडिया' शीर्षक के अन्तर्गत 1974 ई. में प्रकाशित हुआ है।[5]

प्राचीन कम्बुज के लेख ललित एवं परिमार्जित काव्य शैली में रचित है। इनमें कुछ अपवादों के अतिरिक्त व्याकरणिक एवं भाषिक अशुद्धियाँ नहीं है। इनमें पाणिनि एवं पतंजलि के महाभाष्य में प्रतिपादित व्याकरण के नियमों का पूर्णतः पालन किया गया है। अभिलेखों में शैव व्याकरण (अष्टाध्यायी), महाभाष्य तथा व्याकरण का प्रायः उल्लेख हुआ है। सम्राट् यशोवर्मन के विषय में उल्लिखित है कि उसमें महाभाष्य पर एक टीका भी लिखी थी। यथार्थतः पाणिनि के व्याकरण तथा महाभाष्य के सम्यक् पठन-पाठन से लेखों में व्याकरण सम्बन्धी दोष नहीं आने पाये। इन लेखों के रचनाकारों को अलंकार एवं छन्द शास्त्र की पर्याप्त जानकारी थी। इनमें आर्या, अनुष्टुप, स्रगधरा, शार्दूलविक्रीडित, इन्द्रवज्रा, मालिनी, वसंत तिलक, संवृति, उपजाति, मदाक्रान्ता, वंशस्थ आदि प्रमुख

छन्दों का प्रयोग किया गया है।[6]

अभिलेखों के निबन्धकार छन्द एवं अलंकार के विशेषज्ञ तो थे ही, इनकी भारतीय बाङ्मय के विविध स्रोतों में भी अच्छी पैठ थी। ये भारतीय दर्शन एवं जीवन विषयक विविध साहित्यिक कृतियों, महाकाव्यों, आचार ग्रन्थों, धर्मशास्त्रों, पौराणिक कथाओं एवं इतिवृतों से भी भली-भाँति परिचित थे। अभिलेखों में पाणिनी की अष्टाध्यायी, मनुस्मृति, वात्स्यायन, कामसूत्र, विलाक्षनीति शास्त्र, पतंजलि के महाभाज्य, सुश्रूत संहिता, त्रयी (वेद), वेदान्त, रामायण, महाभारत, बौद्ध ग्रन्थों, पौराणिक पुरा कथाओं एवं कहानियों, न्यायसूत्र, योगाचार, सिद्धान्त धर्म शास्त्र का उल्लेख हुआ है।[7] इन्द्रवर्मन के गुरु शिवसोम ने शास्त्र, वेद, तर्क, काव्य, पुराण, तथा भारत (महाभारत) का पूर्ण अध्ययन किया था। कवीन्द्र पण्डित पंच व्याकरण, शब्द, अर्थ, आगम, शास्त्र, काव्य, महाभारत, रामायण आदि का निष्णात् पण्डित था। सम्राट् यशोवर्मन भी विविध विषयों एवं शास्त्रों में निष्णात थे तथा उसने महाभाष्य पर एक टीका भी लिखी थी। धर्मपुर निवासी ब्राह्मण धर्मस्वामी की वेद वेदांगों में अत्यधिक अभिरूचि थी। इसी प्रकार सूर्यवर्मन द्वितीय के विषय में भी कहा गया है कि वह भाषा, काव्य, षड्दर्शन, धर्मशास्त्र आदि में पारंगत था। सातवीं शताब्दी ई. के एक लेख में शिव का परम तत्व से तादात्म्य किया गया है तथा यह उपनिषद् के वेदान्त दर्शन से प्रभावित प्रतीत होता है।[8]

इन अभिलेखों से पता चलता है कि इस समय कम्बुजवासियों को महाकवि कालिदास, भारवि, मयूर, प्रवरसेन, गुणाढ्य जैसे कवियों की भी पूर्ण जानकारी थी। राजेन्द्रवर्मन द्वितीय के प्रेरूप अभिलेख में रघुवंश के चार श्लोकों की सुव्यक्त श्रुत्यानुवृति है। इनमें कभी-कभी उन्हीं शब्दों का प्रयोग किया गया है जिन्हें कविवर कालिदास ने प्रयुक्त किया है। इस लेख में दक्षिणा एवं दिलीप का भी उल्लेख किया गया है- ''यस्य सोराज्यद्यापि दिलीपस्ये विश्रूतम्''। इनमें रूद्रवर्मन के राज्य की तुलना दिलीप से की गई है। यशोवर्मन के लेख में प्रवरसेन तथा मयूर का उल्लेख उपलब्ध है जिन्होंने क्रमशः सेतुबन्ध तथा सूर्यशतक का प्रणयन किया था।[9]

अभिलेखों के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि इनके प्रशस्तिकार शुद्ध संस्कृत लिख सकते थे और साहित्यिक क्षेत्र में उनका अच्छा ज्ञान था। संस्कृत को सर्वोच्च स्थान प्राप्त था। कहा जाता है कि संस्कृत वहाँ की भाषा थी। इसका श्रेय कौण्डिन्य नामक महत्वाकांक्षी युवक का है जिसने कम्बुज देश में भारतीयों की ओर से अपना प्रथम चरण रखा था।[10]

संदर्भ

1. चटर्जी, बी.आर. - इण्डियन कल्चरल इन्फ्लुयंस इन कम्बोडिया, कलकत्ता, 1965, पृ.-27
2. शरण, महेश कुमार - प्राचीन भारत के प्रमुख अभिलेख, नई दिल्ली, 2014, पृ.-2
3. मजूमदार, आर.सी. - इन्सक्रिप्सन्स ऑफ कम्बुज, कलकत्ता, 1953, पृ.-14

4. पाण्डेय, आर.एन. – दक्षिण पूर्व एशिया में भारतीय संस्कृति, इलाहाबाद, 1995, पृ.–214
5. शरण महेश कुमार – स्टडीज इन संस्कृत इन्सक्रिप्सन्स ऑफ ऐनसियन्ट कम्बोडिया, नई दिल्ली, 1974, पृ. –17
6. पुरी, बी.एन. – सुदूर पूर्व में भारतीय संस्कृति और उसका इतिहास, लखनऊ, 1965, पृ.–313
7. विद्यालंकर, सत्यकेतु – दक्षिण एवं दक्षिण पूर्व एशिया में भारतीय संस्कृति, मसूरी, 1965, पृ.–27
8. शरण, महेश कुमार – कम्बुजदेश का राजनीतिक और सांस्कृतिक इतिहास, वाराणसी, 1995, पृ.–112
9. शिवराम मूर्ति, सी. – संस्कृत लिटरेचर ऐण्ड आर्ट, नई दिल्ली, 1970, पृ.–14
10. मुकर्जी, एस.बी. – साउथ ईस्ट एशिया, कलकत्ता,1966, पृ.–17

विशेष द्रष्टव्य – शरण, महेश कुमार – कम्बोडिया के संस्कृत अभिलेख, भाग 1–2, 2015, नई दिल्ली

स्मृतिशास्त्रोक्त राजपद : एक समीक्षा

डॉली जैन*

प्रत्येक राष्ट्र को उन्नत तथा सुव्यवस्थित करने के लिए उपयुक्त शासन प्रणाली की आवश्यकता होती है। राष्ट्र के हितैषी आचार्यों एवं राष्ट्रभक्त कवियों ने ऐसे अनेक ग्रन्थ प्रस्तुत किये हैं, जिनमें उपयुक्त शासन प्रणाली द्वारा राज्य संचालन के निर्देश दिये गये हैं। राज्य संचालन के ढंग को ही राजनीति या राजशास्त्र कहते हैं। संस्कृत वाङ्मय में राजनीतिशास्त्र के लिए दण्डनीति, नीतिशास्त्र, नीति, राजधर्म, क्षत्रविद्या आदि शब्दों का भी प्रयोग मिलता है। इस शास्त्र की आवश्यकता तथा उपादेयता तभी से अनुभव का विषय बन गयी, जबसे अराजकता से प्रजा की रक्षा करने के लिए राजा और शासन प्रणाली की आवश्यकता का अनुभव हुआ।

राजशास्त्र अथवा राजनीतिशास्त्र की ही शिक्षा पाकर राजा राज्य की व्यवस्था करने में, आर्थिक विकास करने में, प्रजाजनों को नियंत्रित करने में, धर्म-अर्थ-काम त्रिवर्ग से मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करने में, विदेशी नीति में सामंजस्य करने में प्रशंसनीय सफलता प्राप्त करता हैं अतएव प्रजाजन, शासक अथवा राष्ट्र के लिए अत्यधिक उपयोगी यह शास्त्र सभी व्यक्तियों के अध्ययन का विषय है। महाभारत के ये वाक्य इस विषय की उपयोगिता को स्पष्ट करने में समर्थ हैं कि अन्य सभी धर्म राजधर्म के अन्तर्गत आ जाते हैं। दण्डनीति के लुप्त होने पर तीनों वेद डूब जायेंगे। उन्नत और विकसित सभी कर्तव्यकर्म क्षीण हो जायेंगे, सभी आश्रम नष्ट हो जायेंगे, राजधर्म में ही सभी त्याग देखे जाते हैं, सभी प्रकार की दीक्षाएँ राजधर्म से सम्बद्ध होती हैं, सभी विद्याएँ राजधर्म से समन्वित होती हैं, सभी लोक राजधर्म में अन्तर्निहित हैं, अतएव सभी धर्म राजधर्मपूर्वक हैं।[1]

राजशास्त्र अथवा राजनीतिशास्त्र का परिचय वैदिक साहित्य एवं लौकिक साहित्य के साथ-साथ धर्मशास्त्रों, पुराणों, स्मृतियों तथा नीतिग्रन्थों में मिलता है। प्रायः सभी राजशास्त्र प्रणेताओं ने राज्य के सात अंग बतलाये हैं- स्वामी, अमात्य, जनपद अथवा राष्ट्र, दुर्ग, कोश, दण्ड (सेना) तथा मित्र।[2] ये सात अंग राज्य की प्रकृति भी कहलाते हैं। राज्य की सप्त प्रकृतियों में राजा का स्थान सर्वश्रेष्ठ है। आचार्य चाणक्य ने तो राजा को सप्तांग राज्य का मूल मानते हुए उसे राज्य ही मान लिया है।[3] महाभारत में भी राजा की महत्ता का गुणगान किया गया है।[4] स्मृतियों के अन्तर्गत भी राजा का

*एसोसिएट प्रोफेसर, संस्कृत, दर्शन एवं वैदिक अध्ययन विभाग, 512, रामानुजन आवास, वनस्थली विद्यापीठ, टोंक (राजस्थान)

विवेचन अत्यन्त विस्तार से किया गया है। राजा का स्वरूप, गुण, कर्तव्य, प्रजापालन, ब्राह्मणों की रक्षा, न्यायपूर्वक कराधान, न्याय व दण्डव्यवस्था इत्यादि का सुव्यवस्थित उल्लेख इनमें प्राप्त होता है, जिनका बिन्दुवार विवेचन इस प्रकार है-

1. राजा का स्वरूप :

स्मृतिग्रन्थों की मान्यता है कि ईश्वर ने अत्याचारियों के भय से डरी हुई प्रजा की रक्षा के लिए इन्द्र, वायु, यम, सूर्य, अग्नि, वरुण, चन्द्रमा तथा कुबेर के अंश से राजा का निर्माण किया है। इसी कारण वह अपने तेज से सब जीवों को वशीभूत रखता है।[5]

2. राजा के गुण :

राजपद के अधिकारी के लिए अनेक गुण कहे गये हैं। वह विनीत व व्यसनहीन होना चाहिए।[6] राजा नीतिशास्त्र में कुशल, सन्धि-विग्रह के तत्त्वों को जाने, उसे देव तथा ब्राह्मणों के प्रति भक्तिभाव रखना तथा पितरों के कार्य में तत्पर रहना चाहिए।[7] राजा शुभ कर्म करने वाला, सच बोलने वाला, वेद (त्रयी) और तर्क (आन्वीक्षकी) में सुशिक्षित, ईमानदार, जितेन्द्रिय, गुणवान साथियों वाला, उपायों में सम्पन्न और सब प्रजाओं के साथ समानता का व्यवहार करने वाला हो और उनका हित करे।[8]

राजा इन्द्रियों को जीतने का सदैव यत्न करे क्योंकि जितेन्द्रिय राजा ही प्रजाओं को वश में रख सकता है।[9] काम से दस और क्रोध से आठ व्यसन उत्पन्न होते हैं। कामोत्पन्न व्यसनों में आसक्त राजा अपने देह को ही नष्ट कर बैठता है और क्रोधोत्पन्न व्यसनों में आसक्त राजा अर्थ धर्महीन होता है। आखेट, द्यूत, दिवाशयन, परदोषवर्णन, नारी सहवास, मद्यपान, नृत्यगान, वाद्य और वृथा भ्रमण से दस कामजन्य व्यसन हैं। चुगली, साहसकर्म, द्रोह, ईर्ष्या, असूया, अर्थदूषण, कठोर वचन और पारुष्य (क्रूरता) यह आठ क्रोधजन्य व्यसन हैं।[10]

3. राजा के कर्तव्य :

राजा के अनेक कर्तव्य स्मृतियों में निश्चित किये गये हैं। दुष्ट को दण्ड, श्रेष्ठ जन की पूजा, न्याय से कोष का बढ़ाना, अभ्यागतों के प्रति पक्षपात का न होना और अपने देश की रक्षा, ये पाँच यज्ञ राजाओं के कहे गये हैं।[11] राजा का एक कर्तव्य प्रजा को अपने धर्म में स्थिर रखना व पर ध र्म में तत्पर लोगों को दण्डित करना भी है।[12] बुध मुनि भी इसका समर्थन करते हैं कि जो विधान किये हुए को नहीं करते, राजा उसे उनसे कराये।[13] गौतम मुनि के अनुसार वह वर्णों और आश्रमों की न्याय के साथ रक्षा करे और अपने धर्म से डिगे हुओं को इनके धर्म में स्थापित करें। धर्म में स्थित हुआ ही वह कर का अधिकारी होता है, ऐसा माना जाता है।[14] इसके अतिरिक्त दान, वेदादि

पठन व योग अनुसरण व विप्रजन को सन्तुष्ट करने वाला आचरण राजा नित्य करे।[15]

4. प्रजापालन :

प्रजा का पिता की तरह पालन करना राजा का सर्वप्रमुख कर्तव्य कहा गया है।[17] प्रजापालन से उत्पन्न पुण्य हजार यज्ञों के पुण्य से भी अधिक कहा गया है।[18] प्रजा का पालन क्षत्रिय का परम धर्म कहा गया है, इस कारण राजा को प्रयत्नपूर्वक प्रजा की रक्षा करनी चाहिए।[18] राज्यासन पर स्थित राजा को धर्मपूर्वक प्रजा का पालन-पोषण करना चाहिए।[19]

राजा को प्रवञ्चक, चोर, द्यूत आदि खेलने वालों से तथा बलपूर्वक धनादि का अपहरण करने वालों से प्रजा की रक्षा करनी चाहिए।[20] यदि राजा प्रजा की रक्षा नहीं कर पाता तो असुरक्षित प्रजा अनेक प्रकार के पापाचरण करने लगती है। उस पापाचरण का आधा हिस्सेदार राजा को कहा गया है, क्योंकि वह रक्षा के लिए राजभाग को ग्रहण करता है।[21] यदि राजा प्रजा को उत्पीड़ित करता है तो प्रजा का सन्ताप राजा के कुल, लक्ष्मी तथा प्राणों के विनाश का हेतु बनता है।[22] प्रजापालन राजा के लिए इतना आवश्यक है कि यदि वह शत्रु देश को भी आत्मसात् करता है तो वहाँ की प्रजा का भी उसे सम्यक् परिपालन करना चाहिए।[23]

5. ब्राह्मणों की रक्षा :

ब्राह्मणों की रक्षा राजा का एक कर्तव्य कहा गया है। वेदों के जानने वाले और सम्पूर्ण शास्त्रों में कुशल ब्राह्मणों की पूजा जिस देश में राजा करता है, वहाँ मेघ बरसता है।[24] विप्रों के सन्तुष्ट रहने पर राजा का राज्य और राजकोष बढ़ता है और व्यवहार, कृषि तथा गौओं के परिपालन में वृद्धि होती है।[25]

6. न्यायपूर्वक कराधान :

राजा को न्यायपूर्वक अपनी प्रजा से कर लेने का अधिकार था। जो राजा धर्म बुद्धि में प्रवृत्त होकर ब्राह्मणों को दान दे, व सदा अपनी स्त्री में अनुरक्त रहे, वही राजा आय के छठें भाग का अधिकारी होता है।[26] जिसमें राजा का और व्यापारी तथा कृषकादि का सभी का लाभ हो, उस पर विचार करके ही राजा को कर लगाना चाहए। जैसे जोंक, वत्स व भ्रमर अपने भक्ष्य रूप आहार को स्वल्प ही लेते हैं, वैसे ही राजा भी स्वल्प ही वार्षिक कर लगाये। राजा व्यापारियों से पशु व स्वर्ण के लाभ का 50वाँ भाग व कृषकों से अन्न का छठाँ, आठवाँ या 12वाँ भाग ले।[27]

गौतम ऋषि का भी यही मत है कि किसान राजा को अपनी उपज का दसवाँ या आठवाँ छठाँ भाग बलि के रूप में दें।[28] यदि राजा अपनी प्रजा से अन्यायपूर्वक कराधान करके अपने राजकोष को समृद्ध करता है, तो वह शीघ्र ही अपने परिजनों के साथ नष्ट हो जाता है।[29]

7. न्याय व दण्ड व्यवस्था :

सब प्राणियों की रक्षा और न्यायपूर्वक दण्ड देना राजा का धर्म कहा गया है।[30] राजा को उच्छृंखल जनों का दमन करना चाहिए।[31] दण्ड का अत्यधिक महत्त्व बताया गया है। दण्ड के भय से सब चराचर जीव सुख प्राप्त करते हैं और स्वधर्म से विचलित नहीं होते। राजा को देश, काल, दण्डशक्ति एवं अपराधानुसार दण्ड आदि के शास्त्रीय ज्ञान का बलपूर्वक विचार करके अपराधियों के लिए यथायोग्य दण्ड निश्चित करना चाहिए।[32]

विचारपूर्वक प्रदत्त दण्ड सब प्रजाओं को प्रसन्नता देता है, किन्तु अविचारयुक्त दण्ड सब प्रकार से नाश करता है। यदि राजा दण्डनीय को दण्ड न दे तो बलवान निर्बल व्यक्तियों को काँटे में फँसी हुई मछलियों के समान भूनकर भक्षण कर लेंगे।[33] परन्तु दण्ड प्रयोग के लिए भी राजा की पात्रता सुनिश्चित की गयी है। जो मंत्री आदि सहायकों से रहित, मूर्ख, लोभी, शास्त्रविहीन और विषयासक्त है, वही दण्ड का प्रयोग न्यायपूर्वक नहीं कर सकता। जो राजा पवित्र, सत्यनिष्ठ, शास्त्रानुसार आचरण करने वाला, बुद्धिमान और श्रेष्ठ सहायकों से सम्पन्न हो, वही दण्ड का प्रयोग कर सकता है।[34] यही अन्यत्र भी कहा गया है कि कृष्ण और चंचल बुद्धि से युक्त व्यक्ति के द्वारा नीति के अनुसार दण्ड का प्रयोग सम्भव नहीं है अपितु अवञ्चक, शुचि, अच्छे मंत्रियों से युक्त तथा बुद्धिमान व्यक्ति ही इसका समुचित प्रयोग कर सकता है।[35]

शास्त्रोक्त मार्ग से प्रयुक्त दण्ड देव, मनुष्य एवं असुरों से युक्त – इस संसार को आनन्दित कर देता है, वहीं तद्विपरीत मार्ग से प्रयुक्त दण्ड संसार को क्रोधित कर देता है।[36] शास्त्रोक्त मार्ग का परित्याग करके किया गया दण्ड का प्रयोग राजा के स्वर्ग, कीर्ति तथा लोक का विनाशक होता है, वहीं शास्त्रोक्त मार्ग से प्रयुक्त दण्ड राजा के स्वर्ग, कीर्ति तथा लौकिक उत्कर्ष का भी प्रदायक होता है।[37] राजा के लिए अपने धर्म से विचलित भाई, पुत्र, आचार्यादि, श्वसुर, मामा इत्यादि भी अदण्ड्य नहीं हैं अर्थात् दण्ड योग्य हैं।[38]

इस प्रकार स्मृतियों में राजपद के अधिकारी का विस्तृत विवेचन किया गया है। प्रस्तुत शोध पत्र का निष्कर्ष निम्न बिन्दुओं में देखा जा सकता है–

1. स्मृतिशास्त्रों में राजा को मानवी न मान कर दैवीय स्वरूप प्रदान किया गया है और इस कारण उसमें ईश्वरीय गुणों का आधान किया गया है।
2. राजपद के अधिकारों में बहुत से गुणों का होना आवश्यक माना गया है। गुणवान व्यक्ति शासन का संचालन अपेक्षाकृत अधिक अच्छी प्रकार से कर सकता है।
3. राजा के कर्तव्यों में प्रजापालन सर्वप्रमुख कहा गया है। इससे ज्ञात होता है कि तात्कालिक समाजविद् लोककल्याण के प्रति अत्यधिक सजग थे।

4. राजा प्रजा पर न्यायपूर्वक ही कर लगा सकता था। आवश्यकता से अधिक व अन्यायपूर्वक कराधान का निषेध किया गया है।

5. दण्ड विधान के लिए भी राजा की पात्रता सुनिश्चित की गयी है कि पवित्र व सत्यनिष्ठ राजा शास्त्रोक्त मार्ग का अवलम्बन करके ही उचित दण्ड विधान करने में समर्थ हो मकता है, अन्यथा नहीं।

सन्दर्भ

1. महाभारत – शान्तिपर्व – 63/25-29 – एवं धर्मान् राजधर्मेषु सर्वान् सर्वावस्थं संप्रलीनान्निबोध मज्जेत् त्रयी दण्डनीतौ हतायां सर्वे धर्माः प्रक्षयेयुर्विवृद्धाः। सर्वे धर्माश्चाश्रमाणां हताः स्युः क्षात्रे त्यक्ते राजधर्मे पुराणे सर्वे त्यागा राजधर्मेषु दृष्टाः सर्वा दीक्षा राजधर्मेषु युक्ताः सर्वा विद्या राजधर्मेषु चोक्ताः सर्वे लोका राजधर्मे प्रविष्टाः सर्वे धर्मा राजधर्म प्रधानाः।

2. विष्णुधर्मसूत्र – 3/33 – स्वाम्यमात्यदुर्गकोशदण्डराष्ट्रमित्राणि प्रकृतयः।
स्वाम्यमात्यौ पुरं राष्ट्र कोशदण्डौ सुहृत्तथा।
मनुस्मृति-9/294 – सप्तप्रकृतयो ह्येताः सप्ताङ्गं राज्यमुच्यते।।
कौटिलीय अर्थशास्त्र- 6/1/1 – स्वाम्यमात्यजनदुर्गकोशदण्डमित्राणि प्रकृतयः।
महाभारत-शान्तिपर्व- 69/64-65 – राज्ञा सप्तैव रक्ष्याणि तानि चैव निबोध मे।
आत्मामात्याश्च कोशाश्च दण्डो मित्राणि चैव हि।।
तथा जनपदाश्चैव पुरं च कुरुनन्दन।
एतत् सप्तात्मकं राज्यं परिपाल्यं प्रयत्नतः।।

3. कौटिलीय अर्थशास्त्र – 8/1,2 – तत्कूटस्थानीयो हि स्वामीति।
राजा राज्यमिति प्रकृतिसंक्षेपः।।

4. महाभारत-शान्तिपर्व- 67/59 – राजा प्रजानां प्रथमं शरीरं प्रजाश्च राजोऽप्रतिमं शरीरम्।
राजा विहीना न भवन्ति देशाः देशैर्विहीना न नृपा भवन्ति।।

5. मनुस्मृतिः – 7/4, 5 – इन्द्रनिलयमार्काणामग्नेश्च वरुणस्य च।
चन्द्रवित्तेशयोश्चैव मात्रा निर्हृत्य शाश्वतीः।।
यस्मादेषां सुरेन्द्राणां मात्रभ्यो निर्मितो नृपः।
तस्मादभिभवत्येष सर्वभूतानि तेजसा।।

6. बुधस्मृतिः -40 – तस्य धर्मो विनीतोऽव्यसनी।

7. लघुहारीतस्मृतिः – 2/4 – नीतिशास्त्रार्थकुशलः सन्धिविग्रहतत्त्ववित्।
देवब्राह्मणभक्तश्च पितृकार्यपरस्तथा।।

8. गौतमस्मृतिः – 11/1 – राजा सर्वस्येष्टे ब्राह्मणवर्जं साधुकारी स्यात् साधुवादी त्रय्यामान्वीक्षिक्याञ्चाभिविनीतः शुचिर्जितेन्द्रियोगुणवत्सहायोपायसम्पन्नः समः प्रजासु स्याद्धितञ्चासां कुर्वीत तमुपर्यासीनमधस्था उपासीरन्नन्ये ब्राह्मणेभ्यस्तेऽप्येनं मन्येरन्।

9. मनुस्मृतिः - 7/44 - इन्द्रियाणां जये योगं समातिष्ठेद्दिवानिशम्।
जितेन्द्रियो हि शक्नोति वशे स्थापयितुं प्रजाः।।

10. मनुस्मृतिः - 7/45-48 - दश कामसमुत्थानि तथाष्टौ क्रोधजानि च।
व्यसनानि दुरन्तानि प्रयत्नेन विवर्जयेत्।।
कामजेषु प्रसक्तौ हि व्यसनेषु महीपतिः।
वियुज्यतेऽर्थधर्माभ्यां क्रोधजेष्वात्मनेव तु।।
मृगयाऽक्षो दिवास्वप्नः परिवादः स्त्रियो मदः।
तौर्यत्रिकं वृथाट्या च कामजो दशको गणः।।
पैशुन्यं साहसं द्रोह ईर्ष्यांसूयार्थदूषणम्।
वाग्दण्डजं पारुष्यं क्रोधजोऽपि गणोष्टकः।।

11. अत्रिसंहिता-28 - दुष्टस्य दंडः सुजनस्य पूजा न्यायेन कोषस्य च संप्रवृद्धिः।
अपक्षपातोऽर्थिषु राष्ट्ररक्षाः पंचैव यज्ञाः कथिता नृपाणाम्।।

12. अत्रिसंहिता-17 - ये व्यपेताः स्वधर्मेभ्य परधर्मे व्यवस्थिताः।
तेषां शास्तिकरो राजा स्वर्गलोके महीयते।।

13. बुधस्मृतिः - 34 - विहितमकुर्वन्तो राज्ञा कारयितव्याः।।

14. गौतमस्मृतिः - 11/2 - वर्णानाश्रमांश्च न्यायतोऽभिरक्षेच्चलतश्चैनान् स्वधर्मे स्थापयेद्धर्मस्थो ह्यंशभाग्भवतीति विज्ञायते।

15. विष्णुप्रोक्तधर्मशास्त्र - 4/104 - दानमध्ययनं यज्ञं ततो योगनिषेवणम्।
ब्राह्मणानां च संतुष्टिमाचरेत्सततं तथा।।

16. याज्ञवल्क्य स्मृतिः - आचाराध्यायः - 334 - प्रजासु च यथा पिता।

17. अत्रिसंहिता - 29 - यत् प्रजापालने पुण्यं प्राप्नुवन्तीह पार्थिवाः।
न तु क्रतुसहस्रेण प्राप्नुवन्ति द्विजोत्तमाः।।

18. विष्णुप्रोक्तधर्मशास्त्र - 4/103 - क्षत्रियस्य परो धर्मः प्रजानां परिपालनम्।
तस्मात्सर्वप्रयत्नेन रक्षयेन्नृपतिः प्रजाः।।

19. लघुहारीतस्मृतिः - 2/2 - राज्यस्थः क्षत्रियश्चापि प्रजा धर्मेण पालयन्।
कुर्यादध्ययनं सम्यग् यजेद्यज्ञान् यथाविधि।।

20. याज्ञवल्क्य स्मृतिः - आचाराध्यायः - 336 - चाटतस्करदुर्वृत्तमहासाहसिकादिभिः।
पीड्यमानाः प्रजा रक्षेत्कायस्थैश्च विशेषतः।।

21. याज्ञवल्क्य स्मृतिः - आचाराध्यायः - 337 - अरक्ष्यमाणाः कुर्वन्ति यत्किंचित्किल्विषं प्रजाः।
तस्मात्तु नृपतेरर्थं यस्मादृगृह्णात्यसौ करान्।।

22. याज्ञवल्क्य स्मृतिः - आचाराध्यायः - 341 - प्रजापीडनसंतापात्समुद्भूतो हुताशनः।
राज्ञः कुलं श्रियं प्राणांश्चाऽदग्ध्वा न निवर्तते।।

23. याज्ञवल्क्य स्मृतिः - आचाराध्यायः - 342 - य एव नृपतेर्धर्मः स्वराष्ट्रपरिपालने।
तमेव कृत्स्नमाप्नोति परराष्ट्रं वशं नयन्।।

24. अत्रिसंहिता - 24 - ब्राह्मणान् वेदविदुषः सर्वशास्त्रविशारदान्।
तत्र वर्षति पर्जन्यो यत्रैतान्पूजयेन्नृपः।।

25. विष्णुप्रोक्तधर्मशास्त्र - 4/105 - तेषु तुष्टेषु नियतं राज्यं कोशश्च वर्द्धते।
वाणिज्यं कर्षणं चैव गवां च परिपालनम्।।

26. लघुहारीतस्मृतिः - 2/3 - दद्याद् दानं द्विजातिभ्यो धर्मबुद्धिसमन्वितः।
स्वभार्यानिरतो नित्यं षड्भागार्हः सदा नृपः।।

27. मनुस्मृतिः - 7/128-30 - यथा फलेन युज्येत राजा कर्ता च कर्मणाम्।
तथा बेक्ष्य नृपो राष्ट्रे कल्पयेत्सनत करान्।।
तथाल्पाल्पमदन्त्याद्यै वायोकोवत्सषट्पदाः।
तथाल्पापो ग्रहीतव्यो राष्ट्राद्राज्ञाब्दिक करः।।
पञ्चाशद् भाग आदेयो राज्ञा पशुहिरण्ययो।
धान्यानामष्टमो भागः षष्टो द्वादश एव वा।।

28. गौतमस्मृतिः - 10/4 - राज्ञे वलिदानं कर्षकैर्दशममष्टमं षष्ठं वा।

29. याज्ञवल्क्य स्मृतिः - आचाराध्यायः - 340 - अन्यायेन नृपो राष्ट्रात्स्वकोशं योऽभिवर्धयेत्।
सोऽचिराद्विगतश्रीको नाशमेति सबान्धवः।।

30. गौतमस्मृतिः - 10/2 - राज्ञोऽधिकं रक्षणं सर्वभूतानां न्याय्यदण्डत्वम्।

31. गौतमस्मृतिः - 11/6 - तेनादान्तान् दमयेत्।

32. मनुस्मृतिः - 7/15, 16 - तस्य सर्वाणि भूतानि स्थावराणि चराणि।
भयाद्भोगाय कल्पन्ते स्वधर्मान्नचलन्ति च।।
तं देशकालौ शक्तिं च विद्यां चावेक्ष्य तत्त्वतः।
यथार्हतः संप्रणयेन्नरेष्वन्यायवर्तिषु।।

33. मनुस्मृतिः - 7/19, 20 - समीक्ष्य च धृतः सम्यक्सर्वारञ्जयति प्रजाः।
असमीक्ष्य प्रणीतस्तु विनाशयति सर्वतः।।
यदि न प्रयतेद्राजा दण्डंदण्ड्येष्वतन्द्रितः।
शूले मत्स्यानिवापक्ष्यन्दुर्वलान्बलवत्तरा।।

34. मनुस्मृतिः - 7/30, 31 - सोऽसहायेन मूढ़ेन लुब्धेनाकृत बुद्धिना।
न शक्यो न्यायतो नेतुं सक्तेन विषयेषु च।।
शुचिना सत्यसंधेन यथाशास्त्रानुसारिणा।
प्रणेतुं शक्यते दण्डः सुसहायेन धीमता।।

35. याज्ञवल्क्य स्मृतिः - आचाराध्यायः - 355 - स नेतुं न्यायतोऽशक्यो लुब्धेनाकृतबुद्धिना।
सत्यसंधेन शुचिना सुसहायेन धीमता।।

36. याज्ञवल्क्य स्मृतिः - आचाराध्यायः - 356 - यथाशास्त्रं प्रयुक्तः सन् सदेवासुरमानवम्।
जगदानन्दयेत्सर्वमन्यथा तत्प्रकोपयेत्।।

37. याज्ञवल्क्य स्मृतिः - आचाराध्यायः - 357 - अधर्मदण्डनं स्वर्गकीर्तिलोकविनाशनम्।
सम्यक्तु दण्डनं राज्ञः स्वर्गकीर्तिजयावहम्।।

38. याज्ञवल्क्य स्मृतिः - आचाराध्यायः - 358 - अपि भ्राता सुतोऽध्यों वा श्वशुरो मातुलोऽपि वा।
नादण्ड्यो नाम राज्ञोऽस्ति धर्माद्विचलितः स्वकात्।।

भारतीय वाङ्मय में भाषा, साहित्य और संस्कृति

रेनू यादव*

कुछ शब्द ऐसे होते हैं, जिन्हें परिभाषा के दायरे में नहीं बाँधा जा सकता संस्कृति भी उनमें से एक है, अत्यन्त व्यापक और गतिमान होने से इसे किसी सीमा में बाँधकर परिभाषिक रूप से इस पर विचार करना उपयुक्त भी नहीं है। भारतीय साहित्य में संस्कृति की अवधारणा बड़ी प्राचीन है।

व्युत्पत्ति की दृष्टि से यह शब्द संस्कृत की 'कृ' धातु में 'क्तिन्' प्रत्यय और 'सम्' उपसर्ग जोड़ने से निष्पन्न है जिसका मूल अर्थ है-किया गया कार्य, व्यवहार, आचार आदि, अर्थात मानव जीवन के विकास और परिष्कार को ध्यान में रखकर किए गए क्रिया कलापों का लेखा जोखा।

संस्कृति का प्रयोग व्यापक और संकीर्ण-इन दो अर्थों में होता है। व्यापक अर्थ में इसका प्रयोग 'नर विज्ञान' में मिलता है जहाँ इसे सभ्यता का पर्याया माना गया है, और कहा गया है कि संस्कृति उस समस्त सीखे हुए व्यवहार का नाम है जो हमें सामाजिक परम्परा से प्राप्त होता है। इसके विपरीत संकीर्ण अर्थ में यह व्यक्तित्व को परिष्कृत करने वाले एवं समृद्ध बनाने वाले गुणों का समुदाय मानी जाती है।

संस्कृति वह ज्योति है जो एक पीढ़ी दूसरी पीढ़ी को सौंपती है, जिससे राष्ट्रीय जीवन की परम्परा बनी रहे।

श्री प्रभुदयाल मीतल ने संस्कृति पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा है कि -''संस्कृति किसी भी देश, जाति या समाज की आत्मा होती है, जिसमें उक्त देश, जाति या समाज के चिन्तन मनन, आचार-विचार, रहन-सहन, बोली-भाषा, भेष-भूषा, कला-कौशल आदि सभी बातों का समावेश होता है।

संस्कृति जिन्दगी का एक तरीका है, और यह तरीका सदियों से जमा होकर उस समाज में छाया रहता है, जिसमें हम जन्म लेते हैं इसलिए जिस समाज में हम जी रहे हैं या जिस समाज में हमने जनम लिया है उसकी संस्कृति हमारी संस्कृति है। इस दृष्टि से संस्कृति वह चीज है जो हमारे जीवन को ब्यापे हुए है तथा जिमकी रचना और विकास में सदियों के अनुभव का हाथ है। विचार

*शोध छात्रा, संस्कृत एवं प्राकृत भाषा विभाग, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

और कर्म के क्षेत्र में राष्ट्र का जो सृजन है वही उसकी संस्कृति है।

यदि थोड़े शब्दों में चाहे तो कह सकते हैं कि संस्कृति वह समष्टि है जिसमें ज्ञान, विज्ञान, कला, नैतिक गुण, कानून रिवाज और सामाजिक सदस्य के रूप में मनुष्य द्वारा उपलब्ध कोई अन्य सामर्थ्य और आदतें आती हैं तथा संस्कृति हमारा आर्थिक विकास और नैतिक उन्नति है। हमारा वह व्यवहार है जो एक दूसरे के साथ करते हैं। हमारी वह शक्ति है, जिससे हम दूसरों को समझ पाते हैं। यह वह अखण्ड ज्योति है जो सतत प्रज्वलित रहते हुए हमारा मार्ग प्रशस्त करती है।

संस्कृति के विविध आयाम :-

संस्कृति मूलतः इतिहास का अंग है किन्तु इसका क्षेत्र अत्यंत व्यापक है, इसमें भाषा, साहित्य, समाज, संगीत कला, धर्म दर्शन, राजनीति, लोकवार्ता, आदि सभी का समावेश होता है।

संस्कृति का साहित्य से बड़ा घनिष्ट सम्बन्ध है, संस्कृति समाज की आत्मा और साहित्य समाज का हृदय है। इसमें जहाँ समाज के दर्शन होते हैं, वहीं परोक्ष रूप से संस्कृति की भी झलक मिलती है। साहित्य का जन्म संस्कृति से ही होता है। साहित्य संस्कृति के विकास में अपूर्व योग देता है। संस्कृति की अभिव्यक्ति साहित्य में होती है तो साहित्य के द्वारा संस्कृति का पोषण भी होता है। साहित्य जहाँ जीवन का प्रतिनिधित्व करता है वहाँ उसका संचालक भी है। जहाँ वह संस्कृति का चित्र खींचता है वहाँ इसे प्रेरण भी देता है संस्कृति में सभी सत् सत्व साहित्य में संरक्षण पाते हैं, जिनका अध्ययन एवं अनुशीलन अध्येता के अन्दर विचारों को उत्तेजित करता है और परिणामतः चिन्तन का क्षेत्र उर्वर बनता है। साहित्य संस्कृति का वाहक है, साहित्य कवि की अन्तरतम हृदय भूमि से उत्पन्न हुआ संस्कृति का ही संदेश वहन करता है। संस्कृति के सभी अंग साहित्य द्वारा ही अभिव्यक्ति पाते हैं जो साहित्य का उद्देश्य है, वही संस्कृति का भी। संस्कृति साहित्य की जन्मदात्री है इस नाते साहित्य भी संस्कृति के विकास में योग देता है। किसी देश या जाति की संस्कृति का उचित संरक्षण आदि उस देश या जाति के साहित्य में ही होता है। किसी भी देश या युग की संस्कृति को समझने के लिए उस देश या युग के साहित्य को समझना नितान्त आवश्यक होता है, संस्कृति की समस्त ज्ञान एवं बुद्धि की चेतना साहित्य में ही सुरक्षित तथा कायम रह सकती है।

साहित्य तथा संस्कृति दोनों का विकास अविछिन्न गति से होता रहता है। वह कहीं रूका भले ही रह जाए लेकिन उसके विकास की गति कभी भंग नहीं होता। साहित्य जहाँ संस्कृति मे जुड़ा है वही समाज से भी। साहित्य ही ऐसा है जो लड़खड़ाते युग को पुनर्जीवन प्रदान कर सकता है वह युग का प्रतिबिम्ब होता है समाज के विविध विकृतियों के कारण कुंठित हो जाने, उसकी चेतना निष्क्रिय हो जाने तथा उसकी आत्मा के कलुषित हो जाने की स्थिति में साहित्य ही समाज को नयी चेतना और नया जीवन देता है। इसलिए साहित्य को समाज की जीवन दायिनी शक्ति कहा जाता है।

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। अतः उसकी संस्कृति का विकास सामाजिक व सामहिक रूप में ही होता है। संस्कृति ही समाज में विकास का दिशा निर्धारण करती हैं। जब किसी समाज के अधिकांश व्यक्ति अच्छे चरित्र और स्वभाव वाले, स्वावलम्बी, परिश्रमी और एक दूसरे के प्रति सद्भावना और सहानुभूति रखने वाले हो तो वह समाज निरन्तर उन्नति करता रहता है, उसका खासकर नैतिक स्तर ऊँचा होता है। वह समाज सुसंस्कृत समाज कहलाता है और उसकी संस्कृति ऊँचे दर्जे की मानी जाती है।

इस प्रकार संस्कृति का समाज और साहित्य से बड़ा घनिष्ट सम्बन्ध है। संस्कृति तथा साहित्य दोनों का विकास समाज के अन्तर्गत ही होता है। समाज से अलग हटकर न तो साहित्य की कल्पना की जा सकती है और न संस्कृति की ही। साहित्य में हमें जहाँ समाज के दर्शन होते हैं वही उसमें परोक्ष रूप से संस्कृति की भी झलक मिलती है। संस्कृति का जन्म समाज से हुआ है इसलिए इसे 'समाज की उपज' कहा जा सकता है। ये समाज की आत्मा एवं इसका व्यक्तित्व है।

संस्कृति ही ऐसी है जो समाज को विश्रृंखलित होने से बचाती है। यदि संस्कृति ही न रहे तो समाज विखर जाए। संस्कृति की सुदृढ़ नींव पर ही समाज की भव्य इमारत खड़ी है।

संस्कृति एवं साहित्य का भाषा से भी अत्यन्त निकट का सम्बन्ध है। भाषा के अभाव में साहित्य एवं संस्कृति की कल्पना भी नहीं की जा सकती अर्थात भाषा साहित्य एवं संस्कृति का अभिन्न अंग है। साहित्य रचना के लिए भाषा का होना नितान्त आवश्यक है। भाषा के अभाव में साहित्य का सृजन सम्भव नहीं है। भाषा रूपी ज्योति के बिना संसार घोर अन्धकारमय है अर्थात् मानव अपने भावों को व्यक्त करने के लिए जिस सार्थक, मौखिक या लिखित साधनों को अपनाता है वह भाषा है। भाषा ही संसार की सर्वोत्कृष्ट ज्योति है जो मानव के हृदय के अन्धकार को दूर करती है यह ज्ञान ज्योति ही विश्व के समस्त मानवों का कार्य-कलाप सिद्ध करती है। यह कल्पना भी नहीं की जा सकती है कि भाषा के बिना मानव की क्या दयनीय स्थिति होती। भाषा विश्व की सबसे महान शक्ति सम्पन्न वस्तु है। भाषा में वह शक्ति है कि नवीन सृष्टि की रचना कर दे। वह निष्प्राण समाज में चेतना फूँक देती है और हतप्रभ में क्रान्ति ला देती है। ऋग्वेद में इसको वायु के तुल्य सर्वगामी शक्ति बताया गया है। इसे विश्व की रचना का श्रेय दिया गया है।

भाषा का अध्ययन भाषा विज्ञान के अन्तर्गत किया जाता है अतः भाषा विज्ञान का अंग है। भाषा विज्ञान, भाषा के अध्ययन के लिए (जीवित भाषाओं के जीवित रूप को छोड़कर) सारी सामग्री साहित्य से लेता है। यदि आज संस्कृत, अवेस्ता या ग्रीक साहित्य हमाने सामने न होता तो किस आधार पर भाषा विज्ञान यह कह या जान पाता कि तीनों भाषाएं किसी एक मूल भाषा से निकली है। सत्य तो यह है कि केवल जीवित भाषाओं के अध्ययन को छोड़कर पुरानी या मृत भाषा का भाषा विज्ञान चाहे जिस रूप में अध्ययन करना चाहे उसे पग-पग पर साहित्य की सहायता लेनी पड़ती

है और जीवित भाषा के सम्बन्ध में क्यों, कब, और कैसे आदि के उत्तर के लिए उसे साहित्य की ही छानबीन करनी पड़ेगी।

इस प्रकार साहित्य एवं भाषा दोनों ही एक दूसरे के सहायक हैं। भाषा संस्कृति की ही उपज है अर्थात् संस्कृति समाज का प्राण है अत: उसका भी प्रभाव भाषा पर पड़ता है और उसके कारण भाषा में विकास होता है। सांस्कृतिक संस्थाएँ प्राचीन शब्दों को एक बार फिर ला देती है साथ ही विचार में भी परिवर्तन कर देती है, जिससे अभिव्यक्ति की शैली आदि प्रभावित होती है। दो या उससे अधिक संस्कृतियों के सम्मेलन से भी भाषा पर प्रभाव पड़ता है। व्यापार राजनीति तथा धर्म प्रचार आदि के कारण भी कभी-कभी दो संस्कृतियों का सम्मेलन होता है। इसका भाषा का विकास या परिवर्तन पर प्रभाव पड़ता है। जैसे आष्ट्रिको और द्रविड़ों का, द्रविड़ों और आर्यों का भारतीयों और मुसलमानों का साहित्य एवं भाषा अलग-अलग रूपों में दृष्टिगत होते हैं।

संस्कृति का धर्म से भी बड़ा गहरा सम्बन्ध है यद्यपि यह अपनी अभिव्यक्ति कला एवं साहित्य के माध्यम से पाती है लेकिन इसका प्रतिविम्ब धर्म और वासना में ही झलकता है।

संस्कृति का दर्शन से भी बड़ा घनिष्ट सम्बन्ध है श्री वाचस्पति गैरोला के अनुसार-''संस्कृति की समग्रता की खोज करने के लिए उसके विचार साहित्य का अनुशीलन आवश्यक होता है। दर्शन ही इस विचार साहित्य के आगार हैं, संस्कृति की गहनता, गम्भीरता, विशालता, स्थिरता, और प्राचीनता आदि विभिन्न पहलुओं का सम्यक विश्लेषण दर्शन साहित्य में ही निहित होता है''।

संस्कृति का धर्म और दर्शन की तरह कला से भी गहरा सम्बन्ध है। डा. हजारी प्रसाद द्विवेदी के शब्दों में-''कला मनुष्यत्व की उपज है, मनुष्यत्व की उद्‌बोधक है और मनुष्यत्व की विजय ध्वजा है। कला का प्रयोजन है कि वह मनुष्य को मनुष्य बनाये उसे पशु के सामान्य धरातल से ऊपर उठाये। स्थूल जीवन में संस्कृति की अभिव्यक्ति कला को जन्म देती है। कला का सम्बन्ध जीवन के मूर्तरूप से है। संस्कृति को मन और प्राण कहा जाए तो कला उसका शरीर है। संस्कृति इसलिए आवश्यक है कि भविष्य में विचारों की दासता से मानव की रक्षा हो और कला इसलिए आवश्यक है कि यन्त्र की दासता से मनुष्य अपने को बचा सके।

लोकवार्ता और संगीत के माध्यम से संस्कृति का स्वरूप सुरक्षित रहता है। लोकवार्ता का जनम जनता के मानस में होता है। यदि संग्रह किया जाए तो इस आधार पर स्थान या देश विशेष से निवासियों की अतीत से लेकर अब तक की बौद्धिक, नैतिक, धार्मिक एवं सामाजिक व्यवस्था का एक सम्पूर्ण चित्र हमारे सामने उपस्थित हो जाएगा। संगीत के माध्यम से ही संस्कृति स्थायित्व प्राप्त करती है और साथ ही गति भी।

संस्कृति का प्रसार मात्र धर्म, दर्शन कला तक ही सीमित नहीं है वरन् इसका सम्बन्ध व्यक्ति

कुल, समाज, जाति तथा राष्ट्र से भी है। यह व्यक्ति कुल, जाति, समाज तथा विश्व भर के समक्ष आदर्शों की प्रतिष्ठा करती है। ये आदर्श परम्परा में परिचालित तथा पोषित होकर अनेक पीढ़ियों तक चलते रहते हैं और आगे आने वाली संतति को प्रेरणा भी देते रहते हैं।

संस्कृति जीवन के संवर्धन का सबसे पोषक तत्व तथा जीवन की समग्रता का दर्शन कराने वाला प्रकाशपुंज है। राजनीति, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, विज्ञान एवं प्रविधि, सभी को आत्मसात् करते हुए संस्कृति एक ऐसा व्यापक एवं विस्तृत परिवेश प्रस्तुत करती है। जहाँ मानव मन अपने विकास की ऊँची उड़ान भर सकता है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि संस्कृति के विविध आयाम है। इसका विस्तार मात्र साहित्य, समाज, राष्ट्र, परिवार, दर्शन, कला इत्यादि तक ही सीमित नहीं है वरन इसका विस्तार तो सम्पूर्ण जीवन में है, जीवन का कोई अंग इससे अछूता नहीं है।

भाषा, साहित्य और संस्कृति चिरपरिवर्तनशील है। परिवर्तन इस सृष्टि का नियम है। यहाँ की प्रत्येक वस्तु परिवर्तित होती रहती है अतः भाषा साहित्य एवं संस्कृति भी इसके अपवाद नहीं है। प्रत्येक युग की समाज और परिस्थितियों और जीवन मूल्यों के अलग-अलग होने के कारण उन्हीं के अनुसार प्रेरणाएँ और प्रयोजनों में भी बदलाव हुआ करता है और इसी के साथ ही साहित्य संस्कृति एवं भाषा की प्रवृत्तियाँ भी बदलती रहती है। इस प्रकार संस्कृति परिवर्तनशील है तथा भाषा एवं साहित्य उसके अभिन्न अंग हैं।

अतः संस्कृति के परिवर्तनशील होने के कारण प्रत्येक युग का भाषा और साहित्य भी परिवर्तित होता रहा है। ये तीनों समाज में ही संरक्षण एवं विकास पाते हैं अतः भाषा का प्रयोक्ता मनुष्य और उसका समाज परिवर्तित होता रहता है और उसके साथ-साथ उसके द्वारा प्रयुक्त भाषा भी परिवर्तित होती रहती है। प्रत्येक युग का साहित्य किसी न किसी भाषा में ही लिखा गया है वैदिक साहित्य संस्कृत में, बौद्ध साहित्य पाली में जैन साहित्य प्राकृत में इस्लाम आदि साहित्य अरबी में अतः संस्कृति बदलती है तो भाषा साहित्य सब बदल जाता है। इस प्रकार भाषा साहित्य कला सबका समावेश संस्कृति के अन्तर्गत होता है। ये सब संस्कृति के विभिन्न अवयव है।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि संस्कृति साहित्य भाषा और समाज का आपस में बड़ा गहरा सम्बन्ध है ये सब एक दूसरे के अभिन्न अंग होने के नाते एक दूसरे पर अन्योन्याश्रित या पूरक हैं। जिस प्रकार किसी राष्ट्र या देश के साहित्य से उसका समाज कभी अलग नहीं किया जा सकता उसी प्रकार उस देश या राष्ट्र के साहित्य से उसकी भाषा एवं संस्कृति को कोई भी अलग नहीं कर सकता।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची

- जयरामन, डा. पी. - भक्ति के आयाम, वाणी प्रकाशन नई दिल्ली-110002
- उपाध्याय, बलदेव - संस्कृत साहित्य का इतिहास
- गैरोला, वाचस्पति - संस्कृत साहित्य का इतिहास
- द्विवेदी, डा. कपिलदेव - भाषा विज्ञान एवं भाषा शास्त्र, विश्वविद्यालय प्रकाशन वाराणसी।
- तिवारी, भोला नाथ - भाषा विज्ञान, किताब महल, 22-ए, सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद।
- द्विवेदी, वृजेन्द्र कुमार - सामाजिक विज्ञान माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ.प्र., इलाहाबाद द्वारा अधिकृत प्रकाशक, राजीव प्रकाशन, 123, स्वामी विवेकानन्द मार्ग, इलाहाबाद।

चुनाव सुधार : वर्तमान परिदृश्य

अविनाश प्रताप सिंह* एवं मिथिलेश कुमार त्रिपाठी**

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है जहाँ जनता के द्वारा जनता के लिए जनता में से प्रतिनिधि चुने जाते हैं। इसके लिए स्वतंत्र निष्पक्ष चुनाव आयोजित किये जाते हैं जिसके लिए भारत के संविधान के अनच्छेद 324 से 329 में चुनाव आयोग की स्थापना की गई है जिसका कार्य चुनाव का पर्यवेक्षक और नियुत्रण कर भारत में चुनाव सम्पन्न कराना है। इसके लिए चुनाव आयोग को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया है।[1]

चुनाव लोकतांत्रिक शासन का आधार है। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था लोकतंत्र को स्थापित और परिपक्वता प्रदान करती है। काफी समय से देश में चुनाव सुधारों की मांग की जा रही है। चुनाव के दौरान अपनाये जाने वाले भ्रष्ट तरीकों को समाप्त करने का प्रश्न सरकार के समक्ष काफी समय से विचाराधीन रहा है। पिछले वर्षों में हुए अनुभवों में चुनाव सुधार की तात्कालिकता पर जोर दिया गया है।[2]

चुनाव आयोग बिना किसी सरकारी दबाव के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष होकर कार्य करे इसलिए इसे स्वायत्तता प्रदान की गयी है। सम्पूर्ण भारत में चुनाव कराना चुनाव आयोग के लिए गम्भीर चुनौती है। हमारे देश में जनता सीधे संवैधानिक मुखिया जैसे राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल को नहीं चुनती बल्कि जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों के द्वारा उनका चुनाव अथवा चयन किया जाता है। इस प्रकार भारत में प्रतिनिधि लोकतंत्र अथवा अप्रत्यक्ष लोकतंत्र स्थापित है जहाँ पर जन भागीदारी के आधार पर सार्वजनिक मामलों में सर्वसाधारण नागरिकों की सक्रिय भूमिका रहती है।

हमारे देश में चुनाव सुधारों की अत्यधिक आवश्यकता है जिसके लिए सर्व प्रथम प्रत्येक व्यक्ति के लिए मतदान किया जाना अनिवार्य होना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति का नाम उसके वयस्क होते ही अपने आप मतदाता सूची में आ जाना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति मतदान करे इसके लिए जरूरी है कि इण्टरनेट से वोटिंग की सुविधा दी जाय। प्रत्येक व्यक्ति को उसका गोपनीय कोड देकर इण्टरनेट से वोटिंग करायी जाय। प्रत्येक व्यक्ति मताधिकार का प्रयोग करे इसके लिए जरूरी है कि

*प्रवक्ता, राजनीति विज्ञान विभाग, महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर
**प्रवक्ता, राजनीति विज्ञान विभाग, प्यारी देवी गाजित पी.जी. कालेज तिलौरा, सहजनवाँ, गोरखपुर

बहुत छोटे-छोटे पोलिंग बूथ बनाये जाय। मुहल्ले, गाँव-गाँव तथा एक हजार की जनसंख्या पर एक पोलिंग बूथ बनाया जाय जिससे लोगों को आवागमन पर अधिक खर्चा न करना पड़े तथा उसके व्यवसाय एवं व्यापार पर बाधा न पहुँचे बहुत कम समय में उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करने का समय मिल जाय।

चुनाव आयोग को चुनाव के समय फर्जी मतदान को रोकने के लिए अत्यधिक सैन्यबल की आवश्यकता पड़ती है। जो समय पर जनसंख्या के अनुपात के आधार पर प्राप्त नहीं हो पाती इस कारण बाहुबल के आधर पर नेता लोग जनता को डरा कर, बूथ कैप्चरिंग करके, मतदाताओं को लोग लालच देकर वोट को अपने पक्ष में डलवाने का कार्य करते है।

चुनाव में काले धन का अत्यधिक प्रयोग किया जाता है और निर्धारित सीमा से अधिक धन खर्च किया जाता है जिससे मतदाता प्रभावित होते हैं और दोषपूर्ण वोटिंग होती है। इसके लिए जरूरी है कि शासकीय खर्चे से चुनाव सम्पन्न कराया जाय। सरकार के द्वारा ही चुनाव साधन एवं सामग्री प्रदान की जाय।[3]

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् करीब दो दशक तक लोकसभा और विधानसभा चुनाव आमतौर पर साथ-2 ही कराये गये थे अर्थात् केन्द्र एवं विभिन्न राज्यों में एक बार सरकारों का चयन होने के बाद उन्होंने पाँच वर्ष तक काम किया लेकिन यह संतुलन धीरे-धीरे बिगड़ता चला गया। दर असल हुआ यह कि 1968, 1969 में कुछ विधान सभाओं के चुनाव एक साथ कराये जाने की प्रक्रिया रूक सी गयी।[4] वर्तमान में स्थिति यह है कि हर समय कोई न कोई चुनाव होता ही रहता है। चौदहवीं लोकसभा चुनाव के बाद से ही निरन्तर चुनावों का तांता लगा हुआ है। इस प्रकार चुनावों का एक अनवरत दौर जारी रहने से जहाँ एक समय, धन, समय तथा ऊर्जा का अपव्यय होता है वहीं दूसरी ओर राजनीतिक कार्यकर्ताओं को भी हर समय चुनावों में ही उलझे रहना पड़ता है जिस कारण जन सहभागिता तथा विकास कार्य सम्पन्न करने की दर में कमी आती है। साथ ही चुनावों के समय आचार संहिता लागू होने की वजह से विकास कार्यों की गति में कमी आती है। पुलिस, सुरक्षाबल तथा प्रशासनिक अमला भी बार-बार चुनावों को लेकर परेशान रहता है। बार-बार होने वाले चुनावों का एक पहलू यह भी है कि इसकी वजह से केन्द्र की सरकार हमेशा दबाव में दिखती है। कोई भी महत्वपूर्ण फैसला लेने से पहले उसे यह देखना पड़ता है कि कहीं किसी राज्य में चुनाव तो नहीं हो रहे हैं। इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा, विधानसभा तथा पंचायत चुनावों को एक साथ करने का सुझाव दिया है।

राजनीतिक दलों के नेताओं तथा अन्य प्रबुद्ध नागरिकों ने अनेक सुधारों की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया है। सुधारों की आवश्यकता एवं उसके स्वरूप के बारे में अनेक मंचों से ठोस विचार सामने आते रहे हैं। सरकार ने चुनाव सुधारों के मुद्दे के बारे में राजनीतिक दलों के नेताओं

के साथ विचार-विमर्श किया।[5] इन सब बातों को ध्यान में रखकर केन्द्र सरकार ने दिसम्बर 1998 में संसद में दो विधेयक पास कराये। एक संविधान संशोधन विधेयक तथा दूसरा जनप्रतिनिधि विधेयक। दोनों विधेयकों द्वारा देश की चुनाव प्रणाली में महत्वपूर्ण एवं व्यापक सुधारों का प्रावधान किया गया है। इन सुधारों को हम कई श्रेणियों में बाँट सकते हैं जैसे- मतदाताओं सम्बन्धी, मतदाता प्रणाली सम्बन्धी, उम्मीदवार सम्बन्धी, चुनाव के दौरान होने वाले भ्रष्टाचार सम्बन्धी, चुनाव आयोग सम्बन्धी, चुनाव खर्च सम्बन्धी, राजनैतिक दल सम्बन्धी आदि।

सबसे बड़ा युगान्तकारी संशोधान मतदाताओं के सम्बन्ध में है। पहले मतदान की उम्र 21 वर्ष हुआ करती थी लेकिन अब उसे 18 वर्ष कर दिया गया है।[6] ऐसा इसलिए कि देश के युवक शिक्षित एवं प्रबुद्ध हैं और इन्हें देश की राजनीतिक प्रक्रिया में सहभागी बनाना श्रेष्यकर होगा।

मतदान प्रणाली में संशोधन यह है कि मतदाता इलेक्ट्रनिक मशीनों के माध्यम से अपने मत का प्रयोग करें। इस प्रक्रिया को अपनाने से जहाँ एक तरफ समय की बचत होगी वहीं दूसरी तरफ मतदान में गड़बड़ियों की सम्भावना कम होगी। 1999 के आम चुनावों में कुछ राज्यों में इलेक्ट्रानिक मशीनों का प्रयोग किया गया।

चुनाव के उम्मीदवारों के संदर्भ में अनेक महत्वपूर्ण सुधार किये गये है। चुनाव नियमावली में अनेक नये अपराध सम्मिलित किये गये है जिनके अनुसार अपराधी चुनाव में उम्मीदवार नहीं बन सकते हैं। जैसे पत्नी के साथ क्रूरता का व्यवहार करने वाले, सती प्रथा अपराध से जुड़े व्यक्ति, दहेज कानून का उल्लंघन करने वाले, साम्प्रदायिक झगड़ा करने वाले अपराधी, विदेशी मुद्रा कानून का उल्लंघन करने वाले अपराधी, नशीली दवाओं तथा सीमा शुल्क का उल्लंघन करने वाले अपराधी और धार्मिक स्थानों का दुरुपयोग करने वाले दण्डित व्यक्ति। इन सब नियमों के पीछे उद्देश्य यह है कि सामाजिक एवं आर्थिक अपराधी चुनाव न लड़ सके अर्थात् अच्छी छवि वाले लोग ही जनता के प्रतिनिधि बन सके।

उम्मीदवार के संदर्भ में एक सुधार यह है कि राज्यसभा और विधान परिषद के चुनाव में उम्मीदवार बनने के लिए कम से कम 10 निर्वाचक अथवा 10 प्रतिशत निर्वाचक उसके नाम का प्रस्ताव करें। ऐसा इसलिए कहा गया है कि केवल वही लोग उम्मीदवार के रूप में आ सकेंगे जो गम्भीरता से चुनाव लड़ने के इच्छुक है। चुनाव के दौरान होने वाली गड़बड़ियों और भ्रष्ट उपायों को रोकने के लिए भी उपाय किये गये हैं। प्रायः मतदान केन्द्रों पर हमला करने या कब्जा करने की शिकायत पहले आती थी। अब यह व्यवस्था कर दी गयी है कि जो लोग मतदान केन्द्र पर हमला करने अथवा उनपर कब्जा करने के दोषी पाये जायेंगे उन्हें छः महीने से तीन वर्ष तक की सजा का प्रावधान किया गया है। साथ ही मतदान केन्द्रों की सुरक्षा के पुख्ता व्यवस्था भी की जाती है जिसमें केन्द्रीय सुरक्षा बल तथा अन्य महत्वपूर्ण उपाय अपनाये गये हैं।

अधिकारों के अभाव में चुनाव आयोग को अपने कर्तव्यों के पालन में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। अब इन कठिनाईयों को दूर करने के उद्देश्य से चुनाव आयोग के अधिकार बढ़ा दिये गये हैं। एक महत्वपूर्ण सुधार यह है कि जो लोग चुनाव के समय चुनाव ड्यूटी में तैनात किये जायेंगे वे चुनाव अवधि के दौरान और चुनाव सम्बन्धी कार्य करते समय चुनाव आयोग के अनुशासनाधीन रहेंगे।

राजनीतिक दलों के सम्बन्ध में एक नई व्यवस्था यह की गयी है कि उन्हे चुनाव आयोग के पास अपना रजिस्ट्रेशन कराना पड़ेगा। नए नियम के अनुसार ऐसी व्यवस्था होगी कि जो राजनीतिक दल समाजवाद, लोकतंत्र एवं धर्म निरपेक्षता में विश्वास नहीं करते उन्हें चुनाव आयोग पंजीकृत नहीं करेगा। इसके साथ ही चुनाव आयोग के पास अपना रजिस्ट्रेशन करने वाले प्रत्येक राजनीतिक दल को संविधान में निष्ठा रखने का वचन देना होगा।

अतः स्पष्ट है कि चुनाव सुधार ही वह माध्यम है जिससे संविधान निर्माताओं की इस अपेक्षा की शर्त हो सकती है कि भारत में सभी व्यक्ति समान रूप से व गरिमापूर्ण ढंग से प्रतिनिधियों को चुनने व चुने जाने के लिए सक्षम होंगे। चुनाव सुधार के माध्यम से न केवल बेहतर, ईमानदार व प्रतिबद्ध प्रतिनिधि चुनकर जायेंगे, जो पूरी निष्ठा व सक्रियता से सामाजिक, आर्थिक न्याय को अन्तिम जन तक पहुँचायेंगे, वरन सफल चुनाव सुधार के द्वारा ही 'जन का प्रतिनिधि' के प्रति विश्वास व सम्मान बढ़ेगा, जिससे आम नागरिक जन प्रतिनिधि के साथ कंधे से कंधा मिलाकर राष्ट्र निर्माण के कार्य को सुगम बनाने के लिए प्रेरित होंगे। अतः वर्तमान की इस सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता की पूर्ति हेतु जहाँ एक ओर विभिन्न समितियों व आयोगों की प्रभावशाली अनुशंसाओं को पूरी ईमानदारी व प्रभावशाली ढंग से लागू करना होगा, वहीं दूसरी ओर विभिन्न राजनीतिक दलों व जन प्रतिनिधियों को प्रेरित करना होगा कि वे अपने कर्तव्य के प्रति संवेदनशील व सत्यनिष्ठ बनकर लोकतंत्र के इस उत्सव को सफल बनाये।

सन्दर्भ –

1. अवस्थी, प्रो. आनन्द प्रकाश - भारतीय राज व्यवस्था, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, आगरा, 2007, पृ. 392
2. कश्यप, सुभाष - हमारा संविधान, नेशनल बुक ट्रस्ट ऑफ इण्डिया, ए-5 ग्रीन पार्क नई दिल्ली, 2006, पृ. 153
3. राष्ट्रीय सहारा (हस्तक्षेप) गोरखपुर संस्करण, दिनाँक 11 फरवरी 2017
4. दृष्टि करेन्ट अफेयर्स टूडे, अक्टूबर 2016, पृ. 19
5. तिलक, रघुकुल - लोकतंत्र स्वरूप एवं समस्याएं, उत्तर प्रदेश, हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, 1972, पृ. 579
6. शर्मा, अरुण दत्त, कुमार आशुतोष, अरिहन्त पब्लिकेशन (इण्डिया) लिमिटेड, मेरठ, पृ. 576

वेद प्रतिपादित पर्यावरणीय घटक : स्वरूप एवं संरक्षण

दुर्गेश पाण्डेय 'सांकृत्यायन'* एवं सुबोध कुमार मिश्र**

पर्यावरण से तात्पर्य हमारे परितः स्थित उस आवरण से है जो हमें सब ओर से आवृत किये है[1], और जिन्हें हम प्रकृति के घटक कहते हैं। वस्तुतः पर्यावरण एक अविभाज्य समष्टि है तथा भौतिक, जैविक एवं सांस्कृतिक तत्त्वों वाले पारस्परिक क्रियाशील तंत्रों से इसकी रचना होती है। पृथिवी, जल, वायु, आकाश, सूर्य, अग्नि, वृक्ष-वनस्पतियाँ ये सभी पर्यावरण के घटक जीवन हेतु अनिवार्य तत्त्व हैं, अतः स्वस्थ जीवन हेतु इनका शुद्धत्व सर्वथा रक्षणीय है।

यह मान्यता रही है कि वेद ज्ञान के भण्डार हैं, एवं इनमें जगत् से सम्बन्धित समस्त गूढ़ विद्याओं का आरेख सन्निहित है[2], अतः पर्यावरण भी इसका अपवाद नहीं है, प्रकृति के ही क्रोड में लीलारत ऋषियों के लिए प्रकृति के घटक सहज-उपास्य रहे, उन्होंने इन घटकों को 'देवता' कह कर सम्बोधित किया है।[3] 'देव' एवं देवता में तत्त्वतः कोई भेद नहीं है।[4] देवता का अर्थ है- दिव्य गुणों से युक्त।[5] प्रकृति के घटक अपने दिव्य गुणों से स्वयं प्रकाशित हैं, और निःस्वार्थ भाव से अनुदान प्रदान कर हमारे जीवन को भी स्वास्थ्य-समृद्धि देकर प्रकाशित करते हैं, वेद के बहुसंख्य मंत्रों में ऋषियों की यह अभिलाषा मुखरित हुई है। आर्य जीवन पद्धति का लक्ष्य रहा है कर्म करते हुए सौ वर्ष तक जीवित रहना-

"कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतँसमाः।"[6]

यह तभी सम्भव है जब हम शुद्ध वायु, पवित्र जल एवं शुद्ध खाद्य पदार्थ ग्रहण करें, एवं हमारा मन शुद्ध विचारों से युक्त हो। तात्पर्य यह कि पर्यावरण की शुद्धता ही हमें शतायु बना सकती है। वैदिक ऋषि इस रहस्य से परिचित थे। वैदिक काल में प्रकृति के घटक प्रदूषित न होकर अपने शुद्ध स्वरूप में विद्यमान थे, तथापि ऋषियों को यह ज्ञात था कि इनका दूषित होना हानि एवं व्याधि का कारण हो सकता है, अतः वे शुद्ध प्रकृति को शुद्ध रूप में ही संरक्षित रखने हेतु सतत प्रयत्नशील प्रतीत होते हैं। वैदिक साहित्य में पञ्चभूतों के कारणावस्था (मूल प्रकृति) को वाक् कहा गया है जो संवत्सर रूप प्रजापति से अभिव्यक्त कही गयी है[7], यह समस्त प्रजा वाक् से ही निर्मित है,

---

*प्रवक्ता, संस्कृत विभाग, सरदार वल्लभ भाई पटेल कन्या महाविद्यालय, परतावल, महराजगंज

**प्रवक्ता, प्राचीन इतिहास, पुरातत्त्व एवं संस्कृति विभाग, महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर

बृहदारण्यक प्रतिपादित इस रहस्य में शरीर की पञ्चभूतात्मकता ध्वनित होती है। **'यत्पिण्डे तत् ब्रह्माण्डे, यत् ब्रह्माण्डे तत्पिण्डे'** के आधार पर बृहदारण्यक ब्रह्माण्ड रूप में इसे 'आधिदैव दर्शन' और पिण्ड में 'अध्यात्म दर्शन' के रूप में व्यक्त करता है।[8] यजुर्वेद में छः उर्वियों की चर्चा है- अग्नि, पृथिवी, जल, वायु, दिन एवं रात्रि। शतपथ में इन उर्वियों की व्याख्या करते हुए कहा गया है कि वह व्यक्ति कभी आर्त (रोगग्रस्त) नहीं होता जिसकी ये छः उर्वियाँ रक्षा करती हैं।[9] एतदर्थ प्रत्येक कार्य में इनकी शान्ति की कामना अपेक्षित है।[10] अथर्ववेद में शरीरस्थ भूतों के शान्त होने की कामना से ऋषि उन्हें नमन करते हैं।[11] ऋषियों का स्पष्ट मत था कि पृथिवी-जलादि भूतों में भी आत्मा (परमेश्वर) का वास है[12] अतः वे इनकी हिंसा (प्रदूषित करने) की कल्पना भी नहीं करते। इतोऽपि प्रकृति के इन घटकों के प्रति ऋषि-दृष्टि का घटकानुसार स्वरूप निम्नवत् है-

वायु- वायु जीवन का सर्वाधिक निकटस्थ अंग होने के कारण साक्षात् जीवन ही है, इसलिए इसे प्राण कहा गया है।[13] ऋग्वेद में शुद्ध वायु के महत्त्व को प्रदर्शित करते हुए कहा गया है कि- हे वायु! तुम्हारे पास जो प्राणस्वरूप अमृत की निधि है उससे हमें भी कुछ अंश प्रदान करो।[14] ऋषि की अभिलाषा है कि वायु हमारे हृदय को आनन्दित करता हुआ शुद्ध रूप में प्रवाहित होकर हमारी आयु को बढ़ाये।[15] ऋग्वेद के ही एक अन्य मंत्र में सूर्य से प्रसूत प्राण का वाहक वायु को कहा गया है।[16] वायु इन्द्रादि देवों की भी आत्मा, पञ्चमहाभूतों का बीज स्वरूप और शक्ति स्वरूप है अतः ऋषिगणों के लिए यह स्तुत्य है।[17] वेद वायु को सर्वदोषहन्ता मानता है, वायु के शुद्धत्व के आग्रही ऋषि प्रार्थना करते हैं- हे वायु! तुम ओषधियुक्त होकर प्रवाहित होवो एवं हमारे शरीर में जो दोष हैं उन्हें बाहर ले जाओ क्योंकि तुम सर्वौषधि रूप हो और देवों के दूत बनकर विचरण करते हो।[18] बृहदारण्यक में वायु के इस अगाध महत्त्व के कारण ही 'प्राणव्रत' का विधान करते हुए वायु को कभी अस्त न होने वाला देवता कहा गया है।[19]

जल- ऋग्वेद के अनुसार शुद्ध जल में ओषधि एवं अमृत का वास होता है।[20] वेद का आग्रह है कि हम शुद्ध जल का प्रयोग करें क्योंकि जल में प्रदूषण हरण की दिव्य क्षमता होती है[21], यही नहीं अपितु असत्यभाषण आदि आन्तरिक दुर्गुणों के भी जल से शुद्धि का उल्लेख है।[22] इसीलिए छान्दोग्योपनिषद् में जल को अन्न से श्रेष्ठ कहा गया है।[23] ऋग्वेद की यह मान्यता है कि पवित्र एवं दिव्य आपः ही पावक, शुचि और मधु होने से वनस्पति एवं जीव-जगत् के त्राणकर्ता हो सकते हैं।[24] क्योंकि चे भोजन के परिपाक हेतु तीव्ररस, प्राण, तेज, कमनीयता, शक्ति और पौरुष के साथ अमरत्व के उपादान हैं।[25] तैत्तिरीय संहितानुसार जल प्रथम तत्त्व है[26], इसके अगाध कल्याणकारी महत्त्व से ही यजुर्वेद इसकी हिंसा न करने का आग्रह करता है।[27] ऋग्वेद में विभिन्न स्थानों के जलों से कल्याणकारी होने की कामना की गयी है।[28] अथर्व संहिता का ता आरम्भ ही पवित्र जल के मंगलकारी स्तवन से होता है।[29] इसी प्रकार ऋग्वेद एवं अथर्ववेद में जल चिकित्सा के भी प्रमाण प्राप्त

होते हैं।[30] इसी प्रकार अथर्वसंहिता का सूक्त 1.33 जल के महत्त्व को स्पष्ट रेखांकित करता है। इसी प्रकार ऋग्वेद में सरस्वती, गंगा आदि नदियों के जल की स्तुति प्राप्त होती है।[31] आर्यजन कुशा (दर्भ) को पवित्र करने वाला स्वीकार करते हैं। जल का इसके द्वारा उत्पल्लवन कर पूजन सामग्री का शोध न किया जाता है, कुशा का प्रदूषण नियंत्रण में स्थान क्या है? यह विचारणीय है।

पृथिवी- भूमि मातृवत् है[32] यह अन्न, जल, फल, ओषधियाँ एवं विविध खनिज पदार्थ प्रदान कर हमारा पोषण करती है।[33] ऋग्वेद के कई मंत्रों में पृथिवी को द्यौ के साथ स्तुति कर उनके कल्याणकारी होने की कामना की गयी है।[34] अथर्ववेद का पृथिवी सूक्त ऋषियों का भूमि के प्रति कृतज्ञता का स्पष्ट निदर्शन है, ऋषि इसके अवदानों के प्रति कृतज्ञ हैं, जगत् का भरण-पोषण करने वाली विश्वम्भरा[35] भूमि के प्रति ऋषि की कामना है कि इसका ऊपरी भाग (मृदा) और आन्तरिक भाग कृमि एवं रोग से रहित हो।[36] यजुर्वेद में कहा गया है कि हे माता! तुम्हें दूषित कर तुम्हारी हिंसा हमारे द्वारा न हो और तुम भी हमारी हिंसा न करो।[37]

वृक्ष एवं वनस्पतियाँ- वृक्ष प्रत्यक्ष देवस्वरूप हैं, यही कारण है कि इनके सार्वभौम महत्त्व को स्वीकार कर पुत्र-तुल्य माना जाता है। ये वायु शोधन एवं ओषधि रूप में रक्षा के साथ भरण-पोषण भी करते हैं।[38] यजुर्वेद में कहा गया कि वनस्पतियाँ हमें शान्ति प्रदान करती हैं।[39] यही कारण है कि ऋग्वेद इनके सदा फलवान होने की कामना करता है।[40] वेद में ओषधियों को प्रसन्नता के साथ फलनेवाली, अफला, अपुष्पा, पुष्पिणी, विविध रूपों में वर्णित कर[41] इनके मधुवत् होने की कामना की गयी है।[42] वेद का निर्देश है कि वृक्ष को जड़ से न काटें अपितु ऐसे काटें कि वह सहस्रांकुर होकर बढ़े।[43] ऋग्वेद वन एवं वनस्पति के संरक्षण का आग्रह व्यक्त करता है।[44]

इसके अतिरिक्त प्रकृति के घटकों के किसी कारण से दूषित हो जाने पर उनके शोधन का उपाय भी वेदों में प्राप्त होता है। वायु प्रदूषण को रोकने हेतु अश्वत्थ एवं पलाश का उल्लेख है।[45] अथर्ववेद में वनस्पतियों द्वारा भी पर्यावरण को शुद्ध रखने का उल्लेख है[46] जिनमें अजशृङ्गी, गुगुल, सहस्रपर्णी, औक्षगन्धी, प्रमोदिनी आदि को हवन कर कीटाणुओं को नष्ट किया जा सकता है। अज शृङ्गी से फंगस आदि जलीय कीटों को नष्ट किया जा सकता है।[47] अथर्ववेद में प्रदूषित जल को शुद्ध करने का उपाय है[48] वहीं यह संकेत है कि अग्नि एवं सोम द्वारा पुष्ट होने (सम्भवतः उबालने के अर्थ में) जल मधुर एवं प्राण से युक्त हो जाता है।[49] सूर्य रश्मि एवं कुशा द्वारा जल को पवित्र करने का उपाय यजुर्वेद में संकेतित है।[50] ऋग्वेद में नदियों के अशुद्ध हो जाने पर उन्हें शुद्ध करने का उल्लेख भी प्राप्त होता है।[51] सूर्य की रश्मियों से कृमि-नाश का उल्लेख अथर्ववेद में भी प्राप्त होता है।[52] मृदा में वायु की न्यूनता होने पर इसकी उर्वरता प्रभावित होती है, यजुर्वेद में उल्लेख है कि मृदा की उर्वरता-वृद्धि के लिए उसे कुछ दिन खाली रखना चाहिए जिससे मातरिश्वा उसे पुनः उर्वरा कर देते हैं।[53(क)]

इसके अलावा वायुमण्डल को शुद्ध रखने का सर्वाधिक वेद प्रशंसित उपाय यज्ञ एवं अग्निहोत्र है।[53(ख)] यज्ञ से अल्पवृष्टि, अनावृष्टि, रोग, अकाल आदि का निदान ऋषियों के लिए सरल-साध्य था। अथर्ववेद के अनुसार प्रात:कृत अग्निहोत्र सायंकाल तक एवं सायंकाल किये गये अग्निहोत्र से प्रात: तक वायुमण्डल शुद्ध रखता है।[54] पदार्थ के रूपान्तरण के विज्ञान से परिचित होने से ऋषियों को ज्ञात था कि घृत, गुगुल, चन्दन, गिलोय, अगुरु आदि तत्त्व अग्नि में होम करने पर वातावरण को वायु से संयुक्त होकर शुद्ध करते हैं।

भूतों की शुद्धि-संरक्षण के साथ सामाजिक पर्यावरण के प्रति भी वेद सचेत है, 'ऋत्' की अवधारणा के द्वारा नैतिक नियमों के प्रति वेद दृढ़ है,[55] सत्य देवत्व का वरण है वहीं झूठ का आश्रय लेनेवाला अमेध्य कहा गया है।[56] आतिथ्य सत्कार का दृढ़ता से प्रतिपादन करते हुए कहा गया है कि बिना अतिथि को भोजन कराये स्वयं भोजन करना अनुचित है।[57] द्वेष, लोभादि का शमन कर साथ-साथ रहने की भावना वेद व्यक्त करता है।[58] पुरुषार्थ चतुष्ट्य की अवधारणा, आश्रम व्यवस्था आदि ऋषियों के मन:शास्त्री होने के प्रमाण हैं। अनैतिकता का वेद दृढ़ता से खण्डन करता है और रिश्तों की मर्यादा का पोषण ही धर्म घोषित करता है।[59] नित्य बुद्धि के सद्मार्गगामी होने की कामना गायत्री मंत्र में[60] एवं मन के शोभन संकल्पों से युक्त होने की भावना शिवसंकल्प सूक्त में व्यक्त हुई है।[61] धनलोलुपों को सावधान करते हुए वेद सर्वत्र ईश्वरत्व की भावना कर त्याग का सन्देश देता है।[62] असत् से सत् और अन्धकार से प्रकाश की तरफ चलना ही वेदत्व की प्रतिष्ठा है।[63]

निष्कर्षत: कह सकते हैं कि वेद पर्यावरण के प्रति पूर्ण सचेत हैं और इसके शुद्ध स्वरूप को अक्षुण्ण रखने का हमें सन्देश देते हैं। प्रकृति का शुद्ध होना ही मानव की शुद्धि का माध्यम है, हम इन्हें पवित्र रखें और इनसे हमारा जीवन पवित्र होता रहे[64] ये मधुमय रहें, हमें मधु प्रदान करें।[65]

सन्दर्भ

1. आप्टे, वामन शिवराम, संस्कृत हिन्दी शब्दकोश, पृ.सं. 162
   परि-आवरण= पर्यावरण। संस्कृत में 'आवरण' शब्द की व्युत्पत्ति है- आ+ वृ+ल्युट् आवरणम् जिसका अर्थ है- ढकना, छिपाना या घेरना।
2. "वेदोऽखिलो धर्ममूलम्" मनुस्मृति- 2.6।।
   य: कश्चित् कस्यचिद् धर्मोमनुना परिकीर्तित:।
   स सर्वोऽभिहितो वेदे सर्वज्ञान मयो हि स:।। तत्रैव-2.7।।
3. अग्निर्देवता वातोदेवता सूर्योदेवता चन्द्रमादेवता वसवोदेवता रुद्रोदेवता आदित्यादेवता मरुतोदेवता विश्वेदेवादेवता बृहस्पतिर्देवता इन्द्रोदेवता वरुणोदेवता।।- शु.यजुर्वेद- 14.20
4. 'यो देव: सो देवता' - निरुक्त (दैवत काण्ड) 7.
5. "देवो दानाद्वाद्योतनाद्वा दीपनाद्वा द्युस्थानो भवतीतिवा" - तत्रैव
   अर्थात् जो देता हो (दा+'व' प्रत्यय) जो प्रकाशित हो (दिव+अच्) एवं जो द्युस्थानीय हो वह 'देव' है।

देव+तल्+टाप्=देवता (स्त्रीलिङ्ग में)। इसका अर्थ है- दिव्य, शक्ति, देवत्व आदि -वही, पृ. 474

6. ईशावास्योपनिषद्-3

"पश्येमशरदः शतं जीवेमशरदः शतम्।"- शु. यजु. 36.24।।

7. "यावन्संवत्सरस्तमेतावतः कालस्य परस्ताद्सृजत तं जातमभिव्याददात्स भाणकरोत्सैव वागभवत्।।"

बृ.आ. 1.2.4।।

8. बृहदराण्यक - 1.5.21-22।।

9. "षण्मोर्वरिथ्छंहसस्पान्त्वग्निश्च पृथिवी चापश्चवातश्चाहश्चरात्रिश्चेत्येता मा देवता आर्तेगोपायन्वित्यैवैतदाह तस्यो हि न ह्वालास्ति यमेता देवता आर्तेगोपायेयुः।।" श.ब्रा.- 5.1.22।।

10. द्यौः शान्तिरन्तरिक्षं शान्ति पृथिवी शान्तिरापः शान्तिरोषधयः शान्ति वनस्पतयः शान्तिर्विश्वेदेवाः शान्तिर्ब्रह्मशान्तिः सर्वथ्छंशान्तिः शान्तिरेवशान्तिः सामाशान्तिरेधिः।। शु. यजु. 36.17

11. सूर्यो मे चक्षुर्वातः प्राणोअन्तरिक्षमात्मा पृथिवीशरीरम्।

अस्तृतो नमाहमयमस्मि स आत्मानं निदधे द्यावापृथिवीभ्यां गोपीथाय।।- अथर्ववेद- 5.9.7।।

"सूर्याच्चक्षुरन्तरिक्षात् श्रोत्रम्।" - तत्रैव- 5.10.8।।

12. "यः पृथिव्यां तिष्ठन् पृथिव्यां अन्तरो.....यस्य पृथिवीशरीरं यः पृथिवीमन्तरोयमत्येष त आत्मान्तर्याम्यमृतः।।" -बृ.आ. 3.7.3

"आपः शरीरं यो आपोऽन्तरो.....यो वायौतिष्ठन् वायोरन्तरो.....योदिवि तिष्ठन् दिवोऽन्तरो.....यं आकाशे तिष्ठन्नाकाशादन्तरो.....येषत आत्मान्तर्याम्यमृतः।।" तत्रैव, 4-12, "यः सर्वेषु भूतेषु तिष्ठन्"-तत्रैव 3.7.15

13. "वायुर्हि प्राणः" ऐ.ब्रा.-2.26.3.2।। "प्राणो हि वायु" - ताण्ड्य ब्रा. 4.6.8।।

"यावद्ध्यस्मिन् शरीरे प्राणोवसति तावदायुः।" कौ.उ.-3.3।।

14. यददो वात ते गृहेऽमृतस्य निधिर्हितः।

ततो नो देहि जीवसे।। ऋ.वे. 1.186.3।।

15. वात आ वातु भेषजं शम्भुमयोभु नो हृदे।

प्रण आयुषि तारिषत्।। ऋ.वे. 1.186.1।।

16. अपश्यं गोपामनिपद्यमान मा च परा च पथिभिश्चरन्तम्।

स सध्रीचीः स विषूचीर्वसानावरावर्ति भुवनेष्वन्तः।। ऋ.वे. 1.164.31

17. आत्मा देवानां भुवनस्य गर्भो यथावशं चरति देव एषः।

घोषा इदस्य शृण्विरे न रूपं तस्मै वाताय हविषा विधेम।। ऋ.वे. 10.168.4

18. आ वात वाहि भेषजं विवात वाहि यद्रपः।

त्वं हि विश्व भेषजं देवानां दूत ईषसे।। अथर्ववेद. 4.13.3।।

19. एवमेतासां देवानां वायुर्भ्लोचन्ति हान्या देवता न वायुः

सैषा नस्तमिता देवता यद्वायुः।। बृ.आ. 1.5.22।।

20. "अप्स्वन्तरमृतम् अप्सुभेषजम्" - ऋ.वे. 10.23.19।।

21. ऋग्वेद - 10.17.19।।

22. "यदप उपस्पृशत्यमेध्यो वै पुरुषों यदनृतं वदति तेन पूतिरन्ततो मेध्यावाऽआपो" -श.ब्रा. 1.1.1।।
23. "आपोवान्नाद् भूयः।।" - छा.उ. 7.10.1।।
24. "मधुश्चुतः शुचयो: याः पावकास्ता आपो देवीरिहमामवन्तु।"- ऋ.वे. 7.49.3।।
25. आपोभद्राघृतमिदाय आसन्नग्नीषोमौ विभृत्यायइत्ताः।
तीव्रोरसो मधुपृचामरंगम आ मा प्राणेन सहवर्चसा गमेत्।। -ऋ.वे. 31.15.5।।
26. तै.सं.- 7.1.5.1।। ऋ.वे. 10.129 पर द्रष्टव्य सायणभाष्य।
27. यजुर्वेद
28. या आपो दिव्या उत वा स्रवन्ति खनित्रिमा उत वा याः स्वयंजाः।
समुद्रार्था याः शुचयः पावकास्ता आपो देवीरिहमामवन्तु।। -ऋ.वे. 7.49.2।।
29. शन्नोदेवीरभिष्टय आपो भवन्तु पीतये।
शं यो अभि स्रवन्तु नः।। -अथर्ववेद (पैप्पिलाद शाखा)-1.1.1।।
30. आपः सर्वस्य भेषजी: - ऋ.वे. 10.137.6।।
अथर्ववेद - 1.6.4, 6.22, 6.23, 6.24।।
31. "एका चेतत् सरस्वती नदीनां शुचिर्यती गिरिम्यआ समुद्रात्।।" - ऋ.वे. 7.95.2।।
इमे गङ्गे यमुने सरस्वती शतुद्रि स्तोतं सचता परष्णया।
असिक्न्या मरुद्वृधे वितस्तयार्जीकीयेशृणुह्या सुषोभया।। -ऋ.वे. 10.75.5, तै.आ. 10.1.13।।
32. "माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः" - अथर्ववेद- 12.1.12।।
33. "नाना वीर्या ओषधीर्या विभर्ति पृथिवी नः प्रथतांराध्यतां नः।" -अथर्ववेद -12.1.2।।
"पृथिवी देवी सुमनस्यमानाः" - अथर्व. 11.1.8।।
34. ऋ.वे. 1.160।। "स्वस्ति भूमे नो भव"- अ.वे. 12.1.32
35. "विश्वंभरा वसुधानी प्रतिष्ठा
हिरण्य वक्षो जगतो निवेशनी।" -अथर्ववेद 12.1.6।।
36. तत्रैव, 12.1.62।।
37. "पृथिवीमात मां मा हिंसीर्मोअहंत्वाम" शु.यजु. 10.33।।
38. शु.यजुर्वेद- 12.99, ऋ.वे. 10.97
39. "शयिता नो वनस्पतिः"- शु.यजु. 21.21।।
40. "पयस्वतिरोषधयः" -ऋ.वे. 10.17.14।।
41. ओषधीः प्रतिमोदध्वं पुष्पवती प्रसूवरी। अश्वा इव सजित्वरीर्वीरूधःपारयिष्णवः।।- ऋ.वे. 10.97.3।।
याः फलिनीर्याऽफलाऽपुष्पायाश्चपुष्पिणीः।
बृहस्पति प्रसूतास्ता नो मुञ्चन्त्वश्रेहसः।। शु.यजु. 12.89।।
42. "माध्वीर्न सन्त्वोषधीः" "मधुमान्नो वनस्पतिः" -तत्रैव, 13.27-29।।
43. "अतस्त्वं देव वनस्पते शान्तवल्शो विरोह, सहस्रवल्शा विवयंरूहेम।।"- यजुर्वेद 5.43।।
44. "वनस्पति वनं आस्थाप्याध्वम्" ऋ.वे. 10.101.11।।

45. "अश्वत्थ वो निषदनं पर्णे वो वसतिष्कृता।।" ऋ.वे. 10.97.5।।

46. अथर्ववेद 4.37.2-3।।

47. तत्रैव, मंत्र-4

48. तत्रैव, 1.33

49. तत्रैव, 3.13.5

50. शु.यजु. 1.31

51. "शिवा देवीरशिपदा भवन्तु सर्वा नद्यो अशिमिदाभवन्तु"- ऋ.वे. 7.50.3-4

52. उद्यन्नादित्यः क्रिमीन् हन्तु निम्रोचन हन्तु रश्मिभिः।
तेे अन्तः क्रिमयोगवि।। अ.वे. 2.32.1।।

53.(क) यज.वे. 11.39।।

53.(ख) "उत्तिष्ठ ब्रह्मणस्पते देवान यज्ञेन वोधय"-अ.वे. 19.63.1

54. "प्रातः प्रातर्गृहपतिनों अग्निः सायं सायं सौमनसास्य दाता"- अ.वे. 19.55.3।।

55. "ऋतं यते मध्वा" -ऋ.वे. 1.188.2
'नकिरस्य प्र मिनन्ति व्रतानि' -अ.वे. 18.1.5.

56. "सत्यमेव देवा अनृतं मनुष्या" श.प. 1.1.5।।
"अमेध्यो वै पुरुषो यदनृतं वदति।।" - तत्रैव, पादटिप्पणी-1

57. "कीर्ति.....यशः.....अश्नाति, यः पूर्वोऽतिथेरश्नाति।"-अ.वे. 9.6.35।।
"तन्नेवानवक्लृप्तम्। यो मनुष्येष्वनश्वसु पूर्वोऽश्नीयात्।।"-शतपथ ब्रा. 1.1.1.1 पर पाद टिप्पणी

58. "अनुव्रतः पितुः पुत्रो माता भवतु संमनाः।
जायापत्ये मधुमतीं वाचं वदतु शान्तिवाम्।।
मा भ्राता भ्रातरंद्विक्षन्मा स्वसारभुत स्वसा।
सभ्यञ्चः सव्रतो भूत्वा वाचं वदत भद्रया।।"-अ.वे. 3.30.1-2।।

59. "अन्यत्र पापीरयवेशयाधियः"-अ.वे. 9.2.25।।
"पापमादुर्य स्वसारं निगच्छात्" (यम की उक्ति), यम-यमी सूक्त- ऋ.वे. 10.10.12।।

60. ऋ.वे. 3.62.10।। शु. यजु. 36.3।।

61. तत्रैव, 34.1.1-6।। "आगन्महि मनसा संशिवेन" अ.वे. 6.53.3

62. ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्चजगत्यां जगत्।
तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्यस्विद् धनम्।। ईशावास्योपनिषद्-1।।
"या मा लक्ष्मीः पतयालूरजुष्टा अन्यत्रास्महामितरोधा।" अ.वे. 7.115.2।।
"न स्रेधन्तं रयिर्नशत्"-ऋ.वे. 7.32.21।।

63. असतो मा सदगमय तमसो मा ज्योतिर्गमय - वृ.आ. 1.3.28।।
"सत्येनोत्तभिताभूमिः"-अ.वे. 14.1.1।। "सत्याय सत्यं जिन्व"-शु.यजु. 15.6

64. पुनन्तु मा देवजनाः पुनन्तु मनसाधिपः।

पुनन्तु विश्वाभूतानि, जातवेदः पुनीहिमा।। -शु.यजु. 19.39।।

पवमानः सो अद्य नः पवित्रेण विचर्षणिः।

यः पोता स पुनातु मा।। -तत्रैव, 19.42।।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परा सुव।

यद भद्रं तन्नासुव।। ऋ.वे. 5.82.5, शु.यजु. 30.3।।

65. "मधु जनिषीय मधु वंशिषीय।"-अ.वे. 9.1.14।।

उत्तर आधुनिक विमर्श और समकालीन साहित्य

मुन्ना तिवारी*

''हीरामन बेजार है,
उफ् किस कदर महँगाई है,
आपके दिल्ली में,
उत्तर आधुनिकता आई है,
टी.वी. से अखबार तक हैं,
जिस्म के मोहक कटाव,
ये हमारी सोच है,
ये सोच की गहराई है,
रहनुमां धृतराष्ट्र के,
पदचिन्ह पर चलने लगें,
आप चुप बैठे रहें,
ये कौम की रूसवाई है।''

'अदम गोड़वी'

उत्तर आधुनिक मुख्यतः एक विचारधारा है अर्थात् यह कुछ नई परिस्थितियों को उत्तर-आधुनिक स्थिति का नाम देती है। अब विचारधारा चूंकि प्रधानतः वैचारिक जगत् से संबन्धित होती है और स्वयं यथार्थ का एक हिस्सा होने के साथ-साथ यथार्थ को देखने और तद्नुसार लोगों के अस्तित्व को व्याख्यायित करने का एक हथियार होती है, इसलिए उसकी वैधता की परीक्षा यथार्थ को समझने की जितनी क्षमता वह प्रदान करती है, उसके आधार पर होती है। यदि वह वैध होती है तो हमारे चिंतन और हमारी नजर को पूरी तरह बदल देती है और कोई चाहे या न चाहे, साहित्य भी इससे प्रभावित होता है। इसलिए हिंदी साहित्य पर जिन प्रभावों का शोरगुल मचाया जा रहा है, वे न भी हों तो आगामी दिनों में इसका प्रभाव पड़ेगा ही, यदि वह वैध

*अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी

हुई, और यदि इसने यथार्थ को समझने का कोई कारगर हथियार मुहैया कराया।

इस पद का प्रयोग साहित्य और कला की दुनिया में 'मॉडर्निज्म' से आगे की प्रवृत्तियों के लिए सबसे पहले हुआ। समाजशास्त्र की दुनिया में इस पद का प्रयोग ल्योतार ने सत्तर के दशक में कनाडियाई सरकार की फैलोशिप पर शोध करते हुए आधुनिक समाजों की कुछ नई विशेषताओं को संकेतिक करने के लिए किया। इसमें उत्तर का अर्थ है आधुनिकता के पार जाना। उसके अनुसार आधुनिक पश्चिमी समाजों में संप्रेषण और सूचना-क्रांति और अनेकानेक परिवर्तनों ने इन समाजों को इस प्रकार बदल डाला है कि इनमें रहने वाले लोगों के आचार-व्यवहार को आधुनिकतावादी उपकरणों के सहारे नहीं समझा जा सकता। ये स्थितियाँ 'पोस्ट-मॉडर्न' सिचुएशंस' हैं और ये धीरे-ध ीरे पैदा हो गई हैं। इन्हें समझने के लिए नए उपकरणों की आवश्यकता है। यदि हम इन समाजों को समझने के लिए आधुनिकतावादी उपकरणों का ही प्रयोग करते रहेंगे तो हमारे प्रयास निष्फल होंगे।[1]

आधुनिकता का आधार मानववाद, तर्कनिष्ठा, बौद्धिकता तथा वैज्ञानिकता एवं सार्वभौमिकता है। उपनिवेशवाद और साम्राज्यवाद भी आधुनिकता की ही देन हैं। उत्तर आधुनिकता ने आधुनिकता की सीमाओं को पहचाना है। यह कहीं उसे काटती हैं, कहीं साझेदार है और कहीं आगे भी जा रही है। प्रसिद्ध उत्तर आधुनिकतावादी जाँ-फ्राम्वा ल्योतार (1982) कहते हैं, ''कोई कला कृति उसी समय आधुनिक हो सकती है जब वह पहले उत्तर आधुनिक हो। इस दृष्टि से देखें तो उत्तर आधुनिकता से तात्पर्य आधुनिकता का अंत नहीं बल्कि आधुनिकता का आरम्भ है और आरम्भ की यह स्थिति निरन्तर बनी रहती है।''

उत्तर आधुनिकता आर्थिक, सांस्कृतिक स्थिति है और पूँजीवाद का ही फैलाव है। जॉन मैकगोवान मानते है कि, ''उत्तर आधुनिकतावाद एक ऐसी फिसलनदार पदावली है कि हम उसे आसानी से स्थिर नहीं कर सकते है, वह शिक्षा संस्थानों में तेजी मे पनपती सिद्धांतिकी है या वह महानगरों, उपनगरों का स्थापत्य है या वह सलमान रश्दी या ग्रैबील गासिया मार्केस या एजेल्स कार्टर के नये उपन्यासों के रूप में हैं'' उत्तर आधुनिकतावाद, आधुनिकतावाद को एक योजना के रूप में देखता, परखता है। जहाँ अस्मिता के नाम पर अन्यों का दमन हुआ है। उत्तर आधुनिकता अस्मिता की सम्भावनाओं को ही खारिज करती है। देवेन्द्र इस्सर ने आधुनिकता बनाम उत्तर आधुनिकता को स्पष्ट किया है -

''आधुनिकतावाद तथा उत्तर आधुनिकतावाद न केवल दो अलग-अलग ऐतिहासिक दौरों का प्रतिनिधित्व करते हैं बल्कि दो विभिन्न शैलियों, सांस्कृतिक एवं सौन्यदर्यात्मक बोध तथा वैचारिक संवादों पर आधारित हैं। उत्तर आधुनिकतावाद आधुनिकता के टेक्नों वैज्ञानिक रैखिक विकास, अनवरत प्रगति तथा इतिहास और सार्वभौमिकता तथा अमूर्तता के मुकाबले में इस बात पर बल देता है कि प्राय: लोगों का एक समूह दूसरें समूहों से अपनी मूल संरचनाओं में अलग होता है। ये भिन्न

संरचनायें ही उनकी पहचान बनाती हैं।''[2]

अगर हम उत्तर आधुनिकता के मूल तत्त्वों का अध्ययन करें तो यह साठ के दशक के उन लिबरेशन आन्दोलनों से निकली है जिन्होंने व्यक्ति तथा व्यवस्था, अल्प समूह तथा वृहत्, समाज, विचारों तथा विसंगतियों, मूल्यों तथा विविध विधान, विचारधाराओं, नीतियों, राजनीति, राष्ट्रीयता आदि पर प्रश्न चिह्न लगा दिये। नारी मुक्ति, अश्वेत रोष, शान्ति मार्च, युवा विद्रोह, यौन क्रान्ति और न जाने कितने छोटे-बड़े आन्दोलनों ने विभेदों एवं विकेन्द्रीयता के आन्दोलनों के तहत-समाज तथा संस्कृति को विभिन्न विभाजित स्वायत संरचनाओं और इकाइयों में बदल दिया। 1968 एक ऐसा वर्ष था जो उत्तर आधुनिकतावाद का प्रतिनिधि प्रतीक वर्ष माना जा सकता है। इसी वर्ष फ्रांस में छात्र विद्रोह हुआ और वर्ग संघर्ष के बजाय युवा वर्ग व्यवस्था के विरुद्ध संघर्ष का अग्रिम दस्ता बन गया। इसी समय जाक देरिदा अविरचना (डिकंस्ट्राक्शन) का नारा बुलंद कर चुके थे। संस्कृति या परिदृश्य तथा संवाद के सन्दर्भ बदल गये। नवें दशक तक पहुँचते-पहुँचते उत्तर आधुनिकता का प्रभाव क्षेत्र इतना विस्तृत हो गया कि कला, साहित्य, संस्कृति, राजनीति तथा समाजशास्त्र के डिस्कोर्स के केन्द्र में आ गई।

यूरोप, अमेरिका में उत्तर आधुनिकता का प्रवेश कोई अधिक पुराना नहीं है। वास्तव में अरनाल्ड टायनबी ने इस पद का प्रयोग सबसे पहली बार किया था। उनका सन्दर्भ ब्रिटेन से था। इसके बाद 1979 में ल्योतार ने अपनी पुस्तक 'दि पोस्ट मॉडर्न कन्डीशन' में सबसे पहली बार इस अवधारणा का प्रयोग किया। उनका कहना था कि उत्तर आधुनिकता वस्तुत: एक जातीय अवधारणा है। कई अन्य समाजशास्त्रीय उत्तर आधुनिकता की अवधारणा को कुछ और सन्देश में देखते हैं। एक अजीब तरह की स्थिति पैदा हो गयी। अर्थ के इस ऊहापोह में केलनेर कहते है - ''उत्तर आधुनिक क्षण आ गया है और इसमें बौद्धिको, कलाकारों तथा संस्कृति उद्यमियों को ऐसी हैरत में डाल दिया है कि समझ में नहीं आता कि वे इसके साथ हो जायें, इसकी रंगरेलियों में भागीदार बन जायें या कहीं किनारे पर बैठ जायें जब तक कि यह सनक किसी फैशन के बुलबुले की तरह समाप्त न हो जाये।''

सुधीश पचौरी बड़ी दृढ़ता के साथ कहते है कि हिन्दी साहित्य में उत्तर आधुनिकता का प्रवेश ही नही हुआ है, वह यहाँ स्थापित हो गयी है। पचौरी एक कदम और आगे बढ़ते है और कहते हैं कि उत्तर आधुनिकता हमारे जीवन में भी प्रवेश की गयी है। उनका कहना है कि, समाज उत्तर आधुनिक स्थितियों में दाखिल हो चुका है। हमारे अनुभव उत्तर आधुनिक बन रहे हैं हमारी बहसों में अचेत रूप में हमारे बदलते हुए जगत के चित्र आने लगे हैं। जिम मेक्गूगन कहते है - उत्तर आधुनिकता एक सांस्कृतिक और ज्ञान मीमांसा की दशा है जिसके परिणामस्वरूप आधुनिक सामाजिक संस्थायें दब जाती हैं और भूमण्डलीय समाज की दिशा की ओर ले जाने वाला एक युगान्तर आता है। इसी तरह रिट्जर ने उत्तर आधुनिकता की अवधारणा की परिभाषा इस तरह दी है

– उत्तर आधुनिकता वह विशाल अवधारणा है जिसमें ऐतिहासिक काल, नवीन सांस्कृतिक तत्त्व और सामाजिक दुनिया के बारे में एक नई तरह का सैद्धान्तीकरण सम्मिलित है।

अत्यधिक सरल शब्दों में, उत्तर आधुनिकता की परिभाषा महान वृतान्तों में अविश्वास करना है। हमें सफलता के विरुद्ध युद्ध छेड़ देना चाहिए, इसकी अपेक्षा हमारी सक्रियता विशिष्टता के प्रति होनी चाहिए। वास्तव में उत्तर आधुनिकता केवल अधिकृत व्यक्तियों का औजार ही नहीं है, इसका लक्ष्य विशिष्टता के प्रति हमें संवेदनशील करना है और वे वस्तुएं जो हमें अनुपयुक्त लगती हैं, उन्हें उदारता के साथ स्वीकार करने की योग्यता उत्पन्न करना है। देरिदा भी एक प्रमुख उत्तर आधुनिकतावादी लेखक है। देरिदा ने उत्तर आधुनिकता को विखण्डनवाद के साथ जोड़ा है। इस अवधारणा का प्रारम्भ साहित्य, कला, फिल्म और समीक्षा के साथ हुआ है। इसका प्रारम्भिक स्वरूप दार्शनिक है, किन्तु बाद में इस दर्शन ने सामाजिक सिद्धान्त के क्षेत्र को प्रभावित किया। विखण्डनवाद ने सर्वाधिक प्रहार विभिन्न क्षेत्र के पूर्व स्थापित एवं चिरपरिचित प्रारम्भिक ग्रन्थों पर किया है। उत्तर आधुनिकतावाद एक सांस्कृतिक पैराडिम अर्थात मॉडल है। यह संस्कृति सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक प्रक्रियाओं से जुड़ी हुई है। इसकी अभिव्यक्ति जीवन की विभिन्न शैलियों में अर्थात् कला, साहित्य, दर्शन आदि में देखने को मिलती है। उत्तर आधुनिकता की संस्कृति को सामाजिक आयोजन और आर्थिक परिवर्तन में देखा जा सकता है। इसकी उपस्थिति प्रत्यक्षवाद, उत्तर संरचनावाद और विखण्डन में भी पायी जाती है।

उत्तर आधुनिकता की प्रकृति विखण्डन की है। यह अनिरन्तरता है। यह समानता की अपेक्षा विविधता को स्वीकार करती है। इसका अर्थ हुआ कि उत्तर आधुनिक समाज विविध होता है और इसमें किसी प्रकार की समानता नहीं होती है। उत्तर आधुनिकता प्रघटनाओं को स्थानीय स्तर पर देखती है। उनका विश्लेषण भी स्थानीय स्तर के कारकों द्वारा किया जाता है।

उत्तर–आधुनिकतावाद का जर्मनी में नीत्शे, हरसल और हाइडेगर से प्रारम्भ माना जाता है। तो फ्रांस में जा–फारवा लियोतार, मिशल फूको, रोलांबार्थ, जां बोट्रीला और जाकदरिदा से पाल द मान के साथ अमेरिकी विज्ञविद्यालयों में पहुंच गया उसके अनन्तर अमेरिकी चिंतकों, मनीषियों के माध्यम से भारत में भी इसकी आहट सुनाई देने लगी और 19वीं सदी के उत्तरार्द्ध में यह साहित्यिक विमर्श का केन्द्र बन गई। आर्नल्ड टायनबी के अनुसार 1925 के लगभग यूरोपीय संस्कृति में उत्तर–आधुनिकता वाद का दौर शुरू हो चुका था। इहाब हसन उत्तर–आधुनिकता के प्रकट होने का समय 1920 के आस–पास बताते है। नब्बे के दशक तक पहुंचते–पहुंचते उत्तर–आधुनिकता का प्रभाव साहित्य, संगीत, कला, संस्कृति, राजनीति तथा समाज आदि के सभी क्षेत्रों में दिखाई देने लगा, फलतः परस्पर विरोधी विचार, जातियाँ–अश्वेत, दलित जन जातियाँ, स्त्रीवर्ग सत्ता की भागीदारी, समाज की सक्रियता तथा संस्कृति संवाद के परिवेश से अलग रखे जाने वाले लोग भी अब वर्चस्व

की लड़ाई नए समूह बनाकर लड़ने लगे।

क्षेत्रीयता, पापुलर कल्चर और लोक-कलाओं का मिलाप, बुद्धिवाद और पराभौतिकवाद पर बढ़ता अविश्वास, नारी तथा दमित, विषयों का अध्ययन, महान आख्यान तथा सार्वभौमिक समालोचना सिद्धांत का पतन, अर्थ की अनेकता तथा अनिश्चितता, बहुलतावाद तथा बहुसंस्कृतिवादी, विकेन्द्रीयता, वर्ग संघर्ष की अपेक्षा नस्ल, जाति तथा लिंग भेद पर अधिक बल अर्थात् ऐसी विचार पद्धति जिसमें वैश्विक क्षेत्रीय तथा जातीय संरचना एक दूसरे से संघर्षरत रहते हुए आपस में मेल-जोल भी रखती हैं।

उत्तर-आधुनिकता, आधुनिकता का अंत नहीं है वरन् उसके अन्दर सदैव ही प्रस्फुटित होने वाली अवस्था में मौजूद है और यह अवस्था शाश्वत रूप से गतिशील है। भारत के साहित्यिक परिदृश्य पर दृष्टिपात किया जाए तो अन्य भाषाओं की अपेक्षा गुजराती, मराठी, सिन्धी, हिन्दी, पंजाबी, कन्नड़, मलयालम में परिवर्तनशील स्थितियाँ और नई अभिवृत्तियाँ अधिक दृष्टिगोचर होती है। सम्पूर्ण भारतीय परिदृश्य के सन्दर्भ में गंभीरतापूर्वक विचार करने पर निष्कर्ष निकलता है कि भारतीय समाज के कुछ क्षेत्रों में उत्तर-आधुनिकता आ चुकी है और कुछ में यह दस्तक दे रही हैं तथा कुछ क्षेत्रों में अभी आनी शेष है। क्योंकि उत्तर-आधुनिकता एक प्रक्रिया है। अतएव यह हमेशा ही खण्ड-खण्ड रूप में आती है। हेबरमां के शब्दों में- ''भारत में आधुनिकता का प्रोजेक्ट अभी अधूरा है। फिर उत्तर-आधुनिकता कहाँ? ये प्रक्रियाएं है और वैश्वीकरण इन्हें पूरी ताकत से आगे धकेल रहा है। क्या जाने कब भारत उत्तर-आधुनिक के चौखटे पर खड़ा हो जाये''।[3]

सारांशत: आधुनिकतावाद के आधारभूत तत्वों को इस प्रकार अभिव्यक्त किया जा सकता है :-

1. उत्तर-आधुनिकतावाद केन्द्र से परिधि की ओर यात्रा करता है अतएव समाज के हाशिए पर पड़े लोग अब महत्वपूर्ण हो गए है।

2. उत्तर-आधुनिकतावाद वैचारिकता तथा राष्ट्रीयता के बजाए क्षेत्रीयता तथा स्थानीयता को अधिक महत्व देता है।

3. स्थानीयता के महत्व के कारण ही विभिन्न समूहों में प्रभुत्व के लिए संघर्ष शुरू हो गया है। परिणामस्वरूप एकीकृत केन्द्रों के बजाय नए-नए समीकरण अस्तित्व में आ रहे है और ये समीकरण भी निरंतर परिवर्तित होते रहते है।

4. उत्तर-आधुनिकतावाद इस बात पर जोर देता है कि लोगों का समूह प्राय: दूसरे समूहों से अपनी मूल संरचनाओं (रीति-रिवाज) परम्परा, संस्कृति, संवेदना, भाषा, आस्था और विश्वास आदि के कारण भिन्न तथा अलग होता है।

5. इसमें 'हम' और 'अन्य' का संघर्ष अनिवार्य है।

6. यह संघर्ष स्वत्व तथा पहचान की समस्याओं को जन्म देता है अस्तिमा, भिन्नता तथा अन्यता इस बात की ओर संकेत करते है कि वे लोग जिनके हित तथा विचार एक दूसरे से टकराते है वे यह अनुभव करते है कि कोई ऐसा सर्वमान्य व्यापक मुद्दा नहीं जिसके लिए सब एकमत हों। इसी से स्वायत्तता का प्रश्न भी संबद्ध है।

7. उत्तर-आधुनिकता युग में मानव या मानवीय संवेदना को कोई महत्व नहीं रह गया है। मिशलफूकों के शब्दों में- ''सागर के किनारे रेत पर बनाए गए चेहरे की भाँति मनुष्य का निशान मिट जायेगा।?

8. यह ज्ञान-विज्ञान और कला की सीमारेखा को नहीं स्वीकारता है। दो या अधिक शास्त्र मिलकर नवीन-नवीन शास्त्रों को निर्मित कर रहे है। फिल्म, फैशन, फोटोग्राफी, कथा साहित्य, कॉमिक्स, कम्प्यूटर ग्राफिक्स, चित्रकला, सूचना, संगीत, रंगमंच, विज्ञान, वैद्युत सम्प्रेषण भाषा, वेशभूषा अर्थात जीवन और जगत की प्रत्येक वस्तु वैचारिक धारायें आपस में घुल-मिल रहीं है। पद्य गद्यात्मक और गद्य काव्यात्मक हो रही है।

9. इस युग में सभी विचारों वस्तु तथा कला की अभिव्यक्ति के अंत की बात कहीं गई है इसमें आधुनिकता का अंत, साहित्य और कला एवं साहित्यकार कलाकार, इतिहास विचारधारा का अंत और यहां तक कि ईश्वर एवं मनुष्य के अवसान की घोषणा कर दी गयी है।

10. उत्तर-आधुनिकता किसी भी प्रकार की पूर्णता का विरोधी है। इसमें कुछ भी शाश्वत, संपूर्ण, अंतिम तथा स्थायी और स्थिर नहीं है। सब कुछ अनिश्चित, क्षणिक है। यहाँ तक कि शब्दों के स्थायी अथवा निश्चित अर्थ नहीं होते। सब कुछ परिवर्तशील है।

11. यह युग लोकप्रिय संस्कृति का समर्थक है। आभिजात्यकला को लोक कला से श्रेष्ठ नहीं मानता है।

12. उत्तर-आधुनिकतावाद यर्थाथ को नये ढंग से परिभाषित करता है। इसकी दृष्टि में कोई वास्तविक संसार नहीं। यर्थाथ एक सामाजिक अवधारणा है। एक प्रतिविम्ब है। एक विभ्रम है। जिसकी सभ्यता को प्रमाणित नहीं किया जा सकता है। हम वास्तविकता को कृत्रिम अर्थात् चिन्हों तथा प्रतिविम्बों द्वारा ही जानते है। मार्शल ब्लावस्की के शब्दों में- ''हम आकृतियों की दुनियां में जीने के लिए विवश हैं। हम भूल गए हैं कि कभी कोई वास्तविक आकाश भी था, वास्तविक आहार भी था। कभी कोई भी वास्तविक वस्तु थी।

13. उत्तर-आधुनिकता का मूल तत्व युगल विपरीतता भी है। इसमें दो विपरीत समूह एक दूसरे से इस प्रकार संबद्ध होते हैं कि इन्हें संपूर्ण रूप से अलग नहीं किया जा सकता। किन्तु एक

वर्ग का दूसरे वर्ग पर वर्चस्व रहता है। यथा-स्त्री पर पुरुष का वर्चस्व है, अभिजात्य वर्ग का भिन्न वर्ग पर वर्चस्व कायम है। इस विभेद को नष्ट करना परम् आवश्यक है।

अस्मिता की तलाश में नारी चेतना, दलित चेतना, देशीवाद, ब्राह्मणवाद, विरोधी, सत्ता के विकेन्द्रीयकरण हेतु जो व्यग्रता, अकुलाहट दिखाई दे रही है। इसके मूल में उत्तर-आधुनिक मानसिकता ही है। अत: हम कह सकते हैं कि उत्तर-आधुनिकता आर्थिक एवं सांस्कृतिक परिवर्तन है। आर्थिक विकेन्द्रीयकरण, आर्थिक समृद्धता का प्रदर्शन, अतिभौतिकतावाद का चर्मोत्कर्ष है। समष्टिगत भावना में परवर्तित हो रही है। जीवनशैली आत्मकेन्द्रित हो गयी है। कृषि, व्यापार, औद्योगीकरण, विकास यहाँ तक कि ज्ञान, सूचना-संचार आदि सभी कार्य-व्यापार अर्थ केन्द्रित हैं। इसका उद्देश्य प्रत्येक क्षेत्र में अर्थगत लाभ है। इन सभी सन्दर्भों में भ्रान्तियों का परित्याग कर श्रेष्ठ-निकृष्ट को जाँचने-परखने तथा उसके अर्थगत निहितार्थों को समझने की आवश्यकता है उससे परहेज करने की नहीं। कुछ लोग इसके दूरगामी परिणामों पर टिप्पणी करते सुने गये है कि उत्तर-आधुनिकता से पुरातन-पंथी विचारों और शोषणवादी मानसिकता को प्रश्रय मिलेगा। किन्तु शायद वे इसे ठीक तरह समझ नहीं पाये हैं कि इतिहास, कविता, संस्कृति, मूल्य, मानसिकता यहाँ तक कि मनुष्यता का अंत ही उत्तर-आधुनिकता है और इसके लक्षण भारतीय परिदृश्य पर दृष्टिगत होने लगे है।[4]

उत्तर-आधुनिकता वर्तमान युग की उभरती हुई शक्तिशाली प्रवृत्ति है, अवसर आधुनिकतावादी विचार व्यक्त करते है कि यह विचारधारा समाज के लिए हर दृष्टि से घातक है, यह एक कुरूप पूंजीवादी शिंकजा है जो निर्धनों और उपेक्षित को हाशिये पर ले जायेगा। उत्तर-आधुनिकता और कुछ नही केवल समाज की संक्रमणकालीन अवस्था ही है। लेकिन केनेथ थाम्सन जोर देकर कहते है कि उत्तर आधुनिकता अपने स्वरूप और कार्य में बहुलवादी है, इसके अनेक आयाम है उत्तर आधुनिकता ने आम जनता की संस्कृति को विकसित किया है। इसे हम लोकप्रिय संस्कृति भी कह सकते हैं। उत्तर-आधुनिकता का स्वरूप के केवल सांस्कृतिक, आर्थिक ही नहीं है इसका राजनीतिक पहलू भी प्रभावशाली है। आधुनिकता समाज के उपेक्षित समूहों को उत्तर आधुनिकता ने व्यापक धरातल प्रदान किया है। इस दौर में विकसित ये नये समूह अपने अधिकारों को पाने के लिए आंदोलनो का सहारा लेते है। अत: उत्तर आधुनिकता के बहुलवाद का एक नया पहलू आंदोलनो का दौर है। नये उपेक्षित विकसित समूहों के उदय ने एक नयी स्थानीय राजनीति को जन्म दिया है। इसे हम सूक्ष्म राजनीति कह सकते है। सूक्ष्म राजनीति का यह बहुलवाद उत्तर आधुनिकता की नई उपलब्धि है। पारंपरिक शासक वर्ग अब समाप्त हो रहे हैं। उत्तर आधुनिकता ने अनेक नये अराजनैतिक समूहों को बहुलवाद के आधार पर विकम्पित किया है। इनकी अपनी अपनी स्थानीयता के आधार पर पहचान है। यही कारण है कि अब कला, संगीत, साहित्य, राजनीति आदि क्षेत्रें में स्थानीय आधार पर सभी के अपने-अपने मसीहा हैं। उत्तर-आधुनिकता ने एक तरह मे इन्हीं

अपरिचत चेहरों को आधार एवं पहचान प्रदान की है।

हेबडिगें कहते है कि उत्तर आधुनिकता के प्रभाव से उपजे नये समूहों ने मीडिया का भरपूर उपयोग किया है। इन समूहों ने लोकप्रिय संस्कृति के माध्यम से अपनी अलग पहचान बनाने में सफलता प्राप्त की है। ये अपने आपको विमुक्त समाज मानते हैं। उत्तर आधुनिकता मनुष्य की भावनाओं, मनोभावों और आध्यात्मिकता पर भी जोर देती है, वही उत्तर आधुनिकता ने धर्म को मनोविज्ञान और राजनीति से भी जोड़ा। यही उत्तर आधुनिक युग की विशेषता है। भारत में उत्तर आधुनिकता दस्तक दे चुकी है, या फिर आ रही है या नहीं आयी है, यह बहस तो चलती ही रहेगी। लेकिन यह तो मानना ही पड़ेगा कि धर्म के प्रति एक वैचारिक परिवर्तन हमें स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ रहा है। एक ओर जहाँ धर्म का राजनीतिकरण हो रहा है, वहीं दूसरी ओर नये देवी-देवता संत-पुरुषों का उदय हो रहा है। नये-नये तीर्थ स्थान विकसित हो रहे है, वहीं इन तीर्थों में जाने वाले तीर्थयात्रियों की भीड़ भी बढ़ रही है। यकीनन यही उत्तर आधुनिकता की दुनिया है, जिसमें हम प्रवेश कर रहे हैं। उत्तर आधुनिकता मनुष्य की स्वतंत्रता के रूप में विखण्डन, संस्कृतियों की बहुलता, नये समूहों के उदय को आश्रय देती हुई अपने आपको अवश्य स्थापित कर लेगी।

मुझे तड़प रही है। वाणी रहित होने की स्थिति/मुंह से टपक रहा है रक्त/और तुम तालियां पीटते/कब तक मापते रहोगे मेरी यातना।[5]

आज की युवा कविता का स्वर विद्रोह और आक्रोश से समन्वित होकर सामाजिक, आर्थिक असंगतियों तथा अव्यवस्थाओं की अवस्था का यथाचित्र प्रस्तुत करता है यह एक तीव्र अहसास और आवेग के रूप मे उसकी कविता में प्रस्फुटित होता है। यहाँ पर ध्यातव्य है कि इस यथार्थ वर्णन के मध्य भी कवि की अन्वेषण प्रक्रिया चलती रहती है और वह यथार्थता के कठोर धरातल के मध्य भी सुगन्ध खोजता है। यह संवेदना, ज्ञान की अनेक मुखी गतिशीलता के द्वारा विस्तृत होती है जो उत्तर आधुनिक कविता का प्रमुख तत्व है। मार्क्स का कथन है - 'जब किसी समाज के गर्भ में नया समाज कुल बुलाने लगता है तो 'शक्ति' उस नये जन्म में दाई का रोल अदा करती है।[6] नई कविता में यह 'शक्ति' जन चेतना के रूप में देखने को मिलती है। अतः ''उत्तर आधुनिक युग की कविता में सामाजिक व्यवस्था विचार प्रक्रिया तथा नगर बोध की सम्मिलित प्रक्रिया एक साथ कार्य करती है। दूसरी ओर विचार दर्शन की नई भूमिका भी प्रस्तुत करती है। इस भूमिका को समाज व्यवस्था की आधुनिकता भी कह सकते है, जिसमें आम आदमी की आकांक्षाओं का स्पन्दन प्राप्त होता है।[7]

यहीं 'आम आदमी' (यथार्थ बोध) आज की कविता में सबसे अधिक उभरकर आ रहा है। आधुनिकता बोध बुद्धिजीवियों तक ही सीमित नहीं है, इस बोध के अन्तर्गत् सामान्यजन मानस की, श्रम जीवियों तथा कृषकों की दूकानदारों तथा ठेकेदारों की और तकनीक शास्त्रियों की आकांक्षाओं तथा विचार प्रक्रियाओं का भी एक महत्वपूर्ण स्थान है। आज की कविता का मूल स्वर यह

जन-मानस का यथार्थ है। लीलाधरजूगड़ी की निम्न पंक्तियाँ सामान्य जन की वेदना को रेखांकित करती हैं, जो आज की कविता की सामान्य प्रवृत्ति है -

'यह ठीक है कि समय सबको अपने
दाँत मार रहा है
लेकिन घाव और पीड़ा का समाज
केवल घरेलू आदमी ढो रहा है।[8]

समष्टिरूपेण, आज की कविता में उत्तर आधुनिकीकरण से उद्‌भुत तत्वों को अधिक प्रश्रय प्राप्त हो रहा हैं और जहाँ तक आधुनिक बोध के आन्तरिक व वैचारिक पक्ष का प्रश्न है, वह रचनाकारों के द्वारा कम ही ग्रहण किया गया है। इस दृष्टि से नई कविता का प्रणेता कभी-कभी आधुनिकीकरण को ही आधुनिकता समझा बैठता हैं आर्थर एंडिगटन का कथन इस सन्दर्भ में उल्लेखनीय है- 'आज के परिवेश में 'ज्ञान' केवल ऐन्द्रिय या भौतिक नहीं है पर मूलतः ज्ञान एक सीमा के बाद तात्विक क्षेत्र को स्पर्श करता है।[9]

वस्तुतः उत्तर आधुनिकता कई विचारों के सार और संदर्भ ग्रहण करता है, पर किसी एक विचारधारा या प्रवृत्ति को लेकर बहुत उत्साही नहीं नजर आता है। उसके पूरे रवैये में एक खास तरह की बहुतत्ववादी (प्लूरलिस्टिक) और सार संग्रहवादी, एक्लेकटिकल मानसिकता दिखाई देती है। इस परिदृश्य में साहित्य की अवस्था के विषय में कुंवर नारायण ने अपने एक व्याख्यान में कहा था कि ''आज के वैचारिक परिदृश्य पर जब मैं एक साहित्यिक दृष्टि डालता हूँ तो मुझे कुछ मायनों में किसी रामायण का उत्तरकाण्ड याद आता है। उत्तर संरचनावाद, उत्तर आधुनिकतावाद और अब शायद उत्तर मार्क्सवाद भी हवा में है। ऐसा लगता है जैसे सुदृढ़ विचारों का त्रेता युग समाप्त हुआ और अब हम तमाम अंदेशों के उस कलियुग में हैं जहाँ टेक्नोलोजी का महाजाल, प्रचार- प्रसार, माध्यमों का शोरगुल, पूरी पृथ्वी और वातावरण को निगल जाने वाली उपभोक्ता वादी संस्कृति का सुरसा मुँह सारे मानवीय और जीवन मूल्यों का अंत घोषित करने पर तुली है संदेह होता है कि नक्कारखानों में साहित्य कहीं एक तूती की आवाज होकर तो नहीं रह गया है।''[10]

उत्तर आधुनिकता के सन्दर्भ में कुछ विद्वानों ने कविता के अन्त की घोषणा भी की है। लीलाधार जगूड़ी ने यहाँ तक लिखा है कि -[11]

किताबों के भीतर
नजरों का खेल खत्म हो जाने के बाद
कुछ नहीं मिलता

कहने को वहाँ कहानी है, कविता है।

किन्तु यहाँ यह बात स्पष्ट करना आवश्यक है कि उत्तर आधुनिक विमर्श में जब कविता के अन्त की बात कहीं जाती है तो उसका तात्पर्य यह होता है कि कविता की पवित्रता, उदारता या गंभीरता उत्तर आधुनिक युग में झरित हुई है। कविता बुनियादी तौर पर सृजनात्मक होती है। यहाँ तक कि विध्वंसकारी या अराजकतावादी कविता में भी अपनी आंतरिक सृजनात्मकता रहती है। किन्तु कुछ विद्वानों का मानना है कि धूमिल के बाद हिन्दी कविता में यह आन्तरिक सृजनात्मकता एक आध कवियों को छोड़कर कही भी देखने को नहीं मिलती। समकालीन कवियों में धूमिल में भाषा जितनी जंग लड़ी, उतनी किसी दूसरे कवि ने नहीं। धूमिल को अपनी कविता के लिए एक सही माध्यम की तलाश थी। धूमिल ने वस्तुतः निराला और मुक्तिबोध की परंपरा को आगे बढ़ाया है धूमिल ने लिखा है–

वक्त बहुत कम है
इस लिए कविता पर बहस
शुरू करो
और शहर को अपनी ओर झुका लो
क्योंकि असली अपराधी का
नाम लेने के लिए
कविता सिर्फ उतनी देर तक सुरक्षित है
जितनी देर, की माँ बनने से पहले
कसाई के ढीहे और तनी हुई गंडास के बीच
बोटी सुरक्षित है।[12]

कविता वस्तुतः सृजनात्मकता मूल्यबोध की अभिव्यक्ति है। किंतु उत्तर आधुनिक युग में सृजनात्मकता का मूल्य बोध समाप्त नहीं तो क्षतिग्रस्त अवश्य हुआ है। आज के उपयोगितावादी दृष्टिकोण में इन मूल्यों के लिए स्थान नहीं रहा। देरिदा ने भी कविता, विज्ञापन, सिनेमा इत्यादि को केवल एक 'पाठ' घोषित कर, इन सब को एक ही श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। रघुवीर सहाय ने कभी लिखा था –

कितना अच्छा था छायावादी
एक दुख लेकर वह एक गान देता था
कितना कुशल था प्रगतिवादी
हर दुःख का कारण पहचान लेता था

कितना महान था गीतकार

स्पष्ट है कि इधर कविता के अंत की जो घोषणा की जा रही है, वह वस्तुत: कविता के सृजनात्मक मूल्य तथा उसकी उदात्तता का क्षरण है। किन्तु क्षरण को समाप्ति नहीं माना जा सकता। आज इस कठिन समय में इतनी अधिक कविताओं की रचना हो रही है जो चौकाने वाला तथ्य है। कविता के इस विशाल फलक पर क्षरण तथा बचे रहने की अंदरूनी ताकत दोनों को देखा जा सकता है। कविता की इस पर 'विजय कुमार' ने 'सदी के अंत में कविता' में किसी अन्य हवाले से टिप्पणी की है। किसी ने ठीक ही कहा है कि 'पल्प' और 'पोएट्री' दोनों हमारे समय के अतिवादी सांस्कृतिक रेस्पांस है। जिनका गंधर्व विवाह हुआ है; विजयकुमार, सदी के अंत में, कविता, भूमिका यह टिप्पणी समकालीन कविता के परिवर्तित स्वरूप को स्पष्ट कर देती है। वस्तुत: कविता का अंत संभव ही नहीं है। कोई भी कला समाप्त नहीं हो सकती। कविता में संवेदना तथा स्वरूप के धरातल पर जो परिवर्तन आया है, वह वस्तुत: सृजनशीलता के नये आयामों की तलाश है।

उत्तर आधुनिक विमर्श में जिस अंतपरक दर्शन का प्रचार हो रहा है, उसे भारत के सन्दर्भ में पूर्णत: स्वीकार नहीं किया जा सकता। किन्तु इसके प्रभाव से आए परिवर्तनों को नकारा भी नहीं जा सकता। किंतु जहाँ अंत की बात है, 'बाघ नामक कविता संग्रह में कवि ने अंत पर जो टिप्पणी दी है। वह महत्वपूर्ण है। पूरे अंतपरक दर्ज़न के प्रत्युत्तर का स्वर को इस कविता में सुना जा सकता है।

"अंत में मित्रो
इतना ही कहूंगा
कि अंत महज एक मुहावरा है।
जिसे शब्द हमेशा
अपने विस्फोट में उड़ा देते हैं
और बच रहना है हर बार
वही एक कच्चा-सा
आदिम मिट्टी जैसा ताजा आरंभ
जहाँ से हर चीज
फिर से शुरू हो सकती है।[13]

निष्कर्षत: यह कहा जा सकता है कि आधुनिकता से एक कदम आगे उत्तर आधुनिकता में विचारों तथा धारणाओं का नित गत्यात्मक रूप दृष्टिगत होता है यह गत्यात्मकता द्विमार्गी है - 1. विज्ञान बोध परक 2. राजनैतिक बोध परक। इन कारणद्वय से विचार प्रक्रिया भी प्रभावित होती

है। उत्तर आधुनिक कविता इन दोनों कारणों के घात-प्रतिघात से नई कविता द्वन्द्वात्मकता से युक्त होकर प्रस्तुत होती है। छायावाद से लेकर समकालीन कविता तक 'विज्ञान बोध' को अनेक ढंगो से वर्णित करने का प्रयास कवियों के द्वारा किया गया है। किन्तु उत्तर आधुनिक कवि की भावभूमि में नये आयामों को खोजने की प्रवृत्ति जागृत हुई है जो ज्ञान के विविध आयामों के पूंजीभूत रूप को वैचारिक-संवेदना के धरातल पर अवतीर्ण करती है। इस नयी कविता का कलेवर कल्पना के कमनीय संसार में विचरण नहीं करता अपितु यथार्थ स्थिति-संगति-विसंगति का यथा रूप पाठक के सम्मुख रखता है। नयी कविता ज्ञान की सापेक्षता को स्वीकार करती हुई भौतिक वाद से आध्यात्मिकता तक की सतत् यात्रा है जिसमें जीवन की आधुनिक परिभाषाओं स्वरूपों घटकों को समष्टि रूप में साकार किया गया है।[14] इस प्रकार उत्तर आधुनिकता के आइने में नई कविता के स्वरूप प्रयोजन पर विश्लेषण से यह तथ्य ही स्पष्ट है कि मूल उत्स से लेकर सम्पूर्ण अभिव्यक्ति प्रक्रिया में यह संवेदनशीलता यथार्थ सौन्दर्य बोध, विचार कविता तथा आधुनिक संघर्षो व मूल्य बोध की कविता है जिसका स्वागत किया जाना समीचीन है। नई सदी तीसरी दुनिया के देशों, विशेषकर भारत के लिए जिस स्तर का आर्थिक-राजनीतिक-वैचारिक संकट लेकर उपस्थित होने जा रही है, उसके समक्ष साहित्यकारों और बुद्धिजीवियों के लिए वैचारिक ऐय्याशी के अवसर कम से कम होते जाएँगे। हिंदी साहित्य का एक आम विद्यार्थी भी जानता है कि कभी-कभी ऐसे युग आते हैं, जब समूचा साहित्य जन-जीवन से कटकर पिष्टपेषित मार्गों पर ही लंबे समय तक बढ़ता जाता है।[15] साहित्य के ऐसे युगों का खात्मा आम तौर पर किसी तेज झटके से होता है। मेरा विनम्र निवेदन है कि पिछले पचास वर्षो में आजादी, प्रगति और समृद्धि के व्यामोह ने हिंदी साहित्य को काफी कुछ दरिद्र बना डाला है। हिंदी साहित्य की नई भावभूमि नई सदी में भूमंडलीकरण की इसी प्रक्रिया में हासिये पर फेक दिये गये। लोगों की तकलीफे और आशाएं होगी संभव है, साहित्यिक रूपों में कुछ परिवर्तन आए, आखिरकार पुराने महाकाव्य की समाप्ति से साहित्य नहीं समाप्त हो गया, बल्कि उसकी जगह उपन्यास के रूप में नया महाकाव्यात्मक साहित्य रूप उभर आया। संभव है साहित्य की धारणा में परिवर्तन हो, आखिरकार एक हजार वर्षों तक कविता के साम्राज्य के बाद नए युग में गद्य भी तो साहित्य के भीतर आ ही गया। संभव है साहित्य की भूमिका में परिवर्तन हो, आखिरकार रसज्ञों के संकीर्ण घेरे को तोड़कर ही तो रीतिकाल के बाद साहित्य लोगों की आशाओं-आकांक्षाओं की अभिव्यक्त कर सका था।

सन्दर्भ ग्रन्थ -

1. प्रधान, गोपाल - हिन्दी साहित्य और उत्तर आधुनिकता, साहित्य का नया सौन्दर्यशास्त्र देवेन्द्र चौबे, पृ. 419
2. यादव, वीरेन्द्र सिंह - उत्तर आधुनिकता की पृष्ट भूमि (समकालीन VIII)
3. सिंह, डॉ. सुशीला - उत्तर आधुनिकता की पृष्ठभूमि, प्रतिफलन और (अध्ययन की समस्याएँ-उत्तर आधुनिकता की पृष्ठभूमि वीरेन्द्र सिंह यादव पृ. 24

4. उपरिवत् – पृ. 27
5. दर्शक दीर्घा – पृ. 10 – बलदेव वंशी
6. विनायक पुरोहित का लेख, धर्मयुग 2 मई, 1972
7. डॉ. रघुवंश का लेख इतिहास दृष्टि, 'देखे हिन्दुस्तानी' (त्रैमासिक)
8. जूगड़ी, लीलाधर, नाटक जारी है- पृ. 26
9. आर्थर एंडिगटन – Philosply of Physical Science pp 55
10. कुवरनारायन – साहित्य और विचार, साहित्य अकादमी राष्ट्रीय संगोष्ठी
11. जूगड़ी, लीलाधर – नाटक जारी है, पृ. 49
12. धूमिल – समकालीन साहित्य विविध सन्दर्भ पृ. 96
13. सिंह, केदारनाथ – बाघ, पृ. 61–62
14. त्रिवेदी, सुरचना – उत्तर आधुनिकता के आइने में नई कविता–उत्तर आधुनिकता की पृष्ट भूमि – वीरेन्द्र सिंह यादव पृ. 130
15. चौबे, देवेन्द्र – साहित्य का नया सौन्दर्यशास्त्र पृ. 426

जिला सहकारी बैंक लिमिटेड सिद्धार्थनगर 'अ' का विकास

नीरज कुमार सिंह*

जिला सहकारी बैंक लि. सिद्धार्थनगर 'अ' की स्थापना –

जिला सहकारी बैंक लि. सिद्धार्थनगर 'अ' का प्रादुर्भाव/गठन वर्ष 1993-94 में जिला सहकारी बैंक लि. बस्ती के विभाजन के फलस्वरूप हुआ। जिला सहकारी बैंक लि. सिद्धार्थनगर 'अ' का पंजीकरण दिनांक 24.07.1993 को हुआ था जिसका निबन्धन संख्या 20 है। इस बैंक ने अपना कार्य दिनांक 01.08.1993 से प्रारम्भ किया है। वर्तमान समय में इस बैंक का मुख्यालय सिविल लाइन तेतरी बाजार सिद्धार्थनगर में एक किराये के मकान में स्थित है।[1]

जिला सहकारी बैंक लि. सिद्धार्थनगर 'अ' की शाखा बैंकिंग –

प्राथमिक स्तर पर स्थित सहकारी समितियों में जिला सहकारी बैंक का सम्बन्ध स्थापित करने के लिए ग्रामीण साख सर्वे समिति ने गाँव तथा जिला के मध्य स्तर पर जिला सहकारी बैंक की शाखा खोलने की आवश्यकता पर जोर दिया था, क्योंकि जिला सहकारी बैंक का कार्यालय प्रातः जिला स्तर पर स्थापित होता है किन्तु जहाँ जिला बड़ा और बैंक का व्यवसाय भी बहुत अधिक है वहाँ विकास खण्ड और तहसील केन्द्र एवं अन्य सुविधाजनक स्थानों पर बैंक की शाखाएं खोली जाती है। जिला सहकारी बैंक द्वारा शाखाएँ खोलना वाँछनीय समझा जाता है क्योंकि इनके द्वारा उनकी ऋण प्रार्थना पत्रों को निबटाने, साख वितरित करने और जमाओं के रूप में अधिक कोष प्राप्त करने में सुविधा होती है अतः इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए शाखा विस्तार कार्यक्रम को अपनाया जाता है।[2]

जिला सहकारी बैंक लि. सिद्धार्थनगर 'अ' अपनी कुल 16 शाखाओं के साथ 14 विकासखण्ड एवं 05 तहसीलों में एक साथ कार्यरत है। इनमें 10 शाखाएँ ग्रामीण क्षेत्र में एवं 06 शाखाएँ शहरी क्षेत्र में खोली गयी है। इस प्रकार लगभग 63 प्रतिशत शाखाएँ ग्रामीण क्षेत्र में एवं 37 प्रतिशत शाखाएँ शहरी क्षेत्र में स्थापित है।

जिला सहकारी बैंक लि. सिद्धार्थनगर 'अ' की कुल 16 शाखाओं में से 14 शाखाओं की

*असिस्टेण्ट प्रोफेसर, वाणिज्य संकाय, दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर

स्थापना वर्ष 1963 से लेकर वर्ष 1981 के बीच हुआ है, तथा 02 शाखाएँ क्रमशः बांसी और नौगढ़ जो दोनो ही सांयकालीन शाखा है, जिला सहकारी बैंक लि. सिद्धार्थनगर 'अ' की स्थापना के बाद क्रमशः 01.08.1995 एवं 29.08.1995 को स्थापित हुआ है जिसका विवरण सारणी संख्या 1.1 से स्पष्ट है-[3]

सारणी संख्या 1.1

जिला सहकारी बैंक लि. सिद्धार्थनगर 'अ' की शाखाओं की स्थिति [4]

क्र.सं.	शाखा का नाम	खुलने की तिथि	नगरीय/ग्रामीण
1	नौगढ़	05.01.1963	नगरीय
2	डुमरियागंज	15.05.1970	ग्रामीण
3	बांसी	20.121971	नगरीय
4	इटवा	29.03.1972	ग्रामीण
5	शोहरतगढ़	07.11.1977	नगरीय
6	बर्डपुर	07.11.1977	ग्रामीण
7	खेसरहा	14.10.1978	ग्रामीण
8	उस्का बाजार	22.01.1979	ग्रामीण
9	बढ़नी	22.01.1979	नगरीय
10	पथराबाजार	26.01.1979	ग्रामीण
11	खुनियांव	13.02.1979	ग्रामीण
12	साथा	15.02.1979	ग्रामीण
13	भनवापुर	03.071979	ग्रामीण
14	जोगियां	14.03.1981	ग्रामीण
15	बांसी सांयकालीन शाखा	01.08.1995	नगरीय
16	नौगढ़ सांयकालीन शाखा	29.08.1995	नगरीय

जिला सहकारी बैंक का आकार एवं कार्यक्षेत्र [5]-

एक कुशल तथा आर्थिक इकाई बनने के लिए जिला सहकारी बैंक का एक ऐसा कार्यक्षेत्र होना चाहिए, जो उसे पर्याप्त व्यवसाय करने का अवसर प्रदान कर सके तथा जीवन - योग्यता में

वृद्धि कर सके। साथ ही साथ यह भी आवश्यक है कि उसका कार्यक्षेत्र इतना अधिक विस्तृत न हो कि वह उन प्राथमिक सहकारी समितियों की जिनके लिए इसकी स्थापना की गयी है, पहुँच के बाहर हो। पहले जिला सहकारी बैंको का कार्यक्षेत्र इतना संकुचित एवं सीमित होता था कि आर्थिक इकाईयों के रूप में कार्य करने के रूप में असमर्थ थे।

ग्रामीण साख सर्वे समिति ने यह सुझाव दिया था कि उनके आदर्श एवं अनुकूलतम आकार के लिए यह आवश्यक है कि प्रत्येक जिले में एक जिला सहकारी बैंक हो। आर्थिक या जीवन योग्य इकाईयों से भी अधिक जोर सुदृढ़ता पर दिया गया। एक जिला एक बैंक की नीति का अनुसरण करने की आशा की गयी जिससे बैंक एक सशक्त इकाई बन सके तथा कृषि वित्त के ढाँचे में निचले स्तरों के समितियों के प्रति अपनी जिम्मेदारियाँ अधिक कुशलता के साथ निभा सके। यह मानक जिला सहकारी बैकों की रचना के लिए अन्य मानकों (जैसे- एक न्यूनतम कार्यशील पूँजी होना) की अपेक्षा अधिक स्थायी आधार प्रदान कर सकेगा, क्योंकि न्यूनतम कार्यशील पूँजी का मानक अपनाये जाने की दशा में बैकों के निरन्तर पुनर्गठन की आवश्यकता पड़ेगी।

जिला सहकारी बैंक लि. सिद्धार्थनगर 'अ' की सदस्यता [6] –

जिला सहकारी बैंक लि. सिद्धार्थनगर 'अ' एक मिश्रित स्वरूप वाला बैंक है, जिसमें निम्न प्रकार के सदस्य हो सकते है–

1. **साधारण सदस्य** – जिला सहकारी बैंक लि. सिद्धार्थनगर 'अ' का साधारण सदस्य सहकारी समितियाँ होती है। सहकारी समितियों में केवल साख समितियाँ ही नहीं, बल्कि अन्य समितियाँ जैसे विपणन समितियाँ, कृषि समितियाँ, सहकारी उपभोक्ता भण्डार, बुनकर समितियाँ आदि भी सदस्य होती है। केवल वे ही प्राथमिक समितियाँ इसकी सदस्य बन सकती है, जिनकी रजिस्ट्री बैंक के कार्यक्षेत्र जनपद सिद्धार्थनगर में किया जाता है।

2. **विशेष सदस्य** – इसे सहानिभूतिकर सदस्य भी कहते है। कोई भी व्यक्ति जो बैंक के उद्देश्यों की पूर्ति एवं सदस्य के कल्याण में अपनी अभिरूचि दिखाता हो, विशेष सदस्य बनाया जा सकता है। जिला सहकारी बैंक लि. सिद्धार्थनगर 'अ' का विशेष सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य सरकार होता है।

3. **नाम मात्र सदस्य** – इसे व्यक्तिगत सदस्य भी कहते है। व्यक्तिगत सदस्य प्रायः सार्वजनिक सेवा करने तथा स्थानीय समाज में प्रभाव रखने वाले व्यक्तियों को बनाया जाता है। व्यक्तिगत सदस्य के लिए यह आवश्यक है कि वह जिला सहकारी बैंक लि. सिद्धार्थनगर 'अ' के कार्यक्षेत्र के अंदर ही निवास करता हो। व्यक्तिगत सदस्य को बैंक के लाभ में हिस्सा पाने का अधिकार नहीं होता है।

सदस्य संख्या - बैंक के गठन के समय सदस्यता कुल 207 थी, किन्तु गठन के पश्चात 6 वेतन भोगी सहकारी समितियाँ, एक मत्स्य सहकारी समिति, एक श्रम संविदा सहकारी समिति, एक दुग्ध सहकारी समिति, एक काष्ठकला, एक औद्योगिक तथा एक अर्वन कोआपरेटिव बैंक कुल 12 सदस्यों की वृद्धि होकर वर्तमान में कुल सदस्यता 219 है। जिला सहकारी बैंक लि. सिद्धार्थनगर 'अ' की सदस्यता का विवरण सारणी संख्या 1.2 से स्पष्ट है-

सारणी संख्या 1.2

जिला सहकारी बैंक लि. सिद्धार्थनगर 'अ' की सदस्यता का विवरण [7]

क्र.सं.	सदस्य का नाम	संख्या
1	प्रारम्भिक कृषि साख सहकारी समिति (पैक्स)	135
2	सहकारी संघ	24
3	क्रय विक्रय सहकारी समितियां	04
4	केन्द्रीय उपभोक्ता भण्डार	01
5	वेतनभोगी कर्मचारी सहकारी समितियां	29
6	श्रम संविदा सहकारी समितियां	03
7	अन्य सहकारी समितियां	22
8	राज्य सरकार (विशेष सदस्य)	01
9	नाम मात्र सदस्य (व्यक्तिगत सदस्य)	-
	कुल योग	219

जिला सहकारी बैंक लि. सिद्धार्थनगर की स्थापना के उद्देश्य एवं कार्य [8] :- जिला सहकारी बैंक लि. सिद्धार्थनगर 'अ' की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य सदस्य समितियों की वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना है। वे कृषि साख समितियों को उत्पादन कार्य के लिए, विपणन समितियों को विपणन तथा पूर्ति कार्यों के लिए तथा औद्योगिक एवं अन्य समितियों को उनके कार्यशील व्ययों की पूर्ति करने के लिए वित्त प्रदान करते है वे प्राथमिक समितियों का मुद्रा बाजार से सम्बन्ध स्थापित करने में मध्यस्थता का कार्य करते हैं। वे प्राथमिक समितियों की कार्यशील पूंजी के आधिक्य को स्थानान्तरित करने अथवा उसकी कमी की पूर्ति करनें में संतुलन केन्द्र का भी कार्य करती है।

प्राथमिक समितियों को ऋण देने के अतिरिक्त वे उन्हें कुछ सामान्य बैंकिंग सुविधाएं भी प्रदान करतें है, जैसे जमा धन स्वीकार करना, कोषों का स्थानान्तरण, चेक के धन वसूली आदि। संक्षेप में जिला सहकारी बैंक लि. सिद्धार्थनगर 'अ' की स्थापना निम्नलिखित उद्देश्यों की पूर्ति करने के लिए की गयी है :-

1. प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से इस बैंक की स्थापना किया गया है। क्योंकि प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के वित्तीय साधन संतोषजनक नहीं होते है। अत: उन्हें बाहरी साधनों पर आश्रित रहना पड़ता है। बाहरी साधनों में इस प्रकार के बैंक महत्वपूर्ण हो सकते है।

2. सदस्य समितियों को उचित व सुविधाजनक शर्तों पर ऋण देने के लिए निधियों की आवश्यकता होती है, अत: निधियां एकत्र करने के उद्देश्य से इस बैंक की स्थापना किया गया है।

3. सहकारी आन्दोलन के विकास में सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से भी इन बैंको की स्थापना की गयी है।

4. जिला सहकारी बैंक की स्थापना का मूल उद्देश्य प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में समन्वय स्थापित करना भी है। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के लिए यह आवश्यक है कि नजदीक से देख रेख के लिए उनसे सम्बन्धित कोई संघीय इकाई हो। इन समितियों के समन्वय के लिए जिला सहकारी बैंक लि. सिद्धार्थनगर 'अ' की स्थापना किया गया है।

5. सभी सम्बन्धित महकारी समितियों के निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण की व्यवस्था करना भी जिला सहकारी बैंक लि. सिद्धार्थनगर 'अ' की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य है।

6. जिला सहकारी बैंक लि. सिद्धार्थनगर 'अ' की स्थापना का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य सदस्य समितियों तथा अन्य लोगों में बचत तथा मितव्ययिता की भावना का विकास करना भी है।

7. व्यक्तिगत सदस्यों को सोने, चाँदी अथवा कृषि उत्पाद के धरोहर पर ऋण प्रदान करना, जिला सहकारी बैंक लि. सिद्धार्थनगर 'अ' की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य है।

8. कृषि एवं कृषि पर आधारित उद्योगों एवं कुटीर उद्योगों के विकास के लिए वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराना भी जिला सहकारी बैंक लि. सिद्धार्थनगर 'अ' की स्थापना का मुख्य उद्देश्य रहा है।

कार्य -

जिला सहकारी बैंक जिला स्तर पर कार्य करता है। यह शीर्ष बैंक (उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी बैंक) से ऋण लेकर और जमाएं आकर्षित करके संसाधन एकत्र करता है, अपने निजी संगठन के द्वारा साख स्वीकृत करता, वितरित और वसूली करता है, तथा समस्त जिला के लिए साख नीति एवं कार्यक्रमों का संचालन करता है। जिला सहकारी बैंक प्राय: व्यापारिक बैंक के सभी कार्यों को सम्पन्न करते है। जिला सहकारी बैंक लि. सिद्धार्थनगर 'अ' अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित कार्य करता है [1]-

1. **निक्षेप (जमा) स्वीकार करना** - जिला सहकारी बैंक लि. सिद्धार्थनगर 'अ' का एक महत्वपूर्ण कार्य सदस्यों एवं गैर सदस्यों से रकम जमा करना है। साधारण जनता थोड़ी-थोड़ी रकम बचाती है। वह रकम बैंक में जमा होकर विशाल पूँजी का रूप धारण कर लेती है। इस प्रकार जमा के द्वारा जिस बैंक के साधन अधिक होते हैं, वह बैंक शक्तिशाली माना जाता है। बैंक जनता से रकम निम्न रूपों में स्वीकार करती है।

   (i) **चालू खाता** - इसमें जमा करने वाला अपनी इच्छानुसार कभी भी रूपया जमा कर सकता है अथवा निकाल सकता है। ऐसी जमा पर बैंक साधारणतया कुछ भी ब्याज नहीं देती है, बल्कि बहुत बार तो उसके प्रबन्ध का खर्च ग्राहक से वसूल करती है। परन्तु कभी कभी बहुत कम दर पर ब्याज भी दिया जाता है।

   (ii) **बचत खाता** - यह जमा साधारणतया उन व्यक्तियों के लिए उपयुक्त होती है जो कभी कभी रूपया जमा करना चाहते है और वह भी छोटी छोटी मात्राओं में ऐसी जमा पर स्थायी जमा की अपेक्षा कम ब्याज दिया जाता है।

   (iii) **स्थायी जमा खाता** - ऐसी जमा का अभिप्राय उस जमा से होता है जिनका भुगतान केवल एक निश्चित अवधि के पश्चात हो सकता है। ऐसी जमा पर ब्याज की दर साधारणतया ऊँची होती है। जैसे -

15 दिन से 45 दिन तक	5.75 प्रतिशत वार्षिक
46 दिन से 179 दिन तक	7.00 प्रतिशत वार्षिक
180 दिन से 01 वर्ष तक	7.00 प्रतिशत वार्षिक
01 वर्ष से 02 वर्ष	7.00 प्रतिशत वार्षिक
02 वर्ष से 03 वर्ष	7.00 प्रतिशत वार्षिक
03 वर्ष से अधिक	7.25 प्रतिशत वार्षिक

(iv) **आवर्ती जमा खाता** - जिला सहकारी बैंक अपने ग्राहकों को आवर्ती खाता खोलने की भी सुविधा प्रदान करता है। ऐसे खाते पर ब्याज की दर स्थायी खाते की दर की भांति होती है। यह खाता सामान्यतया 12 महीने से लेकर 10 वर्ष तक के खोले जाते है।

2. **ऋण (उधार) देना** – जिला सहकारी बैंक का दूसरा महत्वपूर्ण कार्य ऋण देना है। बैंक जितनी रकम जमा के रूप में प्राप्त करते हैं उसका अधिकांश भाग ऋण के रूप में दे देते है। ताकि उन्हें अधिक से अधिक आय हो सके और व उस आय में से न केवल बैंक के खर्चे निकाल सके, बल्कि जमा करने वाली रकम पर ब्याज भी चुकाया जा सके। बैंक अपने सदस्य सहकारी समितियों को जमानत अथवा बिना जमानत के अल्पकालीन एवं मध्यकालीन ऋण प्रदान करती है। बैंक कृषि समितियों को उत्पादन कार्यों के लिए, विपणन समितियों को विपणन एवं सप्लाई सम्बन्धी क्रियाओं के लिए, औद्योगिक एवं अन्य समितियों को उनके कार्यशील व्ययों को पूरा करने के लिए ऋण देते हैं। बैंक द्वारा प्राय: निम्न को जमानत के रूप में रखकर ऋण प्रदान किया जाता है। (क) बैंक में जमा की गयी अमानतों की रसीदें, (ख) सोने, चाँदी के गहने या सिक्के, (ग) कृषि पैदावार, (घ) पोस्ट आफिस, जीवन बीमा निगम की बीमा पत्र, (ङ) राजकीय कर्मचारियों के वेतन, बिल, (च) इण्डियन ट्रस्ट अधिनियम 1882 की धारा 20 में निर्दिष्ट किसी भी प्रकार की प्रतिभूति (छ) ऐसी जमानतें जिसे निबन्धक स्वीकार करे।

3. **सन्तुलन केन्द्र के रूप में कार्य करना** - जिला सहकारी बैंक, सहकारी समितियों के सन्तुलन केन्द्र के रूप में कार्य करते है। जिन समितियों के पास अधिक मात्रा में धन होता है, उसे जमा करते है और जिनको आवश्यकता होती है, उन्हें ऋण प्रदान करते हैं। इस प्रकार बैंक दोनों प्रकार की समितियों के बीच सन्तुलन केन्द्र के रूप में कार्य करते है।

4. **पर्यवेक्षण तथा मार्गदर्शन** - जिला सहकारी बैंक समय-समय पर प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के कार्य संचालन का निरीक्षण करता है, तथा उन्हें मार्गदर्शन में सहायता देता है।

5. **सामान्य बैंकिंग कार्य करना** - जिला सहकारी बैंक सामान्य बैकिंग कार्य भी सम्पन्न करते है जैसे -

(i) अपने सदस्यों एवं ग्राहकों के लिए लाकर्स की व्यवस्था करना।

(ii) समय-समय पर सहकारी समितियों के सम्मेलनों का आयोजन करके लोगों को सहकारिता के बारे में शिक्षा देना।

(iii) सदस्यों एवं गैर सदस्यों की आरे से बिलो, ड्राफ्टों, चेकों और अन्य निर्वाहन पत्रों आदि का संग्रह करना।

(iv) प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को अपने रक्षित कोषों के सुरक्षित विनियोग की सुविधा प्रदान करना।

(v) ग्रामीण एवं शहरी क्षत्रों में बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार करना।

(vi) सदस्यों में बचत एवं मितव्ययिता की भावना का विकास करना।

(vii) यदि किसी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति के प्रबन्ध को निष्प्रभावी या निलम्बित कर दिया गया हो तो उस समिति के कार्य को संचालित करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करना।

(viii) बैंक अपने ग्राहकों को क्रेडिट कार्ड की सुविधा प्रदान करता है।

(ix) बैंक द्वारा अपने ग्राहकों की सुविधा के लिए एक स्थान से दूसरे स्थान पर रकम भेजने की व्यवस्था करना।

(x) बैंक सहकारी एवं अर्द्ध सहकारी समितियों को उपभोक्ता साख भी प्रदान करता है।

सन्दर्भ सूची –

1. वार्षिक प्रतिवेदन जिला सहकारी बैंक लि. सिद्धार्थनगर 'अ' 1994, पृष्ठ 01 ।
2. मामोरिया, डॉ. चतुर्भज एवं जैन, एस.सी. – भारतीय अर्थव्यवस्था नई दिल्ली, 2001 पृष्ठ 455-459।
3. वार्षिक प्रतिवेदन जिला सहकारी बैंक लि. सिद्धार्थनगर 'अ' 1997, पृष्ठ 08 ।
4. वार्षिक प्रतिवेदन जिला सहकारी बैंक लि. सिद्धार्थनगर 'अ' 1997, पृष्ठ 10-11 ।
5. माथुर, डॉ. बी.एस., भारत में सहकारिता 2001, पृष्ठ 220।
6. जिला सहकारी बैंक एवं समितियों से सम्बन्धित भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड निबन्धक सहकारी समितियां एवं यू.पी. कोआपरेटिव बैंक द्वारा जारी किये गये नितिगत महत्वपूर्ण परिपत्रों से सम्बन्धित मैनुअल, उ.प्र. कोआपरेटिक बैंक लखनऊ, 2000, पृष्ठ 32-46
7. प्रधान कार्यालय, जिला सहकारी बैंक लि. सिद्धार्थनगर 'अ' द्वारा प्राप्त।
8. बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मौखिक रूप से पूछताछ से प्राप्त।
9. इन्दूले, सी.बी., कोआपरेटिव बैंकिंग इन इण्डिया, 1990, पृष्ठ 174-178।

बाल श्रम- दशा एवं दिशा

समीर कुमार पाण्डेय*

बालश्रम बाल उत्पीड़न का ही एक प्रकार है। परिवार की कम आमदनी, निचला जीवन स्तर, बड़ा परिवार तथा परिवार की उपेक्षा के कारण कम आयु का बालक श्रमिक की अवस्था में आ जाता है। बाल श्रमिक शोषित, जोखिमपूर्ण कामों को असुरक्षित तथा बहुत कम वेतन में अधिक काम करके गुजारा करते हैं। आज के परिवेश में मजदूरों को बहुत ही सुविधायें प्राप्त हैं। उनके कामों के घंटे निर्धारित हैं। इस स्थिति में आने के लिये मजदूरों ने लम्बा संघर्ष किया है। एक मई अर्थात् मजदूर दिवस इसका प्रतीक है। परन्तु इन सबके बीच मजदूरों का एक श्रेणी आज भी शोषित हो रहा है उस वार्ता का नाम है- बाल मजदूर। जो बच्चे आतिशबाजी उद्योग, काँच के कारखानों, चाय बागानों में पत्तियाँ तोड़ने वाले बाल श्रमिक, होटलों तथा ढाबों पर जूठे वर्तन मांजने वाले, कालीन उद्योगों में आंखे गँवाने वाले बाल श्रमिक हमारे समाज पर प्रश्न चिह्न लगाते हैं। इसके लिये अनेक समितियाँ आदि भी गठित की गयी, रिपोर्ट प्रस्तुत की गई परन्तु नतीजा न के बराबर ही रहा।

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार अपने शारीरिक एवं मानसिक विकास को अवरुद्ध कर चौदह वर्ष या इससे कम अवस्था में ही वयस्कों के समान कार्य करने एवं उन्हीं के समान जीवन व्यतीत करने वालों को बालश्रमिक कहा जाता है।

बाल श्रम दो प्रकार का होता है एक तो बालक घर या बाहर अपने पारिवारिक वातावरण में धंधों में काम करते हुये सीखता है परन्तु ऐसा करने से उसकी शिक्षा, मनोरंजन एवं खेलकूद में कोई समस्या नहीं होती। दूसरा परिवार की आर्थिक समस्या को ध्यान में रखकर उनको कार्य में संलग्न किया जाता है जहाँ उनके शारीरिक, मानसिक, स्वास्थ्य, मनोरंजन का ध्यान नहीं दिया जाता। वास्तविक बाल श्रमिक यही है।

यूनिसेफ के अनुसार दिल्ली में लगभग 3 लाख बच्चे प्रतिदिन लगभग 12 से 15 घंटे तक परिश्रम करते हैं तथा पारिश्रमिक बहुत कम पाते हैं। हजारों बच्चों को रात में सोने के लिये आश्रय नहीं होते। किन्तु परिवार की जीविका के लिये वे प्रयासरत रहते हैं। विभिन्न कारखानों में काम करने

*असिस्टेण्ट प्रोफेसर, दूर शिक्षा निदेशालय, महात्मा गाँधी अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय, वर्धा, महाराष्ट्र

वाले बालश्रमिक लगभग 20 से 25 वर्ष की आयु में किसी न किसी बीमारी से ग्रसित हो जाते हैं जिसके लिये निरन्तर कार्य करना, कुपोषण, अधिक गर्मी में काम करना, धूल, कांच आदि के कणों का फेफड़ों में जम जाना, जानलेवा रसायनों के सम्पर्क में रहना आदि कारण जिम्मेदार हैं।

बाल मजदूरी के विरोध एवं जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 12 जून को बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने जागरूकता पैदा करने के लिए 2002 में विश्व बालश्रम विरोधी दिवस के रूप में मनाना आरंभ किया। 10 अक्टूबर 2006 तक बालश्रम को इस दुविधा में रखा गया कि किसे खतरनाक और किसे गैर खतरनाक बालश्रम की श्रेणी में रखा जाय। उसके बाद अधिनियम 1986 में संशोधन कर ढाबों, घरों, होटलों में बालश्रम को दंडनीय अपराध की श्रेणी में रखा गया। 1979 में सरकार द्वारा बाल मजदूरी को समाप्त के समाधान के रूप में गुरुपाद स्वामी समिति का गठन किया गया। उसके बाद बालश्रम से जुड़ी सभी समस्याओं के अध्ययन के बाद गुरुपाद स्वामी समिति द्वारा सिफारिश प्रस्तुत की गयी जिसमें मुख्य कारण गरीबी बताया गया तथा ये सुझाव दिया गया कि जोखिम वाले क्षेत्रों में बाल मजदूरी पर प्रतिबंध लगाया जाय। समिति द्वारा बाल मजदूरी करने वाले बच्चों की समस्याओं के निराकरण के लिए बहुआयामी नीति की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। 1986 में समिति के सिफारिश के आधार पर बाल मजदूरी प्रतिबंध विनियमन अधिनियम अस्तित्व में आया जिसमें विशेष खतरनाक व्यवसाय व प्रक्रिया के बच्चों के रोजगार एवं अन्य वर्ग के लिए कार्य की शर्तों का निर्धारण किया गया। इसके बाद 1987 में बाल मजदूरी के लिये विशेष नीति बनाई गयी। जिसमें जोखिम भरे व्यवसाय एवं प्रक्रियाओं में लिप्त बच्चों के पुर्नवास पर ध्यान देने की आवश्यकता पर बाल दिया गया। इसके लिये एक अंतर्राष्ट्रीय प्रयास अक्टूबर 1990 के न्यूयार्क में एक विश्व शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें 151 राष्ट्रों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिसमें गरीबी, कुपोषण, भुखमरी के शिकार दुनियाभर के करोड़ों बच्चों की समस्याओं पर विचार किया गया।

भारतीय संविधान में मौलिक अधिकारों और नीति निर्देशों के अनुसार-

1. धारा 24- 14 साल से कम उम्र का कोई भी बच्चा किसी फैक्ट्री या खदान में कार्य करने के लिये नियुक्त नहीं किया जायेगा और न ही किसी खतरनाक नियोजन में नियुक्त किया जायेगा।

2. धारा 39 ई- राज्य अपनी नीतियों को इस प्रकार निर्धारित करे कि श्रमिकों, पुरुषों और महिलाओं का स्वास्थ्य तथा उनकी क्षमता सुरक्षित रह सके। बच्चों को कम उम्र में शोषण न हो, न ही वे अपनी उम्र और शक्ति के प्रतिकूल, आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये प्रवेश करें।

3. संविधान लागू होने के 10 वर्ष के भीतर राज्य 14 वर्ष तक की अवस्था के सभी बच्चों

को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा देने का प्रयास करेंगे। (धारा 45)

बाल श्रम के लिये कानून-

1. बाल श्रम निषेध अधिनियम कानून 1986-इस कानून के अनुसार 14 अवस्था से कम उम्र के जीवन और स्वास्थ्य के लिए अहितकर पेशे और 57 प्रक्रियाओं में, नियोजन को निषिद्ध बनाया गया है। ये सभी पेशे और प्रक्रियाएं कानून की सूची में दिए गये हैं।

2. फैक्ट्री कानून 1948- यह कानून 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों के नियोजन को निषिद्ध करता है। इसके अनुसार 15 से 18 वर्ष तक के किशोर किसी भी फैक्ट्री में तभी नियुक्त किये जा सकते हैं जब उनके पास किसी अधिकृत चिकित्सिक का फिटनेस प्रमाण पत्र हो। इसके साथ ही इस कानून में 14 से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिये प्रत्येक दिन साढ़े चार घंटे की कार्य अवधि रखने के साथ ही रात के समय उनके कार्य पर प्रतिबंध लगाया गया है।

3. भारत में बालश्रम के खिलाफ कार्यवाही में महत्वपूर्ण न्यायिक हस्तक्षेप 1996 में उच्चतम न्यायालय के उस निर्णय से आया, जिसमें संघीय और राज्य सरकारों को खतरनाक प्रक्रियाओं और पेशों में काम करने वाले बच्चों की पहचान करने, उन्हें काम से हटाने और उन्हें गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया गया था।

आज विश्व में जितने बाल श्रमिक हैं उनमें सबसे अधिक भारत देश में है। एक अनुमान के अनुसार विश्व के बालश्रमिकों का एक तिहाई से अधिक भाग भारत में है तथा एक अनुमान के अनुसार भारत के 50 प्रतिशत बच्चे अपने बचपन के अधिकारों से वंचित हैं। न उनके पास शिक्षा है न ही उचित पोषण। बच्चे अपनी अवस्था के अनुसार कठिन कार्य गरीबी के कारण करते हैं। गरीबी ही बाल श्रम का मुख्य कारण है। इसके अतिरिक्त बढ़ती जनसंख्या, सस्ती मजदूरी, शिक्षा का न होना एवं वर्तमान कानूनों का सही क्रियान्वयन न होना भी कारण है।

आर्थिक कठिनाइयों के कारण माता-पिता थोड़े ही पैसों के लिए अपने बच्चों को ठेकेदारों या अन्य के हाथ बेच देते हैं जो उन्हें कहीं पर भी जैसे ढाबों, कारखानों, घरों आदि स्थानों पर काम में लगा देते हैं। जहाँ उनको कम खाना, पर्याप्त न सोने देना, लगातार काम करवाना आदि ढंग से शोषण होता है। यही उनका जीवन हो जाता है। उनसे वेल्डिंग करवाना, ताले बनवाना, पीतल आदि का कार्य करवाना, काँच का काम, हीरा उद्योग, कोयले की खान, सीमेंट उद्योग, बीड़ी बनवाना, आदि खतरनाक कार्य भी करवाये जाते हैं। जिससे उन्हें गंभीर बीमारी जैसे टी.बी., कैंसर आदि होने की संभावना होती है।

छोटे हाथों में बीड़ी, पटाखे, माचिस, ईंटें, जूते यही सब दिखाई पड़ते हैं। कालीन बुनवायी जाती है, कढ़ाई करवायी जाती है, रेशमी वस्त्र बनवाये जाते हैं तथा सबसे चौकाने वाली बात यह

है कि रेशम के धागे खराब न हो, इसी उद्देश्य से बच्चों से ही काम कराया जाता है। ''फाइंडिंग ऑन द फार्म्स ऑफ चाइल्ड लेबर' नाम की एक रिपोर्ट ने ऐसा खुलासा किया था। एशिया तथा अफ्रीका के कई देशों में यह स्थिति अत्यंत भयावह है। भारत के अतिरिक्त बांग्लादेश, फिलीपीन्स भी इसमें सम्मिलित हैं। फिलीपीन्स में बच्चों से केला, नारियल, तंबाकू उगाने आदि खेतिहर कामों को करवाया जाता है। वर्ष 1996 में उच्चतम न्यायालय ने बाल श्रम पुनर्वास कल्याण कोष की स्थापना का निर्देश दिया था, जिसमें नियोजित करने वाले व्यक्ति कोष में जमा करवाने का प्रावधान है। इसी वर्ष न्यायालय द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण में सुधार के भी निर्देश दिये गये। बालक अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम 2005 में बालकों के अधिकारों के संरक्षण के लिए एक राष्ट्रीय आयोग तथा राज्यों में गठन का प्रावधान किया गया। वर्ष 2006 में भारत सरकार ने बालकों को घरेलू नौकर के रूप में काम करने या होटलों दुकान आदि के नियोजन पर रोक लगा दी। सफलता कितनी मिली विचारणीय प्रश्न है।

भारत सरकार एवं संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के श्रम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से वित्त पोषित 2009 में पाँच राज्यों मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, उ.प्र. तथा दिल्ली के 21 जिलों को आवृत किया तथा एनसीएएलपी और सर्वशिक्षा अभियान के करीबी सहयोग से संचालित किया गया। इस परियोजना ने लक्ष्य जिलों में काम करने वाले बच्चों की पहचान की, उन्हें खतरनाक कार्यो से छुड़वाया। उन किशारों को व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा आय के लिये विकल्प प्रदान किया गया। आंध्रप्रदेश राज्य-आधारित परियोजना 2000 में ब्रिटेन के अंतर्राष्ट्रीय विकास विभाग द्वारा वित्त पोषित परियोजना को, बाल श्रम की समस्या के निवारण के लिए राज्य एजेंसियों, नियोक्ताओं और मजदूर संगठनों तथा नागरिक समाज को सम्मिलित करते हुए अभिनव मॉडल बनाने के उद्देश्य से प्रवर्तित किया गया था। राज्य सरकार द्वारा पहले से ही इसके शहरी मॉडल की प्रतिकृति बनाई गई है। इस परियोजना ने राज्य सरकार को बालश्रम उन्मूलन की अपनी कार्य-योजना विकसित करने और राज्य संसाधन केन्द्र के स्थापित और वित्त पोषित करने के लिए भी सहायता प्रदान की है। इतालवी सरकार द्वारा वित्त पोषित कर्नाटक राज्य आधारित परियोजना, चामराजनगर तथा वीटर जिलों में क्रियाशील है तथा इसमें जागरूकता बढ़ज्ञने और शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण एवं स्व-रोजगार को बढ़ावा देने के माध्यम से आय जनित करने के घटक शामिल हैं।

केवल नियम या कानून बना देने से कियी समस्या का समाधान नहीं हो जाता। किसी भी कानून को बनाने से पहले उस देश की स्थिति, आर्थिक दशा को ध्यान देना चाहिए। बालश्रम को रोकने के लिये सबसे पहले देश में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने होंगे जिससे वयस्क अपने परिवार की जिम्मेदारी बिना किसी कठिनाई के उठा सकें ताकि परिवार की गरीबी दूर हो तथा बालक बाल श्रम की ओर उन्मुख न हो। शिक्षा का प्रसार होना चाहिये जिससे कि अशिक्षित लोग बाल श्रम

की तरफदारी न करें। कानून के प्रावधान कड़े होने चाहिये तथा उनको अक्षरशः लागू करना चाहिये कानून तोड़ने वाले (जो बाल श्रम करवाते हैं) उन्हें कड़ी से कड़ी सजा मिले ताकि वे अपने यहाँ बाल श्रम न करवा सकें। बाल श्रम के विरोध में जनजागरूकता अभियान चलाना होगा जिससे लोगों के अवचेतन में यह बात आये कि बालश्रम देश के भविष्य के लिये अत्यन्त हानिकारक है। आम जनमानम को भी प्रण लेना होगा कि वह जहाँ कहीं भी बालश्रम हो रहा होगा वह उनका बहिष्कार करेगा तथा उनका विरोध करेगा। बालश्रम की समस्या के समाधान को अपना नैतिक दायित्व समझना होगा।

